गुरुवार
13 जून 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




बक्सर सांसद सुधाकर सिंह का दावा... 8 से 12 माह में गिर जाएगी एनडीए सरकार

2



### ओडिशा में पहली बार भाजपा की सरकार, विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 78 सीटें जीतकर हासिल किया है बहुमत

## सत्ता परिवर्तन... मोहन चरण माझी के हाथ ओडिशा की बागडोर

- बीजेपी विधायक दल के नेता चुने गए मोहन चरण माझी ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ
- राज्यपाल रघुवर दास ने दिलाई शपथ, समारोह में केवी सिंह देव और पार्वती परीदा ने ली डिप्टी सीएम के तौर पर शपथ
- राज्य में 25 साल के लंबे इंतजार के बाद हुआ है परिर्वतन
- पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह व अन्य नेता हुए शामिल



**एजेंसी/भुवनेश्वर**

एक दिन पहले बीजेपी विधायक दल के नेता चुने गए मोहन माझी ओडिशा के नए मुख्यमंत्री बन गए हैं। मोहन माझी ने एक बड़े समारोह में मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की। उन्हें राज्यपाल रघुवर दास ने शपथ दिलाई। बीजेपी ने पहली बार ओडिशा में अपने बूते पर जीत हासिल करते हुए बहुमत हासिल किया है। राज्य में मोहन माझी की सरकार में दो डिप्टी सीएम भी होंगे। शपथ ग्रहण समारोह में केवी सिंह देव और पार्वती परीदा ने डिप्टी सीएम के तौर पर शपथ ग्रहण की। ओडिशा विधानसभा चुनावों में बीजेपी ने 78 सीटें जीतकर अपने बूते पर बहुमत हासिल किया है। राज्य में 25 साल के लंबे इंतजार के बाद परिर्वतन हुआ है। इसके बाद नवीन पटनायक की विदाई हुई है। अभी इतने सालों तक बीजेडी सत्ता में थी। शपथ समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भुवनेश्वर पहुंचे। एयरपोर्ट पर ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास और स्वयं मोहन चरण माझी ने पीएम मोदी का स्वागत किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ और गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल भी शपथ समारोह में मौजूद रहें। पूर्व सीएम नवीन पटनायक भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

### मंत्रिमंडल में 11 कैबिनेट मंत्री और 5 राज्यमंत्री

शपथ लेने के बाद मोहन माझी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आशीर्वाद भी लिया। माझी मंत्रिमंडल में 11 कैबिनेट मंत्री और 5 राज्यमंत्री को शामिल किया गया है। सभी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। सीएम पद के दावेदारों में शामिल सुरेश पुजारी और मुकेश महालिंग को माझी मंत्रिमंडल में जगह मिली है। इसके अलावा नित्यानंद गोंड़, रबि नारायण नाइक, कृष्ण चंद्र पात्रा, पृथ्वीराज हरिचंदन, बिभूति भूषण जेना कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। गणेश राम सिंह, संपन स्वेन, सूर्यबंशी सूराज, प्रदीप बालासमंता, गोकुलानंद मलिक राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाए गए हैं।

### सरस्वती शिशु मंदिर में बत्तौर शिक्षक दे चुके हैं सेवा

मोहन चरण माझी पहली बार 2000 में क्योंझर से ओडिशा विधानसभा के लिए चुने गए थे। इसके बाद 2004, 2019 और 2024 में भी क्योंझर सीट से जीते। सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षक रहे माझी ने अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत 1997 में की थी। वह 1997 से लेकर 2000 तक सरपंच रहे। वर्ष 2000 में उन्हें पार्टी ने क्योंझर से उतारा और पहली बार में उन्होंने जीत हासिल कर ली। आरएसएस से जुड़े माझी 2005 में बीजेपी विधायक दल के सचेतक बने। उन्हें संगठन में राज्य आदिवासी मोर्चा का सचिव बनाया गया। पिछली विधानसभा में मोहन माझी पार्टी के सचेतक रहे और सरकार के खिलाफ मुखर रहे। 2024 के ओडिशा विधानसभा चुनाव में उन्होंने बीजेडी की मीना माझी को हराकर चौथी बार जीत दर्ज की। विधानसभा चुनाव में 78 विधायकों की जीत के साथ बीजेपी को पहली बार बहुमत मिला है। माझी सरकार को तीन निर्दलीय विधायकों का समर्थन भी हासिल है।

**घोटाला उजागर करने के लिए विस अध्यक्ष पर माझी ने फेंक दी थी दाल:** 2023 में माझी तब सुर्खियों में आए थे जब उन्होंने 700 करोड़ रुपये के मिड डे मील घोटाले को उजागर करने के लिए अनूठे तरीके से विधानसभा में विरोध किया था। माझी ने तब एक कटोरी बिना पकी दाल स्पीकर की तरफ उछाल दी थी।

### ओडिशा की अस्मिता और भरोसे का होगा सम्मान

मंगलवार को विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद माझी निवर्तमान मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से मिले थे। सीएम चुने जाने के बाद माझी ने कहा कि भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद से बीजेपी ने ओडिशा में बहुमत हासिल किया और राज्य में सरकार बनाने जा रही है। मैं बदलाव के लिए राज्य के 4.5 करोड़ लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि बीजेपी ओडिशा की अस्मिता और लोगों के भरोसे का सम्मान करेगी। माझी के साथ के. वी. सिंहदेव और प्रभाती परिदा भी डिप्टी सीएम के तौर पर काम करेंगी।

### सरपंच के रूप में शुरू किया था सियासी सफर

मोहन चरण माझी का जन्म 1972 में ओडिशा में हुआ था। उनके पिता का नाम गुनाराम माझी है। उनकी शादी डॉ. प्रियंका मरांडी से हुई है और उनके दो बेटे हैं। मोहन चरण माझी ने अपना सियासी करियर एक सरपंच के रूप में शुरू किया था। उन्होंने यह जिम्मेदारी 1997 से 2000 के बीच संभाली। 1997 में उन्हें भाजपा ओडिशा आदिवासी मोर्चा के सचिव की जिम्मेदारी मिली। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर युबज्योति क्लब, रायकला के अध्यक्ष, बाबा धबलेश्वर महादेव मंदिर समिति, रायकला के सदस्य और भाजपा ओडिशा एसटी मोर्चा के महासचिव भी रहे।

## इंफाल में तैनात डॉक्टर के घर पर ग्रेनेड से हमला, कोई हताहत नहीं

**एजेंसी/इंफाल**

मणिपुर में तनाव के बीच लगातार हिंसात्मक घटनाएं हो रही है। अभी मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के काफिले पर हमले की जांच पूरी नहीं हुई कि पूर्वी इंफाल जिले के पोरोम्पैट में एक घर पर हमलावरों मे ग्रेनेड से हमला कर दिया है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार देर शाम हुए इस हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बता दें कि जवाहरलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (जेएनआईएमएस अस्पताल) में न्यूरोसर्जन डॉ. एम अमित कुमार के घर पर अज्ञात हमलावरों ने हमला किया है।

पुलिस के मुताबिक हमलावरों ने जेएनआईएमएस अस्पताल के न्यूरोसर्जन डॉ. एम अमित कुमार के किराए के आवास पर दो हथगोले फेंके। जिसमें एक ग्रेनेड फट गया, इस दौरान घर के सामने खड़ी कार में आग लग गई, जबकि हमलावरों का फेंका गया दूसरा ग्रेनेड नहीं फटा। वहीं वारदात की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूरे इलाके में घेराबंदी की और बिना विस्फोट वाले ग्रेनेड को बम स्क्वाड बुलाकर निष्क्रिय कराया। पुलिस के मुताबिक इस हमले के पीछे के कारणों का पता नहीं चल पाया है। किसी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## चंद्रबाबू नायडू चौथी बार बने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री, पवन कल्याण डिप्टी सीएम

- नायडू मंत्रिमंडल में तेलगूदेशम के 21, जनसेना पार्टी के 3 व बीजेपी के 1 मंत्री बनाए गए हैं
- चंद्रबाबू की सरकार में उनके बेटे नारा लोकेश भी कैबिनेट मंत्री बनाए गए हैं



**एजेंसी/अमरावती**

आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू ने चौथी बार सीएम पद की शपथ ली। विजयवाड़ा के केसरपल्ली आईटी पार्क में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जे पी नड्डा, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, तेलंगाना बीजेपी के नेता जी.किशन रेड्डी, पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वैंकेया नायडू , नितिन गडकरी, अनुप्रिया पटेल और महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे के अलावा एक्टर चिरंजीव, रजनीकांत शामिल हुए। चंद्रबाबू नायडू ने सबसे पहले पद और गोपनीयता की शपथ ली। इसके बाद जनसेना पार्टी के नेता पवन कल्याण ने शपथ ली। पवन कल्याण आंध्र के डिप्टी सीएम बनाए गए हैं। नायडू मंत्रिमंडल में तेलगूदेशम के 21, जनसेना पार्टी के 3 और बीजेपी के एक मंत्री बनाए गए हैं। चंद्रबाबू की सरकार में उनके बेटे नारा लोकेश भी कैबिनेट मंत्री बनाए गए हैं। 2019 में आंध्र में बुरी पराजय के बाद सत्ता गंवाने वाले चंद्रबाबू नायडू की कसम भी पूरी हो गई। 52 दिनों तक जेल में रहने के बाद उन्होंने बहुमत मिलने के बाद ही विधानसभा में दोबारा जाने की शपथ ली थी। 74 साल के इस नेता ने चुनाव के दौरान लोगों से मार्मिक अपील की और इसे अपना अंतिम चुनाव बताया था। 2024 के लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में तेलगूदेशम पार्टी (टीडीपी) को भारी बहुमत मिला। विधानसभा में तेलगूदेशम पार्टी ने 135 और जनसेना पार्टी ने 21 सीट जीतकर इतिहास रच दिया।

### कांग्रेस से शुरू की राजनीति, फिर बने तेलगूदेशम के मुखिया

कांग्रेस से अपनी राजनीति शुरू करने वाले एन. चंद्रबाबू नायडू ने कई उतार-चढ़ाव देखे। किस्मत ऐसी रही कि 28 साल की उम्र में पहली बार विधायक बनने के बाद ही उन्हें टी अंजैया के मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री बने। विधायक बनने के बाद उन्होंने तेलगूदेशम पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष एन टी रामाराव की बेटी भुवनेश्वरी से विवाह किया। पहली बार उन्होंने 1983 में पलटी मारी, चुनाव में हार के बाद कांग्रेस छोड़कर टीडीपी में शामिल हो गए। जल्द ही वह एनटीआर के भरोसेमंद बन गए। 1995 में चंद्रबाबू नायडू ने एनटीआर का तख्तापलट किया और पार्टी की कमान संभाल ली। वह 45 साल की उम्र में पहली बार मुख्यमंत्री बने। 1989 में चुनाव में टीडीपी हार गई और उन्हें विपक्ष में बैठना पड़ा। 1999 में चंद्रबाबू एनडीए में शामिल हुए और पार्टी को 294 में से 180 सीटें जीताकर दूसरी बार आंध्रप्रदेश के सीएम बने। 2004 से 2014 तक आंध्र में कांग्रेस के वाई राजशेखर रेड्डी का जलवा कायम रहा। करीब 10 साल तक एन. चंद्रबाबू नायडू विपक्ष में ही रहे। 2014 में आंध्र प्रदेश के बंटवारे के बाद नए सिरे से चुनाव हुए और टीडीपी को बहुमत मिला। तब नायडु ने तीसरी बार सीएम पद की शपथ ली। अपने कैरियर में चंद्रबाबू नायडू किंगमेकर भी रहे।

## कुवैत की एक इमारत में लगी भीषण आग, 40 भारतीयों की मौत

**एजेंसी/नई दिल्ली**



खाड़ी देश कुवैत की एक इमारत में आग लग गई है। हादसे में करीब 41 लोगों की मौत हो गई। बताया गया है कि कुवैत के मंगफ इलाके में एक छह मंजिला इमारत की रसोई में आग भड़की और इसके बाद पूरी इमारत आग की चपेट में आ गई। इसके बाद इमारत में भगदड़ मच गई। इस भगदड़ और धुंए के बीच 41 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा इस हादसे में 40 से अधिक लोगों के घायल होने की भी खबर है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, हताहतों में केरल, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश जैसे अन्य भारतीय राज्यों के लोग भी शामिल हैं। आईसीयू में रखे गए 35 में से सात की हालत गंभीर बताई जा रही है। पांच लोग वेंटिलेटर पर हैं। बताया जा रहा है कि हादसे में 40 से ज्यादा भारतीयों की मौत हो गई है। आग में मारे गए अन्य भारतीयों में रंजीत, शिबू वर्गीज, थॉमस जोसेफ, प्रवीण माधव, लुकोस वडक्कोट्ट उन्नूनी, भूनाथ रिचर्ड रॉय आनंद, केलू पोनमलेरी, स्टीफन अब्राहम साबू, अनिल गिरी, मुहम्मद शरीफ, साजू वर्गीज, द्वारिकेश पटनायक, पी वी मुरलीधरन, विश्वास कृष्णन, अरुण बाबू, साजन जॉर्ज, रेमंड, जीसस लोपेज, आकाश शशिधरन नायर और डेनी बेबी करुणाकरण शामिल हैं। बताया गया है कि बुधवार सुबह 4.30 बजे इमारत में स्थित रसोई में आग लग गई थी। लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया। जो लोग आग की लपटें देखकर इमारत से बाहर निकले, उनमें से कुछ लोगों की मौत हो गई।

### भारतीय दूतावास ने किया ट्वीट

कुवैत में भारत के दूतावास ने बताया है कि भारतीय कामगारों के साथ हुई दुखद दुर्घटना के संबंध में एक आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। ये नंबर है- +965-65505246। सभी संबंधित लोगों से अपडेट के लिए इस हेल्पलाइन से जुड़ने का अनुरोध है।

### कुवैत भेजे गए विदेश राज्य मंत्री

विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह को आग त्रासदी में घायल हुए लोगों की सहायता की निगरानी करने तथा इस घटना में मारे गए लोगों के पार्थिव शरीरों को शीघ्र वापस लाने के लिए स्थानीय प्राधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए तत्काल कुवैत भेजा गया है।

### योगी सरकार ने लक्ष्य बनाकर बजट का सदुपयोग सुनिश्चित करने के लिए दिया निर्देश

## पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग में जल्द शुरू होगी भर्ती प्रक्रिया

**केटी न्यूज/लखनऊ**



योगी सरकार प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग में रिक्त पदों पर जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। इसके लिए सरकार की ओर से विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इसके अलावा विभाग में पदोन्नति के लम्बित पदों पर यथाशीघ्र पदोन्नतियां करने के निर्देश भी दिये गये हैं। बता दें कि पशुधन विभाग में पशु चिकित्सा सेवा के 424 तथा पशुधन प्रसार अधिकारी के 1083 पद रिक्त हैं। दुग्ध विकास विभाग में मुख्य दुग्धशाला विकास अधिकारी के 2, दुग्धशाला विकास अधिकारी के 3, वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक के 26 तथा राजकीय दुग्ध परिवेक्षक के 209 पद रिक्त हैं। सरकार इसके अलावा विभाग में आवश्यता अनुरूप समूह घ के पदों पर आउटसोर्स के माध्यम से भी कार्य लेगी।

सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बुधवार को रिक्तियो एवं विभागीय बजट की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय बजट की समीक्षा करते हुए कहा कि योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि यथाशीघ्र जारी की जाए और लक्ष्य बनाकर बजट का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए। सरकार की ओर से इस बात के भी निर्देश दिये गये हैं कि गोसंरक्षण केन्द्रों की स्थापना के लिए धनराशि एवं जिला योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि को शीघ्र अवमुक्त किया जाए।

### लापरवाही बरतने वालों का भुगतान रोका जाए

वहीं योगी सरकार ने अब प्रदेश में संचालित मोबाईल वेटेनरी यूनिट के संचालन में मिल रही शिकायतों पर भी गंभीर रुख अख्तियार कर लिया है। सरकार की ओर से विभागीय अफसरों को स्पष्ट निर्देश हैं की ऐसे मामलों की तत्काल जांच कर प्रभावी कार्रवाई की जाए और लापरवाही बरतने पर कार्यदाई संस्थाओं का भुगतान रोक दिया जाए। इसके अलावा कृत्रिम गभार्धान कार्यक्रम, राज्य पशुधन प्रक्षेत्र, चारा विकास कार्यक्रम एवं पशुधन बीमा योजना पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिये गये हैं। बता दें कि यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के सीएम योगी के लक्ष्य में पशुधन एवं दुग्ध उत्पादन का प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है।






CMYK

# सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज इलाके में ट्रक और ऑटो की टक्कर में चार लोगों की मौत

**केटी न्यूज/पटना**

सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज थाना इलाके में एनएच 327 ई मुख्य मार्ग में एक ऑटो और ट्रक में जबरदस्त टक्कर हो गई। घटना में ऑटो में सवार छह में से चार लोगों की मौत हो गई। वहीं दो घायलों का अब इलाज जारी है। मरने वाले में एक ऑटो ड्राइवर और दो महिलाएं शामिल हैं। घायलों में एक महिला और पुरुष शामिल हैं, जिनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। इधर, घटना के बाद ट्रक चालक गाड़ी छोड़ कर मौके से फरार हो गया है। त्रिवेणीगंज थानाध्यक्ष राम सेवक रावत ने बताया कि सड़क



हादसे में चार लोगों की मौत हुई है, जिसमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। सभी के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सुपौल भेजा गया है। वहीं ट्रक और ऑटो को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## दो महिला समेत चार की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

मरने वालों की पहचान वेणीगंज थाना अंतर्गत महेशवा पंचायत के गजहर वार्ड 04 निवासी 55 वर्षीय गोविंद पासवान, महेशवा पंचायत बेला वार्ड 09 निवासी 55 वर्षीय सियाराम शर्मा, त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के महेशवा वार्ड 14 निवासी 40 वर्षीय ममता देवी और 52 वर्षीय बिजली देवी के रूप में हुई है। जबकि घायलों में 50 वर्षीय किशनदेव मंडल और 52 वर्षीय सकुनी देवी त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के महेशवा पंचायत अंतर्गत बेला गांव के निवासी हैं।

**ऑटो से लौट रहे थे छह लोग:** सियाराम शर्मा के बेटे उमेश मण्डल ने बताया कि मंगलवार को मेरे पिता समेत पंचायत से छह लोग ऑटो में सवार होकर घर से कोरियापट्टी शिव चर्चा के लिए निकले थे। शिव चर्चा मंडली देर रात करीब 12:00 बजे समाप्त हुई और फिर सभी वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान सुपौल अररिया मुख्य मार्ग एनएच 327ई पर त्रिवेणीगंज बाजार में ट्रक और ऑटो में जबरदस्त टक्कर हो गई। जिसमें सवार मेरे पिता समेत चार लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। वही डॉक्टर ने गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## शिव चर्चा में भाग लेने के बाद लौटने के दौरान हादसा



घटना के संबंध में त्रिवेणीगंज एसडीपीओ विपिन कुमार ने बताया कि मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने दिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना के बाद ही ट्रक का चालक और खलासी मौके से भागने में सफल रहा। पुलिस दुर्घटना में शामिल ट्रक और क्षतिग्रस्त ऑटो को जब्त कर लिया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि सभी मृतक दिन के लगभग ढाई- तीन बजे के बीच जदिया के तमकुलहा में शिव चर्चा में भाग लेने को गए थे। क्षतिग्रस्त ऑटो में हारमोनियम, ढोलक भी देखा गया। घटनास्थल पर चारों ओर खून के धब्बे पड़े देखे गए। एसडीपीओ विपिन कुमार ने बताया कि पुलिस गहराई से मामले की छानबीन कर रही है।

## खबरें फटाफट

### बिहार को फिर से झुनझुना थमा दिया गया: रोहिणी आचार्य



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य सारण लोकसभा सीट से हार के आठ दिन बाद सिंगापुर रवाना हो गईं। बुधवार दोपहर पटना एयरपोर्ट पर केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल के नाम पर बिहार को कुछ नहीं मिला। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सच्चाई सामने आ गई न। यही बात विपक्ष के लोग बोलते थे। जनता से इन लोगों ने कितने वादे किए थे। फिर से झुनझुना थमा दिया गया। यह बात बिहार की जनता भी बोल रही है। आकर झांसा देकर गए थे फिर से सारे वादे हवा-हवाई हो गए। उनके सभी वादे झूठे थे इसीलिए बिहार में मंत्रिमंडल में कोई भी बड़ा विभाग नहीं मिला।

सीएम नीतीश कुमार के बारे में यह बातें कहीं। वहीं सीएम नीतीश कुमार के चंद्र बाबू नायडू के शपथ ग्रहण समारोह में नहीं जाने पर उन्होंने कहा कि उनकी तबीयत खराब होगी। इसलिए नहीं गए होंगे उनको आराम करने दीजिए। सीएम नीतीश कुमार को फिर अपने साथ लाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हम क्यों लेकर आएंगे। वह बड़े हैं। उनसे आशीर्वाद हमलोग मांग रहे हैं। अब चाचा जी कब आएंगे? आप उनसे ही पूछिए। हमलोग तो उनके बाल बच्चे हैं। उनसे आशीर्वाद मांग रहे हैं। वहीं सारण गोलीकांड पर उन्होंने कहा कि यह बात तो अब राजीव प्रताप रूडी से पूछिए कि गोली चला है चलता रहेगा। इसका जवाब उन्हें को देना पड़ेगा। फिर से सारण में यह लोग आतंक कायम करना चाहते हैं। वहीं सिंगापुर जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अपने बच्चों से मिलने सिंगापुर जा रही हूं। 15 दिन में लौटकर वापस आऊंगा। सारण की जनता के बीच जाऊंगी। उन्होंने मुझे अपना आशीर्वाद दिया है।

### अपने विधानसभा क्षेत्र रामगढ़ पहुंचे नवनिर्वाचित सांसद ने भाजपा पर साधा निशाना

# बक्सर सांसद सुधाकर सिंह का दावा... 8 से 12 माह में गिर जाएगी एनडीए सरकार

- बोले- जुलाई में जब सदन चलेगा तो इंडिया गठबंधन से जीते मेरे जैसे नौजवान सांसद इस सरकार को घुटने पर ला देंगे

**केटी न्यूज/कैमूर**

बिहार की बक्सर लोकसभा सीट पर विजय पाने के बाद नवनिर्वाचित सांसद सुधाकर सिंह बुधवार को अपने विधानसभा क्षेत्र रामगढ़ पहुंचे। जहां उन्होंने खुले मंच से केंद्र की सरकार पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने बड़ा दिया। उन्होंने कहा कि यह एनडीए की ढीली-ढाली सरकार पांच साल तक चलने वाली नहीं है। आप लोग चौंकिएगा मत, आने वाले आठ से 12 महीने के भीतर एक नई सरकार बनेगी।

सांसद सुधाकर सिंह ने मीडिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि मैं दिल्ली में दो दिन रुका और इस दौरान दर्जनों मीडिया ने मेरा इंटरव्यू लिया। लेकिन किसी भी चैनल पर मेरी आवाज को दिखाया नहीं गया। आप लोग देखेंगे कि जब आगामी जुलाई में सदन चलेगा तो डंके की चोट पर मैं कह रहा हूं कि इस देश की सरकार को चंद दिनों में ही मेरे जैसे नौजवान सांसद जो इंडिया गठबंधन से जीत कर आए हैं, इस सरकार को घुटने पर ला देंगे।

सांसद सुधाकर सिंह ने कहा कि कैमूर जिले में एनडीए के दो मंत्री, दो भगोड़े विधायक और भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिस तरह हमें हराने का काम किया था। एनडीए की शाहाबाद क्षेत्र से पांच सीट गायब हो गईं। जनता ने इंडिया गठबंधन की सीट को जीत दिलाई।



## देश के पूर्वज नेताओं का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे

सुधाकर सिंह ने कहा कि मीडिया ने बीजेपी के बारे में अतिशयोक्ति पूर्ण बातें कही। मीडिया ये बता दिया होता कि ये लोग बहुत कम सीटों पर सिमटने वाले हैं। जनता इन्हें 190 पर रोक देती। सुधाकर सिंह ने यह भी कहा कि हम तो देखे नहीं है, लेकिन सुनने में आया है कि महात्मा गांधी और बीआर अंबेडकर की मूर्तियां देश की संसद से बाहर कर दी गई हैं। यह मैं दिल्ली की सड़कों पर कई महत्वपूर्ण संसद सदस्यों से सुना हूं। आने वाले इसी 18 तारीख को उम्मीद है कि जब हम लोग शपथ लेने जाएंगे तो इस बात की तहकीकात भी करेंगे और अगर ऐसा हुआ तो याद रखिएगा यह देश लंबा संघर्ष देखेगा। देश के पूर्वज जिन्होंने इस देश के लिए नेतृत्व किया अगर उनका अपमान हुआ होगा तो बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## जगदानंद सिंह के छोटे बेटे अजीत सिंह ने जदयू को छोड़ राजद का दामन थामा

**पटना।** लालू प्रसाद की पार्टी आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के छोटे बेटे अजीत सिंह ने राष्ट्रीय जनता दल का दामन थाम लिया है।

फिलहाल जेडीयू छोड़ आरजेडी में शामिल हुए अजीत सिंह को लेकर सियासी गलियारे में चर्चा है कि वे रामगढ़ से विधानसभा चुनाव में ताल ठोक सकते हैं। बताया जा रहा है कि सुधाकर सिंह की खाली सीट पर वो चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। पूर्व कृषि मंत्री और जगदानंद सिंह के बेटे सुधाकर सिंह बक्सर से आरजेडी के टिकट पर लोकसभा का चुनाव लड़े और जीत गए हैं। वो रामगढ़ से विधायक थे। अब उनके सांसद बनने के बाद रामगढ़ की सीट खाली हो गई है लिहाजा इस सीट से अब अजीत सिंह ताल ठोक सकते हैं।गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के दौरान यानी अप्रैल महीने में अजीत सिंह ने जेडीयू की नीतियों का विरोध करते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। आधिकारिक तौर पर अजीत सिंह ने लालू यादव के



जन्मदिन पर पटना में आरजेडी ज्वाइन की है। आरजेडी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद अजीत सिंह ने कहा कि मैं अपने मूल पार्टी राष्ट्रीय जनता दल में वापस लौट आया हूं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले ही जेडीयू से इस्तीफा दिया था। मैंने तब कहा था कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के लिए अपने साथियों के साथ काम करूंगा। इस दौरान चुनाव प्रचार में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि केंद्र में नई सरकार बनी है, लेकिन बिहार के साथ हकमारी की गई है।

# पुष्पम प्रिया के प्रदेश कार्यालय पर हमला, कार में भी तोड़फोड़





**केटी न्यूज/ पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जुबानी हमला करने वाली नकाब वाली नेत्री पुष्पम प्रिया के प्रदेश कार्यालय पर हमला हुआ है। हमला करने वाले ने पार्टी ऑफिस में तोड़-फोड़ के साथ-साथ बगल में खड़ी फॉर्च्यूनर को भी तोड़ दिया। पार्टी सदस्य ने श्री कृष्णपूरी थाना में आवेदन देकर जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाईं है। सारी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्लूरल्स पार्टी के संयुक्त सचिव सदस्य आदर्श कुमार चौधरी ने श्री कृष्णपूरी थाना में आवेदन देते हुए जान-,माल की सुरक्षा की गुहार लगाईं है। उन्होंने थाना में दिए गये आवेदन में लिखा है कि श्री कृष्णपुरी थाना क्षेत्र के होली मिशन स्कूल के पास स्थित मकान संख्या 200/इ में पार्टी का कार्यालय है। बुधवार को कुछ असामाजिक तत्वों ने प्लूरल्स पार्टी के प्रदेश कार्यालय के कैंपस में पहुंचकर काफी तोड़-फोड़ किया। इस दौरान उन बदमाशों ने खूब गाली-गलौज करते हुए कार्यालय को जला देने के साथ साथ जान से मारने की धमकी भी दिए। उन बदमाशों ने कैंपस में लगे पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पुष्पम प्रिया चौधरी जी की गाड़ी टोयोटा फॉर्च्यूनर इफ 01 ऋ 3993 पर लोहे के रोड से हमला भी किया, जिससे गाड़ी के शीशे टूट गए। यह सारी घटनाएं सीसीटीवी में कैद हो गई हैं।

आदर्श कुमार चौधरी ने आगे लिखा है कि जान से मारने की धमकी, कार्यालय को आग लगाने की धमकी एवं गाड़ी को क्षतिग्रस्त करना अति निंदनीय है। उन्होंने इस घटना में शामिल बदमाशों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने जान-माल की सुरक्षा की भी गुहार लगाईं है।

# राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने बिहार में प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति की

**केटी न्यूज/पटना**

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने बिहार में प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति कर दी है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पटना और विजय कुमार सिन्हा को मुजफ्फरपुर, भोजपुर का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। वहीं सीएम नीतीश कुमार के करीबी मंत्री विजय कुमार चौधरी को पूर्णिया, नालंदा और मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव को वैशाली का प्रभारी मंत्री बनाया गया है।

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के बेटे संतोष कुमार सुमन को औरंगाबाद और मंत्री सुमित कुमार संह सारण का मंत्री बनाया गया है। वहीं बिहार सरकार के मंत्री प्रेम कुमार को नवादा, श्रवण कुमार को समस्तीपुर और मधेपुरा, पूर्व उपमुख्यंत्री रेणु देवी को सीवान, मंत्री मंगल पांडेय को दरभंगा और बेगूसराय, नीरज कुमार सिंह को कटिहार, मंत्री अशोक चौधरी को सीतामढ़ी और जहानाबाद, लेशी सिंह को मधबुनी, मदन सहनी को



सुपौल, मंत्री नीतीश मिश्रा को अररिया और गया का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। वहीं मंत्री नितिन नवीन को बक्सर, कैमूर, मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल को सहरसा, मंत्री महेश्वर हजारी को खगड़िया, शीला कुमार को शेखपुरा और लखीसराय, सुनील कुमार को पूर्वी चंपारण, जनक राम को पश्चिमी चंपारण, हरी सहनी को अरवल, कृष्णनंदन पासवान को गोपालगंज, जयंत राज को रोहतास, जमा खान को किशनगंज और शिवहर, रत्नेश सदा को जमुई, केदार प्रसाद गुप्ता को मुंगेर, सुदेश मेहता को बांका और संतोष कुमार सिंह भागलपुर का प्रभारी मंत्री बनाया गया है।

# विवि के सभी खातों के संचालन पर लगे रोक को हटाया गया

**पटना।** बिहार के विश्वविद्यालय के सभी खातों के संचालन पर लगाए गए रोक को हटा लिया गया है। तत्कालीन शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के इस आदेश को नीतीश सरकार ने पलट दिया है। अब शिक्षा विभाग के सचिव बैद्यनाथ यादव ने चिट्ठी जारी कर कहा है कि मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विवि, पटना, पूर्णिया और मुंगेर विवि के सभी खातों (पीएल खाता सहित) के संचालन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी गई थी।

शिक्षा विभाग के सचिव ने पत्र में लिखा कि पटना उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए सभी विश्वविद्यालय के बैंक खातों का संचालन फिर से प्रारंभ किया जा रहा है। न्यायलय के आदेश के संपूर्ण अनुपालन में प्रसंगाधीन प्रत्रों के निदेर्शानुसार वापस लिया जाता है। कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विवि के कुलपति के वेतन निकासी पर लगाई गई रोक भी वापस लिया जाता है।




### भाजपा नेता व डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने इंडी गठबंधन और लालू परिवार पर बोला हमला

# मोदी कल भी था, आज भी है और आगे भी रहेगा

- तेजस्वी यादव को पहले भी चार मिला था अब भी चार। जब लोग मुक्ति धाम जाते हैं तो चार की जरूरत पड़ती है। 2025 राम नाम सत्य है, यह चार लोग उसकी व्यवस्था बना देंगे

**केटी न्यूज/पटना**

भारतीय जनता पार्टी के वरीय नेता और उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने इंडी गठबंधन और लालू परिवार पर हमला बोला है। कहा कि देश को कमजोर करने वाले लोगों को जिन्होंने पोषित किया, इस चुनाव में उनकी झलक भी दिखाई पड़ी है। देश को कमजोर करने वाले लोग एक मंच पर आकर खड़े हुए। ऐसे भ्रष्टाचारी लोग राष्ट्रविरोधी ताकतों के साथ मिलकर पीएम मोदी को रोकना चाह रहे थे। लेकिन, देश की जनता ने यह संदेश दिया गया कि मोदी कल भी था, आज भी है और



आगे भी रहेगा। राहुल गांधी पप्पू हैं। आज भी वह दया के पात्र हैं। वह आतंकवादी, उग्रवादी, भ्रष्टचारी और अपराधियों के पांव पकड़कर चुनावी राजनीति में सफलता प्राप्त करने का मानसिकता रखते हैं। आपमें हिम्मत थी तो आपने केरल क्यों भागे थे? अमेठी क्यों छोड़कर चले गए थे। उन्हें स्थायी जनादेश न मिला है और न मिलेगा।

**लालू तेजस्वी को माफी मांगनी चाहिए:** तेजस्वी यादव पर हमला बोलते हुए कहा कि तेजस्वी यादव को पहले भी चार मिला था। चार की जरूरत कहां पड़ती है? जब लोग मुक्ति धाम जाते हैं तो चार की जरूरत पड़ती है। आज फिर चार मिला है। 2025 राम नाम सत्य है। यह चार लोग उसकी व्यवस्था बना देंगे। रोहिणी आचार्य के बारे में उन्होंने कहा कि उन्हें परेशान किया गया। वह बिहार की बेटी हैं। जिन लोगों ने उन्हें परेशान किया और बिहार बुलाकर अपमानित कराया। राजनीति की लड़ाई में धकेल कर उनका सम्मान को ठोस पहुंचाई गई है। लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव को उनसे माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने परिवारवाद की जमींदारी को आगे बढ़ाने का प्रयास किया।

**जनता ने मोदी जी के नाम पर बिहार को 30 सीट दिया:** उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार और देश की जनता को आज भी पीएम मोदी पर विश्वास है। अपने जनादेश में उन्होंने दिखा दिया। हमारे कार्यकर्ता हर विपरीत परिस्थिति में जूझते रहे। जनता ने मोदी जी के नाम पर बिहार को 30 सीट दिया। जिस सीट पर हमलोगों की हार हुई, वह सीट मंथरा और कैकई के कारण पीछे रह गए।

# नए भवन में शिफ्ट हुआ चौसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मरीजों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

♦ बिना उद्घाटन अस्पताल के नये भवन में शिफ्ट किए जाने से स्थानीय निवासी भी आश्चर्य चकित

**केटी न्यूज/चौसा**



बुधवार को चौसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को नये भवन में शिफ्ट कर दिया गया। हालांकि अस्पताल को नये भवन में बिना किसी तामझाम के शिफ्ट किया गया हैं। विभाग द्वारा इतनी सादगी बरती गई है कि नये भवन का उद्घाटन भी नहीं किया जा सका है। अब नए भवन में नवजातों की किलकारी गूंजेंगी। बत दें कि वर्ष 2022 में नए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण का शिलान्यास सदर विधायक संजय तिवारी ने किया था। हालांकि वर्ष 2024 के शुरूआत में ही इसका निर्माण कार्य भी पूरा कर लिया गया। लेकिन, संवेदक द्वारा इसे हस्तांतरित नहीं किये जाने से पुराने पीएचसी में चौसा अस्पताल चलाया जा रहा था। विगत दिनों डीएम अंशुल अग्रवाल के पहल पर चौसा सीएचसी को नये भवन में हस्तांतरित किया गया।

जिसके बाद पुराने अस्पताल को नये भवन में शिफ्ट कर दिया गया। बताया जाता है कि चौसा सीएचसी के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को बहुत सारी सुविधाएं मिलेंगी, उन्हें इलाज के लिए जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। बता दें कि इसके पहले मामूल मर्ज या प्रसव के लिए भी मरीजों को सदर अस्पताल जाना पड़ता था। पुराने अस्पताल में डॉक्टर व संसाधनों का घोर अभाव था। जिस कारण मरीजों को बेहतर इलाज नहीं मिल पाता था। इस अस्पताल में छह की जगह 30 बेड की सुविधा है। जहा बेहतर संसाधन व विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लोगों का इलाज किया जाएगा। लेकिन, चौसा पीएचसी को नए सीएचसी से शिफ्ट तो कर दिया गया मगर, अस्पताल में अभी वही पुरानी सुविधा मौजूद रहेंगी, न विशेषज्ञ चिकित्सक, न महिला चिकित्सक अस्पताल में मौजूद है। अन्य बताये जाने वाले संसाधनों का भी घोर अभाव रहेगा। लेकिन, अस्पताल के नये भवन में शिफ्ट होने के बाद क्षेत्रिय लोगों में इस बात की उम्मीद जगी है कि जल्दी ही अब यहां विशेषज्ञ चिकित्सक तथा अन्य सुविधाएं मिलने लगेगी। इसके लिए विभाग की ओर से तैयारी की जा रही है। जिससे लोगों में खुशी व्याप्त है।

## एक नजर

### अरौला में पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव



**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अरैला गांव के पास एक व्यक्ति की संदेहास्पद स्थिति मकें मौत हो गई है। उसका शव एक बागीचे में आम के पेड़ से लटका मिला। इसकी जानकारी मिलते ही डुमरांव पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। मृतक की पहचान कोरान सराय थाना क्षेत्र के कोपवा गांव के 55 वर्षीय राम प्रवेश राम के रूप में की गई है। उसका शव अरैला गांव के पास नहर रोड से 100 मीटर अंदर बगीचा मे आम के पेड़ से लटका हुआ था। सुबह में शौच के लिए गए ग्रामीणों की नजर जब उस पर पड़ी तो ग्रामीणों ने ही इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। अभी लोग उसकी शिनाख्त कर ही रहे थे कि उसके परिजन भी आ गए तथा उसकी पहचान रामप्रवेश राम के रूप में की। हालांकि, उसने आत्महत्या की है या फिर उसकी हत्या की गई है, यह जांच का विषय है। पुलिस भी अभी कुछ स्पष्ट नहीं बता सकी है। मौके पर पहुंचे परिजनों द्वारा भी कुछ नहीं बताया गया है। पुलिस प्रथम द्दष्टया इसे आत्महत्या मान रही है। वैसे पुलिस फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दो दिन से उसके घर में विवाद चल रहा था। विवाद के कारण ही उसने ऐसा कदम उठाया होगा। गौरतलब है कि अरैला में एक मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का यज्ञ भी चल रहा है।

### रोटरी अध्यक्ष ने जगदीश आई हॉस्पिटल को गिफ्ट किया वाशिंग मशीन

**डुमरांव।** रोटरी जगदीश आई हॉस्पिटल, डुमरांव में बुधवार को एक सादे समारोह में रोटरी बक्सर के अध्यक्ष राजेश केशरी ने अपने पर्सनल फंड से 10 लीटर का एक वाशिंग मशीन हॉस्पिटल को दिये। पिछले साल आई कैंप का आयोजन बक्सर और डुमरांव में हुआ था। उस कैंप के समापन समारोह में अध्यक्ष राजेश केशरी ने घोषणा किया था कि बहुत जल्द एक वाशिंग मशीन मैं अपने फंड से हॉस्पिटल को दूंगा। इसकी कमी उन्होंने महसूस किया था। वही, रोटेरियन प्रदीप जायसवाल ने कहा कि उनका लक्ष्य बक्सर जिले से मोतियाबिंद की बीमारी को जड़ से समाप्त करना है। इस उदेश्य के लिए वे हर साल मुफ्त आई कैंप का आयोजन करते आ रहे है। मौके पर रोटरी बक्सर के पूर्व अध्यक्ष शत्रुधन प्रसाद उर्फ मोहन गुप्ता, अगले सत्र के अध्यक्ष मनीष पांडेय, सचिव मनोज वर्मा, रोटरी मित्र अरविंद वर्मा, हॉस्पिटल के डॉक्टर अजीत कुमार, मैनेजर अजीत जायसवाल सहित सभी स्टाफ मौजूद थे। हॉस्पिटल के डॉ. और रोटेरियन प्रदीप जायसवाल ने अध्यक्ष राजेश केशरी को इसके लिए बहुत बहुत धन्यवाद दिया और आभार व्यक्त किया। समारोह का संचालन पूर्व अध्यक्ष मोहन गुप्ता ने किया। हॉस्पिटल के मैनेजर अजीत जायसवाल ने माला पहनाकर आगत अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर कई अन्य गणमान्य भी मौजूद थे।

### अटांव से लावारिश कार बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**डुमरांव।** डुमरांव पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के अटांव गांव के पास से लावारिश हालत में खड़ी एक कार को बरामद किया है। पुलिस महिन्द्रा कंपनी की उक्त एक्सयूवी कार को जब्त कर थाने लाई है तथा उसके नंबर के आधार में जांच पड़ताल में जुट गई है। प्रशिक्षु डीएसपी अनिशा राणा ने बताया कि मंगलवार की शाम उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि अटांव गांव के पास एक कार लावारिश हालत में खड़ी है। इस सूचना पर पुलिस की एक टीम भेज कार को जब्त करवाया गया। हालांकि, कार से कुछ भी बरामद नहीं हुआ है। लेकिन, पुलिस की मानें तो उक्त कार का कनेक्शन शराब तस्करों से हो सकता है। पुलिस इस मामले में कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। हालांकि, अभी तक पुलिस ने कुछ स्पष्ट नहीं किया है। वहीं पुलिस का दावा है कि जल्द मामला सुलझा लिया जाएगा।

## खबरें फटाफट

### खनन पदाधिकारी पर हमला करने वाले दो के विरूद्ध एफआईआर

**बक्सर।** क्षेत्र के महदह गांव के पास छापेमारी करने गए खनन पदाधिकारी पर बालू माफिया के द्वारा हमले किए जाने के मामले में दो नामजद व कई अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि स्थानीय सूत्र यह भी बता रहे हैं कि मामला दो बालू माफियाओं के आपसी खींचतान का नतीजा है। एक ने दूसरे की गाड़ियां पकड़वाने की कोशिश की तो विवाद बढ़ा और मारपीट हुई। मारपीट में घायल कारण पदाधिकारी फिलहाल बक्सर से पटना चले गए हैं लेकिन हमले के बाद प्रशासनिक अधिकारियों के बीच खलबली मची हुई है। इस मामले में सारीमपुर गांव निवासी नेताजी तथा पुत्र रिंकू खान को नामजद आरोपी बनाया गया है। इसके साथ ही अन्य अज्ञात के विरुद्ध भी प्राथमिकी दर्ज कराई गई है जिनकी तलाश पुलिस कर रही है। खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार मंगलवार की अहले सुबह महदह गांव के पुल के पास एक बालू लदा ट्रक पकड़ने गए थे। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि पकड़े गए ट्रक के साथ मौजूद लोगों ने कहा कि कई अन्य ट्रक इटाढ़ी बक्सर मेन रोड से पास हो रहे हैं तो सबको छोड़कर उन्हें ही क्यों पकड़ा गया, इसी बात को लेकर बकझक हुई तथा ट्रक को भगा दिया गया तथा फिर मारपीट हुई जिसमें खनन पदाधिकारी घायल हुए। इस मामले में मुफस्सिल थाना की प्रभारी थानाध्यक्ष सब इंस्पेक्टर कुसुम कुमारी ने बताया कि पुलिस अभियुक्त की तलाश कर रही है। हालांकि अब तक कोई भी अभियुक्त पुलिस की पकड़ में नहीं आया है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही नामजद पुलिस की पकड़ में होंगे।

### अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त

**कछवां।** कछवां पुलिस ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। कछवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के मंगरांव राईस मिल के पास से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है । उन्होंने बताया कि उक्त मामले को लेकर ट्रैक्टर चालक व मालिक पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसकी सूचना संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों के पास कानूनी कार्रवाई करने के उपरांत रिपोर्ट भेज दी गई है । जब्त ट्रैक्टर को पुलिस की अभिरक्षा में रखा गया है

## तीनों युवक कोचाढ़ी से पिकअप लेकर गये थे वाराणसी

# यूपी में हुए सड़क हादसे में चौसा के एक युवक की मौत, दो जख्मी



♦ किराए के मकान से घरेलू सामान पिकअप पर लाद बनारपुर आ रहे थे, चंदौली में हुआ हादसा

**केटी न्यूज/बक्सर**

यूपी में मंगलवार को हुए एक सड़क दुर्घटना में चौसा के बनारपुर के एक 38 वर्षीय युवक की मौत हो गई। वहीं, इस घटना में उसके दो भाइयों समेत चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से पहले दोनों घायलों को जिला अस्पताल में ले जाया गया। वहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाके लिए वाराणसी के ट्रामा सेंटर में चल रहा है। दोनों घायलों की हालत गंभीर बतायी जा रही है। इधर, मृत युवक का देर रात शव पहुंचा तो घर मे कोहराम मच गया। इस घटना को लेकर गांव का माहौल गमगीन हो गया। मिली जानकारी के अनुसार चौसा प्रखंड के बनारपुर निवासी विजय गुप्ता का परिवार वाराणसी में किराए के मकान में रहते थे। तथा वही जीविका हेतु निजी कार्य करते थे। किसी कारणवश वे अपने परिवार समेत बनारपुर आना पड़ा। जिसको लेकर किराए के मकान में बहुत सारा घरेलू सामान था जिसको लाने के लिए उनके तीनों पुत्र कोचाढ़ी से ही पिकअप लेकर वाराणसी गए। जहां से पिकअप पर समान लाद कर मंगलवार को बनारपुर आ रहे थे। तभी उनकी पिकअप चंदौली के पास खड़ी ट्रक में टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी भीषण थी की पिकअप के परखच्चे उड़ गए।

इस घटना में विजय गुप्ता के बड़े पुत्र राजेश गुप्ता का घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही, उसके दो भाई राहुल गुप्ता 32 वर्ष व रोहित 29 वर्ष तथा पिकअप चालक गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिसे चंदौली पुलिस स्थानीय ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए वाराणसी ट्रामा सेंटर भेज दिया। जहां हालात गंभीर बनी हुई है।

वही, देर शाम राजेश गुप्ता का पोस्टमार्टम करा शव को परिजनों को सौंप दिया गया। राजेश का शव बनारपुर गांव आते ही घर मे कोहराम मच गया। पत्नी व मां का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वही इस घटना की खबर मिलते ही गांव का माहौल गमगीन हो गया। लोग घटना की खबर सुनने के बाद विजय गुप्ता के घर भीड़ लग गई। लोग कहते जा रहे थे कि भगवान की भी अजब लीला है। जहां इस परिवार पर आफत आ गई। तीनों नौजवान में एक कि मौत तो और दो गम्भीर स्थिति में अस्पताल में पड़े है। बता दें कि मृत राजेश का एक पुत्र और एक छोटी पुत्री है। इस घटना के बाद गांव में भी मायूशी छाई है। बुधवार को पूरे दिन इस गांव के कई घरों में चूल्हा नहीं जला था।

### अनियंत्रित ऑटो ने खड़ी बस में मारी टक्कर, तीन यात्री जख्मी

**केटी न्यूज/नावानगर**

डुमरांव-बिक्रमगंज हाइवे स्थित आथर गांव के पास पर एक अनियंत्रित ऑटो ने खड़ी बस में टक्कर मार दिया। जिससे ऑटो चालक समेत तीन युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मियों को स्थानीय लोगों ने पुलिस के मदद से इलाज के लिए सीएचसी नावानगर ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जख्मी में खिरौली गांव के ऑटो चालक मितल कुमार गुप्ता तथा डुमरांव थाना क्षेत्र के कड़वी मोहल्ले निवासी सोनू कुमार व राकेश कुमार बताया जाता है। बताया जाता है कि राकेश कुमार अपने भाई सोनू कुमार के साथ अपने ससुराल मुकुंदडेरा जा रहा था। तभी उक्त स्थान पर ऑटो अनियंत्रित होकर खडी बस के पीछे से टक्कर मार दी।

टक्कर होने के साथ ही ऑटो चालक एवं उसमें सवार दोनों युवक ऑटो से बाहर सड़क चाट में जा गिरे। जिससे तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इस संबंध में बासुदेवा ओपीध्यक्ष चुनमुन कुमारी ने बताया कि आथर के पास खड़ी निजी बस में पीछे से ऑटो ने टक्कर मार दिया था। इस टक्कर में चालक समेत तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये है। जो इलाजरत है।

### पुलिस को चकमा दे भाग निकले शराब तस्कर शराब जब्त



**ब्रह्मपुर।** नैनीजोर पुलिस ने मंगलवार की रात रात्रि गश्त के दौरान थाना क्षेत्र के लीला डेरा के पास से 108 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक बाइक जब्त किया है। हालांकि शराब तस्कर अंधेरे का लाभ उठा पुलिस को चकमा देने में सफल रहे। मिली जानकारी के अनुसार नैनीजोर ओपी के पु.अ.नि राजीव रंजन ओपी क्षेत्र के लाली डेरा के पास गश्त अभियान चला रहे थे। इसी दौरान ढाबी की तरफ से एक बाइक पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। उनके पास एक बड़ा बैग था। पुलिस ने जब उन्हें रूकने का इशारा किया तो दोनों बाइक की स्पीड बढ़ा तेजी से भागने लगे। जिसके बाद पुलिस टीम ने अपने गश्ती वाहन से उनका पीछा किया। इस दौरान दोनों अंधेरे का फायदा उठा कोईलवर तटबंध के पास बाइक छोड़ झाड़ियों में छिपते हुए भाग निकले। पुलिस ने जब बैग की तलाशी ली तो उसमें 108 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने बैग व बाइक को जब्त कर थाने लाई। इस संबंध में जानकारी देते हुए नैनीजोर ओपी प्रभारी ने बताया कि अज्ञात तस्करों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि तस्करों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

## डुमरांव अनुमंडल के थानों में सड़ रही हैं विभिन्न कांडों में जब्त लाखों की बाइक

♦ विभिन्न थानों में चोरी, तस्करी तथा दुर्घटनाओं के बाद जप्त किए गए है सैकड़ो वाहन

**केटी न्यूज/डुमरांव**



चोरी सहित विभिन्न मामलों में जब्त दो पहिया तथा चार पहिया वाहने लंबे समय से डुमरांव अनुमंडल के थानों में सड़ रही है। वाहनों की नीलामी नहीं होने से लाखों रुपए के वाहन थाना परिसर में रखे-रखे खराब हो रहे है। कई वाहन तो जंग लगने से पूरी तरह से खराब हो चुके है, तो कई वाहन खुले में रखे जाने के कारण जंग खा रहे है। लेकिन शासन प्रशासन द्वारा नीलामी नहीं किये जाने से खराब हो रहे कीमती वाहनों को बचाया नहीं जा सका है। जानकारी के अनुसार पिछले लंबे समय से डुमरांव थाना सहित अनुमंडल के अन्य थानों में जप्त वाहनों की नीलामी नहीं हुई है। जबकि इस दौरान विभिन्न मामलों में पुलिस द्वारा सैकड़ो वाहन जब्त कियें गये है। पुलिस द्वारा जब्त कियें गये वाहनों से थाना परिसर का एक बड़ा हिस्सा भी घिर चुका है। जिससे यहां तैनात पुलिसकर्मियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पुलिस सूत्रों की मानें तो जब्त वाहनों की नीलामी कोर्ट के निर्देश पर होती है। लेकिन इसके लिए पुलिस को कोर्ट में आवेदन देना पड़ता है। लंबे समय से वाहनों की नीलामी नहीं होने से कई सवाल खड़े हो रहे है। जानकारों की मानें तो इसमें कई ऐसे वाहन भी है जो दुर्घटना तथा छोटे मोटे कारणों से जप्त है। लेकिन कानूनी प्रक्रिया के कारण वैसे वाहन भी चोरी तथा अन्य बड़े अपराधों में जप्त बाइक के साथ सड़ रहे है। कई ऐसे भी वाहन है जो पिछले तीस सालों से थानों की शोभा बढ़ा रहे हैं। परंतु इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

**कहते हैं डीएसपी**

इस संबंध में डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने कहा कि नीलामी के लिए प्रशासनिक स्तर से ही सारी प्रक्रिया की जाती है।

### कोर्ट की अवमानना पर नवादा थानाध्यक्ष का वेतन बंद

**बक्सर।** कुटंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मनोज कुमार ने कोर्ट के आदेश का बार बार अवमानना करने पर भोजपुर जिले के नवादा थानाध्यक्ष के वेतन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। वही, थानाध्यक्ष के साथ ही भोजपुर एसपी से स्पष्टीकरण भी पूछा है कि क्यों न उनपर विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की जाए। न्यायाधीश ने अनुपालन के लिए उक्त आदेश की एक प्रति शाहाबाद रेंज के डीआईजी को भी सौंपी है। मामला विविधवाद संख्या 10/2020 से संबंधित है, जहां संबंधित पुलिसकर्मियों ने न्यायालय के आदेश का बार-बार उल्लंघन किया है। जिसके बासद कोर्ट ने इसे गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष के वेतन पर रोक लगा दी है। वहीं दूसरी ओर कोर्ट के इस फैसले से विभाग में हड़कंप मच गया है। एसपी ने इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## हत्या मामले में दोषी पाए गए माले नेता समेत दो, अगली तिथि को कोर्ट सुनायेगा सजा का फैसला

♦ छह अगस्त 2012 को अभियुक्तों ने पीट पीट कर की थी एक व्यक्ति की हत्या
♦ पूर्व में भी हत्या के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा काट चुके हैं सुकर राम

**केटी न्यूज/बक्सर**



बुधवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय विजेंद्र कुमार की अदालत ने हत्या के एक मामले में आरोपी सह डुमरांव के माले नेता सुकर राम और सोनू राम को दोषी पाया है। अगली तिथि पर दोनों को सजा सुनाई जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए अपरलोक अभियोजक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि डुमरांव के दक्षिण टोला निवासी राम चीज राम के साथ नाली के विवाद पर पड़ोसियों ने मारपीट किया था। इस मामले में 8 मार्च 2012 को डुमरांव थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया था। एफआईआर दर्ज करने से नाराज दूसरे पक्ष ने 6 अगस्त 2012 के दिन सूचक के परिवार पर लाठी डंडे व लोहे के राड से लैश हो हमला बोल दिया था, जिसमें लोहे के राड से बितन राम के सर पर गंभीर चोट लगी तथा उनकी मौत हो गई थी। उक्त मामले में कुल 19 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। न्यायालय में कुल 17 लोगों के खिलाफ ट्रायल किया गया जहां भारतीय दंड विधान की धारा 302 के तहत सोनू राम एवं सुकर राम को दोषी करार दिया गया, सजा के बिंदु पर अगली तारीख को सुनाया जाएगा।

**पूर्व में भी आजीवन सजा काट चुका है सुकर राम**

बता दें कि सुकर राम की पत्नी बुधिया देवी घटना के वक्त उक्त डुमरांव नगर परिषद के वार्ड की पार्षद थी। वहीं सुकर राम भाकपा माले के प्रखंड सचिव थे। वे पूर्व में भी अपने पड़ोसी कविलाश राम के हत्या मामले में जेल गए थे तथा आजीवन कारावास की सजा पूरी कर जेल से छूटे थे। जानकारों का कहना है कि कविलाश राम की हत्या 1989-90 में हुई थी तथा सुकर राम करीब 14 वर्ष की सजा पूरी करने के बाद जेल से छूटे थे। वही एक बार फिर से उन्हें आदालत द्वारा सजायाफ्ता किया गया है।

## महायज्ञ में भक्तों की उमड़ रही भीड़, जयघोष से गुंजयमान हुआ इलाका

# कण-कण में विराजमान है प्रभु श्रीराम चंद्र : अंजनी गोस्वामी

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव थाना क्षेत्र के अरैला गांव में श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठात्मक पांच दिवसीय महायज्ञ के साथ श्रीराम कथा का दूसरे दिन आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं को अमृतवाणी से रसपान कराया गया। महायज्ञ के मुख्य यज्ञाधीन महंत दीपक तिवारी जी महाराज के देखरेख में यूपी के प्रयागराज की सुप्रसिद्ध कथावाचिका विदुषी अंजनी गोस्वामीजी द्वारा श्रोताओं को भगवान श्रीराम के महिमा की गाथा से श्रद्धालुओं को अवगत कराया। कथावाचिका अंजनी गोस्वामी ने भगवान राम की महिमा का व्यख्यान किया। उन्होंने बताया कि श्रीराम का भाव है सदैव रहने वाली सत्ता भाव जिसका न ही जन्म होता है न ही मरण। जब किसी व्यक्ति की मृत्यु होती है तब उसके नाम के आगे स्वर्गीय लग जाता है, लेकिन जब अवतारी पुरुष अपनी लीला को समेट कर इस धरा से जाते हैं तो उनके नाम के आगे स्वर्गीय नहीं लगता, क्योंकि वह सत्ता अविनाशी है। आगे उन्होंने बताया कि श्रीराम कण-कण में रमण करने वाली शक्ति है और श्री राम की कथा श्रवण करने से इंसान भवसागर से पार हो जाता है। उन्होंने कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि प्रभु की कथा श्रवण करने के लिए भगवान भोलेनाथ ऋषि अगस्त्य जी के आश्रम में जाते हैं और प्रभु की पावन पुनीत कथा को श्रवण कर धन्य हो जाते हैं। गरुड़ जी भी जब भगवान राम और लक्ष्मण को नागपाश में बंदा देखते हैं तो उनके मन में संशय उत्पन्न हो जाते हैं। फिर वह हनुमान जी के कहने पर भगवान भोलेनाथ के पास जाते हैं और प्रभु की कथा को श्रवण करते हैं, तद्पश्चात प्रभु की कथा को श्रवण कर उनके मन के सारे संशय दूर होते हैं। कथावाचिका ने कहा कि जो भगवान की कथा को श्रवण कर अपने जीवन में चरितार्थ करते हैं तो उसका जीवन धन्य हो जाता है। अंत में प्रभु श्रीराम के अवतार की गाथा सुनाई गयी। कथा दौरान प्रभु श्रीराम का पूजन आयोजनकताओं ने किया है। बतादें कि इस महायज्ञ का समापन 14 जून को होगा। उस दिन भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण भी किया जायेगा। इस महायज्ञ में आचार्य आदित्य तिवारी जी महाराज, आचार्य अंकित ओझा, आचार्य अखिलेश उपाध्याय, आचार्य अभिषेक तिवारी, आचार्य निरंजन शुक्ला सहित दर्जनों संतों की टोली इस महायज्ञ में शामिल हुए है। मौके पर पिंटू राय, जयप्रकाश राय, लालू राय, अमित कुमार, रवि, अरविंद, श्रीदेव सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद थे।

## आठ दिनों से गायब युवक को डुमरांव पुलिस ने महज दो घंटे में खोज निकाला

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव पुलिस ने आठ दिनों से गायब एक युवक को मात्र दो घंटे में खोज निकाला। युवक आठ दिन पूर्व उड़ीसा जाने के लिए घर से निकला था। जिसे पुलिस ने कोपवां गांव से सकुशल बरामद किया है। युवक की पहचान नया भोजपुर थाना क्षेत्र के डीके कॉलेज रोड स्थित कृष्णा नगर निवासी स्वर्गीय राम एकबाल साह के 45 वर्षीय पुत्र दीनानाथ साह के रूप में हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवक जैसे ही घर से निकला उसका फोन स्विच ऑफ बताने लगा, जिससे परिजनों की चिंता बढ़ गयी। परिजनों ने नाते-रिश्तेदारों के साथ उड़ीसा में रह रहे जान-पहचान के लोगों के यहां भी खोजबीन की। लेकिन, कोई सुराग नहीं मिला। आखिर में परिजनों ने इसकी जानकारी बुधवार की दोपहर में डुमरांव थाने को दी। डुमरांव पुलिस ने युवक के मोबाइल सर्विलांस के आधार पर उसकी खोजबीन शुरू की। युवक का लोकेशन कोपवां गांव में मिला। पुलिस की टीम ने वहां पहुंच कर युवक को उसके एक रिश्तेदार के घर से सकुशल बरामद किया।

गंगा दशहरा के अवसर पर घाट के ऊपर और नीचे सीसीटीवी कैमरा लगाने और बैरेकेटिंग का निर्देश

# रामरेखा घाट की सीढ़ियों के नीचे डालें रेत : डीएम

केटी न्यूज/बक्सर



गंगा दशहरा के पूर्व डीएम अंशुल अग्रवाल ने रामरेखा घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मातहतों को कई आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने देखा कि रामरेखाघाट पर बने सीढीयों का बेस खाली हो गया है। जिसके कारण रामरेखाघाट पर बनी सीढ़ीयां हवा में लटक गया है। इसके कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। डीएम ने बक्सर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को गंगा दशहरा के पूर्व सीढ़ियों के नीचे बालू की बोरिया भरकर डालने का निर्देश दिया। ताकी श्रद्धालु चोटिल न हो सके। उन्होंने इसके अलावे गंगा नदी में सुरक्षा के लिहाज से बैरेकेटिंग लगाने, घाट के उपर तथा नीचे सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश भी दिया। डीएम ने कहा कि गंगा दशहरा के दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान करने आएंगे। इसे देखते हुए व्यवस्था दुरूस्त होनी चाहिए। ताकी श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावे डीएम ने नमामि गंगा परियोजना का निरीक्षण किया तथा कई आवश्यक निर्देश दिए। गौरतलब है कि 16 जून को गंगा दशहरा का पर्व है। इस दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व होता है। जिसे देखते हुए रामरेखा घाट पर उतरायनी गंगा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु डुबकी लगाएंगे। इस दौरान डीएम के साथ डीडीसी डॉक्टर महेंद्र पाल, एसडीएम धीरेंद्र मिश्रा, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार, नगर परिषद के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि नेयमतुल्ला फरीदी के साथ ही अन्य पदाधिकारी भी शामिल रहे।

**निरीक्षण के दौरान सुरक्षा और विधि व्यवस्था पर रहा फोकस**

रामरेखा घाट के निरीक्षण के दौरान डीएम का मुख्य फोकस सुरक्षा व विधि व्यवस्था के मद्देनजर था। उन्होंने स्पष्ट कहा कि घाट पर उपर से नीचे पहुंचने तक श्रद्धालुओं को घायल होने की स्थिति नहीं आए। इसके अलावे गंगा के जल स्तर की जानकारी श्रद्धालुओं को होनी चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि गंगा में बैरेकेटिंग करवाई जाए, ताकी श्रद्धालुओं को खतरे का आभास हो सके। वही उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरा उपर नीचे तथा घाट के चारों तरफ दिखाई देने वाले स्थानों पर लगना चाहिए। ताकी मॉनिटरिंग आसान हो सके। चरित्रवन घाट का भी लिया जाएजा डीएम ने रामरेखा घाट के बाद चरित्रवन घाट का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शवदाह के संबंध में जानकारी ली तथा नगर परिषद प्रशासन को शवदाह में प्रयुक्त लकड़ी का अधिक दाम लिए जाने की जांच करने तथा इस पर लगाम लगाने को कहा। गौरतलब है कि भीषण गर्मी के इस मौसम में मृतकों की संख्या बढ़ गई है। वही, चरित्रवन घाट पर लकड़ी का निर्धारित मूल्य से अधिक पैसा लेने की शिकायत मिली थी। जिस पर डीएम ने संज्ञान लिया था।

## योजनाओं के संचालन में लाएं तेजी : डीएम

**बक्सर।** विगत सप्ताह लोकसभा चुनाव सम्पन्न करा लिया गया साथ ही केंद्र सरकार के गठन कर दिए जाने के बाद अब सरकारी योजनाओं के संचालन में तेजी आ गई। वही, पदाधिकारी से लेकर कर्मचारी भी कार्य के प्रति एक्टिव होने लगे है। इसी की सच्चाई जानने के लिए बुधवार को जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल द्वारा जिला निबंधन परामर्श केन्द्र के निरीक्षण को पहुंचे जहा संचालित योजनाओं की जांच की साथ ही अधिकारी व कर्मचारियों के साथ समीक्षा भी की गई। साथ ही दिशा-निर्देश के साथ कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी द्वारा जिला निबंधन परामर्श केन्द्र के अंतर्गत तीनों योजनाओं बिहार स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भता योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम योजना का लक्ष्य एवं उपलब्धियों पर विस्तार से समीक्षा की। साथ ही स्थित काउंटर का निरीक्षण किया। जहां दूर-दराज से आये छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों से जिला निबंधन परामर्श केन्द्र में चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में संवाद किया गया। उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया। ताकि इसमें सुधार किया जा सके। वही जिलें के सूदूर क्षेत्र से आये छात्र-छात्राओं एवं अभिभावको को भीषण गर्मी का ध्यान में रखते हुए इनके सुविधा हेतु अच्छी क्वालिटी का आरओ मशीन एवं कुलर लगवाने हेतु प्रबंधक, डीआरसीसी को निर्देश दिया।

## डीएम ने किया डीएलएड परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण, दिए निर्देश




**बक्सर।** डीएलएड (फेस टू फेस) परीक्षा केन्द्रों का बुधवार को अंशुल अग्रवाल जिला ने निरीक्षण किया। जिला दंडाधिकारी द्वारा दो परीक्षा केंद्र बीबी हाई स्कूल बंगाली टोला बक्सर एवं नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय बक्सर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में दोनों परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संचालित पाया गया। वीक्षक, केंद्राधीक्षक एवं प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी को निर्देशित किया गया कि निरंतर भ्रमणशील रहते हुए शांतिपूर्ण एवं कदाचार रहित परीक्षा संचालित कराएंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षार्थी को कदाचार में लिप्त पाए जाने पर तत्काल उन्हें परीक्षा से निष्कासित किया जाए। जिला दंडाधिकारी द्वारा परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं केंद्राधीक्षक को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना से प्राप्त निर्देश के आलोक में स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा संचालित कराने का निर्देश दिया गया। परीक्षा केंद्र बी बी उच्च विद्यालय बक्सर के निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि भवन के सीलिंग आदि स्थल से प्लास्टर, ईट आदि स्वतः टूटकर बिखरे हुए थे, ऐसी स्थिति में भवन की ओर जाने वाले रास्ते तथा कक्षा को बंद कर तथा भवन को सुरक्षित तरीके से डिसमोलिश कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही इसकी मरम्मती का भी निर्देश दिया।

एक नजर

## तालाब में बेहोशी की हालत में मिले युवक की इलाज के दौरान मौत



**कृष्णाब्रह्म।** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के बड़का ढकाइंच गांव के पास स्थित एक तालाब से अचेतावस्था में एक युवक को पुलिस ने बरामद किया। लेकिन अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना बुधवार शाम की है। मृतक की पहचान स्थानीय लेवाड़ गांव के श्रीभगवान यादव के 30 वर्षीय पुत्र रविशंकर यादव उर्फ बाभन यादव के रूप में हुई है। पुलिस की मानें तो युवक की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि तालाब में डूबने से उसकी मौत हुई हैं। हालांकि पुलिस ने जब उसे बरामद किया था तब उसका सांस चल रहा था तथा अनुमंडलीय अस्पताल में इजाज के दौरान उसके पेट से पानी निकाला जा रहा था। इसी दौरान उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले पंचनामा करा पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेज दिया है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस मामले में कुछ कहा जा सकता है कि उसकी मौत कैसे हुई है। वही, समाचार लिखे जाने तक परिजनों द्वारा इस मामले में किसी तरह की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी। युवक की मौत से क्षेत्र में कई तरह की चर्चाएं हो रही थी।

## विश्व बाल श्रम दिवस पर डुमरांव नगर परिषद में रैली निकाल किया जागरूक




**डुमरांव।** स्थानीय शहीद पार्क में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को इसे रोकने और बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का संदेश दिया गया। श्रम संसाधन विभाग एवं दिशा एक प्रयास के तहत नगर में एक रैली निकाल लोगों को इसके प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। रैली निकालने से पहले मौजूद महिला व पुरूषों को बताया गया कि बाल मजदूरी कानून एक अपराध है। प्रत्येक बालक और बालिका जिने और शिक्षा का अधिकार इससे उन्हें वंचित नहीं करना चाहिए। बाल श्रम की क्रूरता को समाप्त करने के लिए हर वर्ष 12 जून को विश्व बाल श्रम निशेष दिवस मनाया जाता है। निकाली गई रैली के दौरान महिलाओं और बच्चों ने अपनी आवाज बुलंद करते हुए विभिन्न नारों की आवाज बुलंद की। बच्चे कह रहे थे बाल श्रम हम नहीं करेंगे, नहीं करेंगे। मौजूद महिलाओं ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की इस तरह का कार्यक्रम होते रहना चाहिए, इससे लोगों में जागरूकता आएगी और समाज जागृत होगा। मौके पर सुधीर कुमार, रूपा देवी, डा. संजय कुमार, श्रेया केशरी, अस्मिता कुमारी, खुशी कुमारी, साधना कुमारी, रीता देवी, माधुरी देवी, अंजू देवी, मीरा देवी, सोनी कुमारी, संगीता कुमारी, रामस्वरो देवी, कोमल, सुनीता, उषा, रेखा, मुन्नी, रेणू, ममता, पूनम, सीमा, इमरान, अविनाश, यशराज, राजकुमार, सहिल, पप्पु, मोहित, चंदन, दीपक, मोहन, सोहन सहित अन्य का सराहनीय सहयोग रहा।

## शिक्षिका से दिनदहाड़े लूट मामले का उद्भेदन, पुलिस अभिरक्षा में दो किशोर

- मुख्य आरोपित के ठिकाने से मिला देशी कट्टा, गिरफ्तारी के लिए हो रही है संभावित ठिकानों पर छापेमारी

केटी न्यूज/चौगाईं

तीन जून की सुबह मुरार थाना क्षेत्र के बरांव मोड़ के पास एक शिक्षिका से हथियार के बल पर सोने की चेन व लॉकेट लूट मामले की पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने दो किशारों को हिरासत में ले पूछताछ कर मामले का पदार्फाश किया। इसके बाद किशोरों को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। हालांकि मुख्य आरोपित चौगाईं का कुख्यात मंगरा कमकर पुलिस को चकमा दे भागने में सफल रहा। उसके ठिकाने से पुलिस ने एक देशी कट्टा बरामद किया है तथा उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुरार थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय ने बताया कि कुख्यात मंगरा कमकर ने ही इस लूट कांड को अंजाम दिया था। जबकि किशोरों की भूमिका लाईनर की थी। उन्होंने बताया कि उसे जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**क्या है घटना क्रम**

दसियांव गांव निवासी तथा मध्य विद्यालय चौगाईं की सहायक शिक्षिका विजय लक्ष्मी देवी 3 जून की सुबह अपने पुत्र के साथ बाइक पर विद्यालय जा रही थी। रास्ते में बरांव मोड़ के पास बाइक सवार अपराधियों ने ओवरटेक कर उनकी बाइक रूकवा तथा हथियार के बल पर शिक्षिका से सोने की चेन व लॉकेट लूट फरार हो गए थे। इस दौरान लूटेरों का एक चप्पल तथा एक गमछा घटना स्थल पर छूट गया था। इसी चप्पल और गमछा के आधार पर पुलिस लूटेरों तक पहुंचने में कामयाब रही।

**लूट व छिनतई के कई मामलों में फरार चल रहा है मंगरा**

पुलिस की मानें तो चौगाईं का मंगरा कमकर कुख्यात लूटेरा है तथा उसपर मुरार सहित जिले के कई थानों में लूट व छिनतई के मामले दर्ज है। जिनमें वह फरार चल रहा है। शिक्षिका से लूट मामले का वह मास्टरमाइंड है। पुलिस ने बताया कि वह अपने गिरोह में नये नये लड़को को शामिल करता है तथा शुरूआत में उनसे लाईनर का काम लेता है। इस घटना में पकड़े गए दोनों किशोर भी उसके लिए लाईनर की भूमिका ही निभा रहे थे। पुलिस जल्द अन्य अपराधियों की धर-पकड़ कर लेगी।

## आयुष चिकित्सक के भरोसे चला अनुमंडलीय अस्पताल का ओपीडी

केटी न्यूज/डुमरांव




बुधवार को ओपीडी सेवा में रोस्टर के अनुसार पांच डाक्टरों को अपनी सेवा देनी थी, लेकिन मौजूद थे मात्र दो चिकित्सक एक महिला डॉ. रश्मि कुमारी व आयुष चिकित्सक डॉ. संजय मिश्रा अपनी सेवा दे रहे थे। वहीं बच्चा के डाक्टर में डॉ. सतीश कुमार को ओपीडी में मौजूद रहना था, लेकिन वे बगैर कोई सूचना के गायब रहे। ऐसे में बच्चा को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे अभिभावकों को लौट निजी क्लीनिक का सहारा लेना पड़ गया, जहां उन्हें आर्थिक और शारीरिक कष्ट झेलना पड़ा। इस भीषण गर्मी में मरीज दूर-दराज के इलाके से आ रहे है। और अस्पताल में डाक्टर नहीं।

**रोस्टर के अनुसार चिकित्सक नहीं करते ड्यूटी**

अनुमंडलीय अस्पताल की ओपीडी सेवा चरमरा कर रह गई है। रोस्टर के अनुसार डॉक्टर अपनी ड्डूटी कभी नहीं करते, जिससे दूर दराज से आए मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ जाता है। बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल में ओपीडी सेवा में बच्चा के डाक्टर सहित पांच चिकित्सकों की ड्यूटी लगी हुई थी, लेकिन मौजूद थे, मात्र दो ही, उसमें भी एक आयुष चिकित्सक ओपीडी सेवा संभाले हुए थे। महिला चिकित्सक में केवल कुमारी रश्मि मौजूद थी।

**गायब रहे शिशु चिकित्सक**

अनुमंडलीय अस्पताल में एक माह पहले दो बच्चा के डाक्टर डा. उमेश प्रसाद और डा. सतीश कुमार को पदस्थापित किया गया है। बुधवार को डा. सतीश कुमार की ड्यूटी थी, लेकिन वे ओपीडी सेवा से नदारद थे। इस बात को लेकर डीएम व सीएस ने भी नाराजगी जतायी है। बावजूद डॉक्टरों की लापरवाही तथा बिना सूचना गायब रहने की आदत छूटने का नाम नहीं ले रही है। जिससे कई सवाल खड़े हो रहे है।

**क्या कहते हैं विधायक**

स्थानीय विधायक डा. अजीत कुशवाहा का कहना है कि अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डा. गिरीश कुमार का ही कार्य प्रणाली सही नहीं है। इनके प्रभार में रहते चिकित्सकों की मनमानी नहीं रूक सकती है और अनुमंडलवासियों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा नहीं मिल सकती है।

## नप क्षेत्र के वार्ड एक और दो से शुरू हुआ विकास कार्य

केटी न्यूज/ डुमरांव

लोकसभा चुनाव के कारण नगर में नली-गली बनाने और मरम्मत का कार्य रूका हुआ था। इलेक्शन समाप्त होते ही कार्य शुरू कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार नगर परिषद के अधीन नली, गली निर्माण और मरम्मती के लिए कुल 37 योजनाओं को लिया गया है। उन योजनाओं पर बुधवार से कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। नगर के विस्तारित क्षेत्र पुरानाभोजपुर के वार्ड एक और दो में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए नप चेयरमैन सुनीता गुप्ता ने बताया की शुरू हुए कार्य को एजेंसी सही से करा राह है की नहीं इसकी निगरानी के लिए गठित टीम को निरीक्षण के लिए भेजा गया है। शुरू हुए कार्य के साइट पर कुछ वार्ड पार्षद और चेयरमैन प्रतिनिधि सुमित गुप्ता मौजूद रहे। उन्होंने बताया की एजेंसी द्वारा कार्य सही ढंग से कराया जा रहा है। गलत कार्य होने पर मोहल्ले वालों से कहा गया है कि इसकी सूचना तत्काल नप को दें। चेयरमैन ने बताया की बरसात से पहले सारे कार्य को सम्पन्न करा देना है ताकि जलजमाव से लोगों को परेशानी नहीं हो। साथ ही घरों से निकलने वाला पानी भी गली या रोड पर नहीं बहे इसको लेकर सभी योजनाओं पर कार्य शुरू करा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्य की पूरी निगरानी रखी जाएगी। ताकि कार्य गुणवत्तापूर्ण हो। किसी की कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी। कार्य नहीं करने वालों पर कार्रवाई होगी। कार्य शुरू होने मोहल्लेवासियों में खुशी व्याप्त है।




एनक्वास की तैयारियों को लेकर जिले की सीएचओ को दिया गया ऑनलाइन प्रशिक्षण


# जिले के सभी सीएचओ को अपने-अपने एचडब्ल्यूसी का इंटरनल असेसमेंट पूरा करने का मिला टास्क

केटी न्यूज/बक्सर




जिले में ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने व लाभुकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स को अपग्रेड किया जाना है। इस क्रम में जिले के 12 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स का चयन किया गया है। जिनको नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्यूएएस/एनक्वास) के लिए तैयार किया जाएगा। इसके लिए इन चयनित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स के सीएचओ के साथ शेष सीएचओ को एनक्वास की तैयारियों को लेकर ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें पीरामल फाउंडेशन की शिल्पा गांधी ने सभी सीएचओ को चेक लिस्ट भरने व उनके फैसिलिटी की समस्याओं को दूर करने के लिए अनिवार्य टूल्स की जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर के रूप में पीरामल फाउंडेशन की शिल्पा गांधी ने बताया कि एनक्वास के लिए सबसे जरूरी बात यह है कि सेवाओं व सुविधाओं को लेकर आपकी फैसिलिटी पर किसी प्रकार की समस्या या बाधा न रहे। इसके लिए हमें सभी समस्याओं को बारीकियों से जांच करनी होगी। उन्होंने कहा कि जब क्वालिटी के लिए काम किया जाता है तो फैसिलिटी में कई प्रकार की समस्याएं देखने को मिलती है। जिसमें हमें उन समस्याओं के कई कारक देखने को मिलता है। ऐसे में हमें एक एक समस्याओं का हल निकालना होगा। इसके लिए हम लोगों को क्वालिटी टूल्स की मदद लेना अनिवार्य हो जाता है। जिसकी मदद से हम फैसिलिटी की समस्याओं को हल कर सकते हैं।

समस्याओं के निराकरण के लिए फिश बोन एनालिसिस जरूरी ट्रेनर शिल्पा गांधी ने बताया कि अलग अलग हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स या स्वास्थ्य संस्थानों की अपनी अलग अलग समस्याएं हैं। जिनको चिह्नित करने के लिए फिश बोन एनालिसिस बेहद जरूरी है। जिसके कई उपयोग हैं। जिसमें सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इसके माध्यम से अलग-अलग परिस्थितियों में समस्याओं के संभावित कारणों की पहचान कर सकते हैं। साथ ही, इसके जरिए संस्थान में उत्पन्न समस्याओं के गुणवत्ता पूर्ण नियंत्रण के लिए विशिष्ट समय पर किन संसाधनों की आवश्यकता है, उसकी भी जानकारी भी मिलती है। उन्होंने बताया कि फिशबोन एनालिसिस ष्छह एमष का अनुश्रवण करता है। जिसमें मटेरियल, मेथड, मेजरमेंट, मैन पावर, मशीन व मदर नेचर शामिल हैं। जो हमें संस्थानों में समस्याओं को चिह्नित करने में मददगार साबित होते हैं। जिले के सभी एचडब्ल्यूसी को होगा असेसमेंट प्रशिक्षण के दौरान डीसीक्यूए रुचि कुमारी ने सीएचओ को बताया कि एनक्वास के लिए जिले के 12 एचडब्ल्यूसी का चयन किया गया है। जिनमें सदर प्रखंड का नदांव, डुमरांव प्रखंड का लाखन डिहरा, इटाढ़ी प्रखंड के इंदौर व पिठनी, नावानगर प्रखंड के कड़सर, सिमरी प्रखंड के काजीपुर व खरहाटांड़, ब्रह्मपुर प्रखंड के गायघाट, राजपुर प्रखंड के खरहना तथा चौगाईं प्रखंड के वीरपुर व अमसारी एचडब्ल्यूसी शामिल हैं। इन एचडब्ल्यूसी को अपना इंटरनल असेसमेंट कर चेकलिस्ट जल्द से जल्द पूरा कर जमा कर दें। जिसके बाद चेक लिस्ट की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि इन एचडब्ल्यूसी के अलावा जिले के सभी एचडब्ल्यूसी का एक्सटर्नल असेसमेंट किया जाएगा। इसके लिए सभी एचडब्ल्यूसी के सीएचओ अपने स्तर से इंटरनल असेसमेंट कर चेकलिस्ट जमा करेंगे। ताकि, शेष एचडब्ल्यूसी को भी एनक्वास के लिए तैयार किया जा सके।



# आरा सदर अस्पताल में बाइक लगाने के विवाद में कर्मचारी की पिटाई, जमकर हंगामा

- सुरक्षा कर्मियों ने अस्पताल के एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी को पीटा
- घटना से आक्रोशित अस्पताल कर्मियों ने इमरजेंसी छोड़ सभी ओपीडी सहित सेवाओं का किया बहिष्कार
- सुरक्षा एजेंसी के सुपरवाइजर और इंचार्ज को अस्पताल प्रशासन ने किया तलब





**केटी न्यूज/आरा**

सदर अस्पताल की न्यू इमरजेंसी वार्ड के गेट पर बुधवार को बाइक लगाने के विवाद में सुरक्षा कर्मियों ने अस्पताल के एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी को पीट डाला। उसमें वह चोटिल हो गए, जिनका इलाज भी कराया गया। कर्मचारी का कसूर इतना था कि उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को एक डाक्टर के साथ दुर्व्यवहार करने का विरोध किया था। इधर, मारपीट की घटना के बाद अस्पताल के कर्मचारी भड़क उठे और जमकर हंगामा किया। गुस्साए कर्मियों द्वारा सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर इमरजेंसी छोड़ ओपीडी सहित सभी सेवाओं का बहिष्कार कर दिया गया। उससे सदर अस्पताल का काम काज कुछ देर तक बाधित रहा।

घटना को लेकर अस्पताल में देर तक अफरातफरी मची रही। पीड़ित कर्मी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभी डुमरा गांव निवासी परमेश्वर प्रसाद हैं। वह अस्पताल के पोस्टमार्टम विभाग में कार्यरत है। वहीं मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उसमें सुरक्षाकर्मियों द्वारा अस्पताल कर्मचारी के साथ धक्का-मुक्की करते देखा जा रहा है। हालांकि बाद में मौके मौजूद स्वास्थ्यकर्मी और अन्य लोगों मामले को शांत कराया गया। इधर, सदर अस्पताल प्रशासन ने घटना को काफी गंभीरता से लिया है। अस्पताल प्रशासन की ओर से सुरक्षा एजेंसी के सुपरवाइजर व इंचार्ज को तलब किया गया है। प्रभारी सिविल सर्जन डाक्टर प्रतीक ने बताया कि सदर अस्पताल की सुरक्षा के लिए नई सुरक्षा एजेंसी आई है। उनके गार्ड का रवैया काफी हद तक गैरजिम्मेदार देखा जा रहा है। वीडियो क्लिप देखने के बाद शुरूआती जांच में रहा है कि सुरक्षा कर्मियों द्वारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट लिखवाने डाक्टर के पास जा रहे उनके एक स्टाफ के साथ हाथापाई की गयी है। मामला गंभीर है। उसकी जांच की जा रही है। इस मामले में दोषी सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उसके लिए सुरक्षा एजेंसी के सुपरवाइजर और इंचार्ज को बुलाया गया है। प्रभारी सीएस ने कहा कि सभी कर्मचारी काम कर रहे हैं। काम काज बाधित होने जैसी कोई बात नहीं है।

### कर्मी बोले: पहचान बताने के बाद भी की गयी मारपीट

पीड़ित अस्पताल कर्मी परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि बुधवार की दोपहर वह पोस्टमार्टम रिपोर्ट लिखवाने रजिस्टर लेकर डाक्टर के पास इमरजेंसी वार्ड में जा रहे थे। वह इमरजेंसी के गेट पर पहुंचे। उसी समय सदर अस्पताल में पोस्टेड फिजियोथैरेपी चिकित्सक डा विजय मिश्रा बाइक से इमरजेंसी वार्ड के पोर्टिको के पास पहुंचे। वह अपनी बाइक पार्क कर रहे थे। तभी मौजूद सुरक्षा कर्मियों द्वारा दुर्व्यवहार करते हुए उनको बाइक हटाने को कहा गया। उस पर उन्होंने सुरक्षाकर्मियों ने डाक्टर के साथ दुर्व्यवहार करने से मना किया। तब सुरक्षा कर्मियों द्वारा उनके साथ भी तुम-ताम की जाने लगी। उन्होंने कहा कि वह यहां के स्वास्थ्यकर्मी हैं। उसके बाद सुरक्षाकर्मी उनके साथ दुर्व्यवहार करने लगे। उसी दौरान पांच-छह की संख्या में रहे सुरक्षाकर्मियों द्वारा उन्हें धक्का-मुक्की करते हुए उनकी पिटाई कर दी गई। उससे वह जख्मी हो गए। इधर, कर्मी के साथ मारपीट की सूचना मिलते ही अस्पताल के सभी कर्मचारी जमा हो गए और सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रहे थे।

**अस्पताल प्रशासन ने माना: सुरक्षा कर्मियों का रवैया ठीक नहीं:** अस्पताल प्रशासन ने स्वीकार किया है कि सुरक्षा कर्मियों का रवैया खासकर कर्मियों के प्रति ठीक नहीं है। पूर्व में एक-दो बार इस तरह की घटनाएं हो चुकी है, जो उचित नहीं है। प्रभारी सीएस डाक्टर प्रतीक ने बताया कि बाहरी और शरारती तत्वों से बचाव के लिए सुरक्षा कर्मियों को रखा गया है। अस्पताल से काम करने वाले सभी स्टाफ एक परिवार हैं। सभी को एक-दूसरे का आदर करना चाहिए। हालांकि बुधवार की घटना को देखने से कुछ ऐसा नहीं लग रहा है। पहचान बताने के बाद भी सुरक्षा कर्मी डाक्टर से उलझ गए। एक अस्पताल कर्मचारी से भी हाथापाई की गयी। यह कहीं से ठीक नहीं है।

## खबरें फटाफट

### छत पर कपड़ा डालने जा रही महिला की करंट लगने से मौत

**आरा।** गजराजगंज ओपी क्षेत्र के अख्तियारपुर बड़का गांव में बुधवार की सुबह करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृत महिला अख्तियारपुर बड़का गांव निवासी विनोद यादव की 38 वर्षीया पत्नी इंदू देवी थी। उनके बेटे धनलाल ने बताया कि बुधवार की सुबह वह स्नान करने के बाद कपड़े डालने छत पर जा रही थी। उसी दौरान घर में लगा बिजली का तार टूट कर उन पर गिर पड़ा और वह बुरी तरह झुलस गई। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर टाउन थाना की पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा है कि महिला को दो पुत्री और पुत्र है।

### 5 लीटर शराब बरामद धंधेबाज फरार

**संझौली।** संझौली पुलिस ने देशी शराब किया बरामद मामले में संलिप्त कारोबारी फरार। संझौली थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के संझौली बाल से गुप्त सूचना के आधार पर 5 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया। लेकिन मामले में संलिप्त धंधेबाज पुलिस की भनक मिलते ही भाग निकला। श्री कुमार ने कहा कि फरार धंधेबाज को बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**दिनारा।** विद्युत आपूर्ति प्रशाखा दिनारा अंतर्गत विद्युत शक्ति उपकेंद्र की मरम्मति एवं ट्री ब्रांच कटिंग कार्य को लेकर दिनारा अंतर्गत सभी फीडर शुक्रवार को 8 बजे से 12 बजे तक बन्द रहेगी। उक्त अवधि में मरम्मती का कार्य किया जायेगा। कनीय विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रशाखा दिनारा विकास कुमार के द्वारा बताया गया कि निर्वाध रूप से विद्युत आपूर्ति हेतु विद्युत शक्ति उपकेंद्र से निकलने वाली 11 के.वी. फीडर का विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## सिकरहट्टा और कुरमुरी गांव के बीच बनास नदी पुल के पास बुधवार दोपहर की घटना

# लूटपाट के दौरान सीएसपी संचालक के साले को बदमाशों ने सरेराह मारी गोली

- पीरो बैंक से पैसे निकाल खुटहा जाने के दौरान अपराधियों द्वारा वारदात को दिया गया अंजाम
- राइडर बाइक सवार तीन अपराधियों ने बाइक चला रहे संचालक के साले को मारी गोली
- जख्मी बोला: पैसे छीन ले गए अपराध कर्मी, सीसीटीवी फुटेज जांच करने के पुलिस ने कहा बच गये पैसे
- अपराधियों की पहचान और धरपकड़ में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में बिहिया-बिहटा स्टेट हाइवे पर बुधवार की दोपहर अपराधियों द्वारा बाइक सवार एक सीएसपी संचालक से लूटपाट की कोशिश की गयी। उस दौरान बाइक चला रहे उसके साले को गोली मार दी। पीरो बैंक से पैसे निकाल कर खुटहा स्थित सीएसपी जाने के दौरान उन्हें गोली मारी गई है। गोली उसके दाहिने साइड पेट में लगी, जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद अपराध कर्मी हथियार लहराते भाग निकले। घटना सिकरहट्टा और कुरमुरी गांव के बीच बनास नदी पुल के समीप दोपहर के करीब डेढ़-दो बजे की है। सीएसपी संचालक के अनुसार अपराधी पैसे छीन कर भाग गये। हालांकि पुलिस लूट की घटना से इनकार कर रही है। सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद पुलिस का कहना है कि अपराधी पैसे लुटने में सफल नहीं हो सके हैं। अपराधियों की संख्या तीन बतायी जा रही है। तीनों बाइक पर सवार थे। जख्मी युवक नारायणपुर थाना क्षेत्र के मड़नपुर गांव निवासी लाल मोहर उपाध्याय का 26 वर्षीय पुत्र बिट्टू उपाध्याय है। उसका इलाज आरा के महावीर टोला स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में कराया जा रहा है। इधर, दिनदहाड़े लूट पाट और गोली मार जाने की घटना से पूरे इलाके में सनसनी मच गयी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच एवं अपराधियों की गिरफ्तारी में जुट गयी है।

**जख्मी का आरा के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में चल रहा इलाज**



### जख्मी के जीजा इमादपुर के खुटहां बाजार में चलाते हैं सीएसपी

जख्मी बिट्टू उपाध्याय ने बताया कि उसके जीजा संतोष ओझा इमादपुर के खुटहां बाजार में सीएसपी चलाते हैं। बुधवार दोपहर वह अपने जीजा संतोष ओझा के साथ पीरो से ढाई लाख रुपए निकाल कर खुटहां स्थित सीएसपी जा रहा था। तभी पीछे से पीछा कर रहे बाइक सवार तीन की संख्या में अपराधियों ने सिकरहट्टा और कुरमुरी गांव के बीच बनास नदी पुल के समीप गोली मार दी। एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि चौरी थाना क्षेत्र के कौलोडिहरी निवासी संतोष ओझा का खुटहा बाजार में सीएसपी है। पीरो से बैंक से पैसे निकाल साले के साथ जा रहे सीएसपी संचालक से लूट की कोशिश की गयी है। उस क्रम में उसके साले को गोली मारी गई मारी गयी है। सीसीटीवी फुटेज के जरिए अपराध कर्मियों की पहचान की जा रही है। गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है।

### पीरो से पीछा कर रहे थे अपराधी, गोली लगने के बाद कोई नहीं आया बचाने

बिट्टू उपाध्याय ने बताया कि उसके जीजा संतोष ओझा खुटहां बाजार में एसबीआई का सीएसपी केंद्र चलाते है। बुधवार की दोपहर को वह अपने जीजा के साथ पीरो एसबीआई बैंक के मेन ब्रांच में नगद रुपए निकालने गया था। पैसे निकालने के बाद दोनों बाइक से खुटहां बाजार लौट रहे थे। वह बाइक चला रहा था, जबकि उसके जीजा बाइक पर पीछे बैठे थे। उसके जीजा के पास बैग में बैंक से निकाले ढाई लाख नगद रुपए थे। उसकी बाइक का बिना नंबर प्लेट की राइडर बाइक पर सवार तीन युवकों द्वारा पीरो के नजदीक ओवरब्रिज के समीप से पीछा किया जा रहा था। वह सिकरहट्टा और कुरमुरी गांव के बीच बनास नदी पुल के समीप पहुंचा। तभी राइडर बाइक पर सवार अपराधियों ने चलती बाइक पर उसे गोली मार दी। उससे उसका संतुलन बिगड़ गया और वह बाइक सहित चार्ट में गिर पड़ा, जबकि उसके जीजा पैसे से भरा बैग लेकर थाना की ओर भाग निकले। तब तीनों अपराधी हथियार लहराते हुए बाइक से फरार हो गए। उस दौरान वह ढेला फेंक कर और हाथ हिलाकर लोगों से मदद की गुहार लगाता रहा, लेकिन कोई नहीं आया। उसके बाद उसे इलाज के लिए पीरो और आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। हालांकि परिजन पटना नहीं ले जाकर शहर के महावीर टोला स्थित निजी अस्पताल में उसका इलाज करा रहे हैं।

## एक नजर

### जहानाबाद में सोए अवस्था में एक युवक को गोली मारकर की हत्या, मचा कोहराम

**जहानाबाद।** चुनाव सम्पन्न होते ही अपराधियों का मनोबल सातवें आसमान पर पहुंच गया है। जिले में अपराध की घटनाओं में वृद्धि होती जा रही है। इसी कड़ी में बीते रात्रि जिले के ओकरी ओ पी क्षेत्र के ग्राम मसाढ़ में एक सोए अवस्था में एक युवक को गोली मारकर हत्या कर दिया गया। ज्योंहि अहले सुबह मृतक के मां अपने बेटे को उठाने आया तो मृत पड़ा देख दहाड़ मार रो पड़ी, चित्कार की आवाज सुनते ही लोगों में अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। वही घटना की सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जहानाबाद भेजा। बताया जाता है कि प्रत्येक मंगलवार की भांति इस मंगलवार को एक गांव के ही मंदिर में भजन कीर्तन समाप्त होने के उपरांत , युवक अनिकेत कुमार गांव के ही एक ठाकुर के दालान पर सो गया।सुबह जब अनिकेत की मां जगाने गई तो देखा कि अनिकेत खून से लहुलुहान मृत पड़ा हुआ है। पुत्र को मृत पड़ा देख मां चित्कार मार रो पड़ी , जहां लोगों में अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया और भीड़ इकट्ठा हो गई। वही मृतक के चचेरे भाई पिंटु कुमार ने बताया कि मृतक विशुनदेव राम के पुत्र अनिकेत कुमार उर्फ पारस है,जिसका उम्र करीब 20 बर्ष है,और नौकरी के लिए तैयारी कर रहा था। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मंलवार को गांव के ही मंदिर में भजन कीर्तन होता है, बीते रात्रि भी भजन कीर्तन कर लौटने के क्रम में ठाकुर जी के दालान पर सो गया।सुबह में मृतक की मां जगाने गई तो देखा कि लड़का मृत पड़ा है। वही उन्होंने बताया कि मृतक के माथे में दो गोली का निशान है। अब यहां सवाल उठता है कि जहानाबाद में चुनाव सम्पन्न होते ही क्या अपराधियों का मनोबल सातवें आसमान पर चढ़ गया है। जो आए दिन कही न कही कोई न कोई घटना का अंजाम दिया जा रहा है। बीते एक सप्ताह में अनेक आपराधिक मामले प्रकाश में आया है।

### कबाड़ी दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**जहानाबाद।** घोसी ब्लॉक के समीप एक कबाड़ी दुकान में मंगलवार की रात अचानक आग लग गई। इस अगलगी में पीड़ित दुकानदार का लाखों रुपए की संपत्ति जलकर नष्ट हो गया। इस संदर्भ में पीड़ित दुकानदार केवाली गांव निवासी चंदन प्रसाद केसरी उर्फ साधु ने बताया कि प्रतिदिन की भांति उसके पिता मंगलवार की शाम अपने कबाड़ी की दुकान को बंद कर घर चले गए इसी बीच रात्रि के लगभग ग्यारह बजे कुछ लोगों के द्वारा उनके दुकान में आग लगने की सूचना दी गई। हालांकि इस दौरान आसपास के लोगों के द्वारा इस आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड की टीम को दिया गया जहां मौके पर पहुंचे खुद थानाध्यक्ष ओमप्रकाश के नेतृत्व में फायर ब्रिगेड की टीम के द्वारा काफी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया गया। इस संदर्भ में पीड़ित दुकानदार ने बताया कि इस अगलगी में उसका लगभग 7 से 8 लख रुपए की संपत्ति जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई।

# छपरा निवासी ट्रक मालिक की हत्या के आरोप में खनन विभाग का प्राइवेट ड्राइवर गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

- बड़हरा थाना क्षेत्र के एकौना गांव से मंगलवार पकड़ा गया चालक
- आरा छपरा फोरलेन पर कोईलवर थाने के झलकु नगर के समीप शनिवार की रात हुई थी घटना
- जांच के दौरान ओवरलोडिंग के नाम दो लाख रुपए नहीं देने पर मारपीट में गयी थी ट्रक मालिक की जान

**केटी न्यूज/आरा**

आरा। कोईलवर थाना क्षेत्र में शनिवार की रात सारण निवासी ट्रक मालिक सह चालक की हत्या में पुलिस के मामले में ने खनन विभाग के प्राइवेट चालक को गिरफ्तार कर लिया। वह बड़हरा थाना क्षेत्र के एकौना गांव निवासी शुभम सिंह है। उसे मंगलवार की रात गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद गिरफ्तार करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। सदर एसडीपीओ टू रंजीत कुमार सिंह की ओर से गिरफ्तारी की पुष्टि की गयी है।

उन्होंने बताया कि पूछताछ और जांच के दौरान मारपीट में संलिप्तता सामने आने के बाद एकौना गांव निवासी शुभम सिंह को गिरफ्तार किया गया है। वह खनन विभाग में प्राइवेट ड्राइवर तौर पर काम करता है। बता दें कि शनिवार की रात कोईलवर थाना क्षेत्र के झलकु नगर के पास जांच के दौरान खनन विभाग की टीम द्वारा छपरा के डोरीगंज थाना क्षेत्र के लोदीपुर चिरांद गांव निवासी ट्रक मालिक सह चालक हरिदर्शन कुमार राय की पिटाई कर दी गई थी। उसकी पटना पीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। उस मामले को लेकर ट्रक मालिक के भाई राम दर्शन कुमार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उसमें खनन विभाग की टीम के गार्ड और चालक पर ओवरलोडिंग के नाम पर दो लाख रुपए की मांग करने और नहीं देने पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया गया है। हालांकि खनन विभाग की टीम की ओर से मारपीट करने से इनकार किया गया है। उधर, प्राथमिकी दर्ज करने के बाद से एसडीपीओ टू रंजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। उस मामले में मंगलवार की रात पुलिस द्वारा खनन विभाग की जांच टीम में शामिल कर्मियों से पूछताछ भी की गयी थी।






## कराकाट में कृषि प्रौद्योगिकी आत्मा की ओर से खरीफ कार्यशाला का आयोजन

# फसल के रोग और कीटनाशक की सही जानकारी जरूरी: शोभा

**केटी न्यूज/काराकाट**

काराकाट प्रखंड मुख्यालय में कृषि प्रौद्योगिकी आत्मा रोहतास की ओर से खरीफ कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्धघाटन संजय कुमार शर्मा प्रखंड कृषि पदाधिकारी, अवधेश सिंह विधायक प्रतिनिधि और मनोज कुमार सिंह कृषि समन्वयक अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंच का संचालन अजित सिंह प्रखंड तकनीकी प्रबंधक द्वारा किया गया।

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ शोभा रानी ने फसल के रोग और कीटनाशक के बारे में विस्तृत से जानकारी दी। सहायक निदेशक कृषि अभिमंत्रण भूमि संरक्षण आशीष कुमार खरीफ मौसम में कृषि विभाग के योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। विषय वस्तु विशेषज्ञ संजू कुमारी ने आत्मा योजना के बारे में तथा उद्यान बिभाग के योजना के बारे में जानकारी दिए गया। वही प्रखंड कृषि पदाधिकारी संजय कुमार शर्मा ने खरीफ मौसम की पूरी फसल के बारे में कृषि विभाग के बारे जानकारी दी गयी प्रखंड आत्मा अध्यछ प्रेम प्रकाश ने समेकित कृषि के बारे में बताया तथा प्रखंड कृषि पदाधिकारी अजित कुमार ने धन्यवाद के साथ बाद को समाप्त किया। मौके पर कृषि समन्यवक सुदर्शन सिंह मनोज कुमार सिंह संजीव कुमार लाल, मेराज अली, अरुण कुमार सिंह व ककलेश कुमार सिंह किसान सलाहकर जैनेंद्र कुमार सिंह सहित सभी किसान सलाहकार प्रगतिशील किसान प्रवीण कुमार सिंह, जयशंकर पटेल, गर्जन, सिंगाशन अशोक सहित अन्य किसान उपस्थित हुए।

### मोबाइल मरम्मती का ट्रेनिंग लेकर स्वरोजगार शुरू करेंगे युवा

**नोखा।** पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में मोबाइल रिपेयरिंग व सर्विस का प्रशिक्षण शुरू किया गया। नोखा प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में मोबाईल फोन रिपेयरिंग व सर्विसिंग का 30 दिवसीय कार्यक्रम शुरू हो गया है। इस प्रशिक्षण में बिक्रमगंज, सासाराम,डेहरी,संझौली,नोखा व तिलौथु प्रखंड से कुल 35 प्रशिक्षणार्थी अपना स्वरोजगार हेतु शामिल हुए है। इस प्रशिक्षण में बीपीएल परिवारों को संस्थान विशेष सुविधा के अनुसार दूर दराज से आए प्रशिक्षणाथीयी को हॉस्टल सुविधा दी जायेगी। जिसमें नि:शुल्क प्रशिक्षण व रहने-खाने को दिया जायेगा। इस प्रशिक्षण का शुभारंभ विभाकर झा,अग्रणी जिला प्रबंधक व आरसेटी निदेशक बीरेंद्र प्रसाद के द्वारा किया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक ने सभी प्रशिक्षणाथीर्यो को स्वरोजगर हेतु अपने-अपने क्षेत्रीय बैंको से ऋण भी दी जायेगी। जिससे वें अपने कार्य को बेहतर तरीके से कर सकें। आरसेटी निदेशक ने बताया कि सभी प्रशिक्षणार्थी बैंक से जुड़े। बैंको में चल रहे स्कीमों के बारे में जानकारी दिया जायेगा। सुरक्षा जीवन ज्योति बीमा योजना,अटल पेंशन योजना,सुकन्या बीमा योजना व ऋण के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी जायेगी। प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रशिक्षणार्थियों को ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा। इस प्रशिक्षण के ट्रेनर सरोज कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षणाथीयी को पुराने व आज के दौर में चल रहे नई मोबाईल फोन के पाट्र्स, टूल्स व आप किसी भी खराब मोबाईल को कैसे बना सकते हैं हार्डवेयर व सॉफ्टवेयर दोनो तरीके बताएं जायेंगे।

# मोर्चरी में सड़ रहा शव, सीएमओ ले रहे एसी का मजा, लोगों ने जिलाधिकारी के निरीक्षण पर उठाए सवाल

♦ परिजनों का आरोप है कि मोर्चरी हाउस में डीप फ्रीजर चालू न होने के कारण शव बुरी तरह से सड़ गया है और बदबू आ रहा है

**तिलक कुमार / बलिया**





भीषण गर्मी के कारण एक तरफ जहां जनपद में त्राहिमाम मचा हुआ है, वहीं दूसरी तरफ जिला अस्पताल स्थित मोर्चरी हाउस में फ्रीजर बंद होने के कारण सड़ रहा है। जबकि जिला अस्पताल कैंपस में ही स्थित दफ्तर में सीएमएस और सीएमओ एसी का मजा ले रहे हैं। सबसे हैरत की बात तो यह है कि अभी दो दिन पहले ही जिलाधिकारी रवींद्र कुमार अपने औचक निरीक्षण में सब कुछ ओके पाए थे और अपने मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे, जबकि बुधवार को जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस के बाहर जिस तरह का आक्रोश तीमारदारों व परिजनों में देखा गया, उससे यह कहना बिल्कुल गलत नहीं होगा कि बलिया जनपद में जिला अस्पताल का संचालन रामभरोसे चल रहा है और जो कुछ भी हो रहा है सबकी साठगांठ से हो रहा है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि कुम्हैला गांव में बीती शाम दो युवक स्नान करते समय पोखरे में डूब गए थे, जिससे दोनों की मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल स्थत पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया था। परिजनों का आरोप है कि मोर्चरी हाउस में डीप फ्रीजर चालू न होने के कारण शव बुरी तरह से सड़ गया है तथा बदबू आ रहा है। परिजनों ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार सीमएओ व सीएमएस खुद एसी का मजा ले रहे हैं। लेकिन शव मोर्चरी हाउस में सड़ रहा है। इसकी कोई परवाह उन्हें नहीं है। बताया कि जिला अस्पताल का यदि यही रवैया आगे भी रहा तो आने वाले दिनों आंदोलन का शंखनाद किया जाएगा।

### निरीक्षण करते है या फिर कोरम पूरा करते हैं डीएम!

बलिया। तीमारदारों व परिजनों का आरोप यह भी था कि अभी दो दिन पहले ही जिलाधिकारी रवींद्र कुमार जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किए थे। इस दौरान उन्होंने अपने मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए थे। लेकिन अफसोस पोस्टमार्टम हाउस पर शायद डीएम साहब की नजरें इनायत नहीं हुई या फिर जानबूझ कर इनायत नहीं किए।

### क्या बोले सीएमओ

**बलिया।** सीएमओ डा. विजयपति द्विवेदी ने बताया कि तीमारदारों का बयान वैज्ञानिक बयान नहीं है। पोस्टमार्टम हाउस में फ्रीजर चल रहा है। लोगों का बयान बेबुनियाद है। वैसे भी इस भीषण गर्मी में शव सड़ ही जाता है और उसमें से बदबू आ ही जाती है।

## खबरें फटाफट

### गोष्ठी में बाल श्रम के विरुद्ध जनचेतना जागृत किया

**चंदौली ।** श्रम प्रवर्तन विभाग की ओर से बुधवार को अंतराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में बाल श्रम समस्याओं के संबंध में में प्रकाश डाला गया और जन मानस में बाल श्रम के विरूद्ध जन चेतना जागृत किए जाने पर बल दिया गया। परामर्श दाता गणेश विश्वकर्मा ने किशोर न्याय अधिनियम पर चर्चा करते हुए कहा कि बच्चों के जो अधिकार प्राप्त हैं। उन अधिकारों से बच्चों को वंचित नहीं किया जा सकता । बाल श्रम प्रथा के उन्मूलन के लिए हर सम्भव मदद की बात कही। श्रम प्रवर्तन अधिकारी डीके मौर्य ने बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने की अपील जनमानस से की, ताकि बाल श्रम की मानसिकता से निजात पाया जा सके।

### हिंदू संगठनों ने श्रद्धालुओं पर हमले की निंदा की

**चंदौली ।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकताओं ने बीते दिनों जम्मू कश्मीर में वैष्णो देवी कटरा से शिव खोड़ी जाते समय हिन्दू, श्रद्धालुओं की बस पर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक आतंकवादियों की ओर से कायराना हमले के विरोध में बुधवार को राष्ट्रपति के नाम संबोधित पत्रक प्रभारी अधिकारी को सौंपा। कहा कि निर्दोष हिंदू तीर्थ यात्रियों पर कायराना हमले की जितनी भी निंदा की जाए कम है। जम्मू कश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है। धारा 370 हटने के बाद आशा जगी थी, लेकिन उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ है। मांग किया कि सरकार इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए निर्णायक और कठोर कदम उठाए। नरेंद्र प्रताप सिंह, संतोष तिवारी, शशि मिश्रा, पंकज सोनकर, प्रिंस पाठक सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### स्नान करते वक्त पोखरे में डूबे दो युवक, मौत

**बलिया।** सुखपुरा थाना क्षेत्र के कुम्हैला गांव में मंगलवार की शाम दो युवक स्नान करते वक्त पोखरे में डूब गए। जिससे दोनों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कुम्हैला गांव निवासी सत्यजीत वर्मा 18 वर्ष पुत्र अंजनी वर्मा तथा कुंज बिहारी वर्मा 18 वर्ष पुत्र विमलेश वर्मा गांव के ही अन्य युवकों के साथ पोखरे में स्नान करने गए हुए थे। जहां दोनों गहरे पानी में चले जाने के कारण डूबने लगे। बताया जा रहा है कि दोनों यूवक तैरना नहीं जानते थे। अभी अन्य युवक कुछ समझ पाते कि दोनों डूब गए।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

# विकास कार्यों से संबंधित निर्माण कार्य में गुणवत्ता और मानक का रखें ध्यान: डीएम

♦ निर्माण कार्य पूरा हो चुके भवनों का हस्तांतरण संबंधित विभाग के अधिकारी करें सुनिश्चित

**केटी न्यूज/बलिया**



जिलाधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में जनपद के विभिन्न निमार्णाधीन परियोजनाओं के विकास कार्यों से जुड़ी कार्यदायी संस्थाओं के परियोजना प्रबंधक व अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री की घोषणा से अच्छादित, 50 लाख से कम और अधिक लागत वाली, क्रिटिकल गैप और त्वरित आर्थिक विकास योजना से संबंधित निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा किया गया। जिले में लोक निर्माण विभाग निर्माण और प्रांतीय खंड, सीएन्डडीएस उत्तर प्रदेश जल निगम आजमगढ़, यूपीपीसीएल, यूपीआरएनएसएस, बलिया पूर्व नाम पैकफेड राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, निर्माण खंड-वाराणसी- 03 आजमगढ़, उत्तर प्रदेश सेतु निगम लिमिटेड, बलिया, उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड (पूर्व नाम लैकफेड), उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम लिमिटेड, वाराणसी और उत्तर प्रदेश जल निगम, बलिया सहित अन्य कार्यदायी संस्थाओं द्वारा विकास कार्यों से संबंधित निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं के परियोजना प्रबंधकों के द्वारा अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को पूरा करने का बार-बार आश्वासन देने के बाद भी समय से कार्य तय समय-सीमा पर पूर्ण न करने पर नाराजगी व्यक्त की और धीमी कार्य प्रगति वाले सभी कार्यदायी संस्थाओं के परियोजना प्रबंधको से स्वयं हस्तलिखित समय सीमा मांगी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूरा हो चुके भवनों का हस्तांतरण संबंधित विभाग के अधिकारियों को करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वाली और तय समय सीमा के अंदर कार्य पूरा न करने वाली कार्यदाई संस्थाओं पर कार्रवाई की जाएगी और उसकी रिपोर्ट शासन में भेजी जाएगी। कहा कि कार्यदाई संस्थाएं निमार्णाधीन विकास कार्यों में गुणवत्तापूर्ण और शासन द्वारा निर्धारित मानक का पूरा ध्यान रखें। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं, जिनके जनपद में स्थाई आफिस नहीं है,के परियोजना प्रबंधको को निर्देश दिया कि विकास कार्यों की प्रॉपर मॉनिटरिंग के लिए जनपद में अपने अस्थाई कार्यालय अवश्य बना लें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा से अच्छादित परियोजनाओं को प्राथमिकता से लेते हुए निर्माण कार्य कराना सुनिश्चित करें,इसकी समीक्षा सीधे शासन स्तर से होती है। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज,परियोजना निदेशक उमेश मणि त्रिपाठी, बीएसए मनीष सिंह सहित सभी कार्यदायी संस्थाओं के परियोजना प्रबंधक व अधिकारी मौजूद रहे।

## शांति समिति की बैठक में सद्भावना के साथ त्योहार मनाने की अपील

**केटी न्यूज/ मऊ**



आगामी त्यौहार बकरीद के दृष्टिगत जनपद स्तरीय शांति समिति की बैठक जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों द्वारा मलवे के निस्तारण हेतु गहरे गड्ढे की खुदाई करने, उन्हें निर्धारित स्थलों पर ही फेंकने हेतु लोगों को जागरूक करने, बिजली एवं पानी की आपूर्ति अनवरत सुनिश्चित करने, बकरीद के उपरांत नाले नालियों की विशेष साफ सफाई करने, सूअर बाड़े के मालिकों को पूर्व में ही नोटिस जारी करने, जानवरों को लाने एवं ले जाने में सुविधा प्रदान करने, आवागमन के रास्तों एवं निस्तारण स्थलों पर चूने एवं ब्लीचिंग का छिड़काव करने तथा साफ सफाई का विशेष ध्यान देने जैसी मांगों सहित कई समस्याओं से अवगत कराया गया।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अरशद जमाल ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन को बधाई देते हुए बताया कि नगर पालिका द्वारा आगामी त्यौहार बकरीद को देखते हुए पूरी तैयारी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि 70 स्थलों पर गड्ढों की खुदाई एवं पानी की नियमित सप्लाई हेतु पर्याप्त जेनरेटरों की भी व्यवस्था कर ली गई है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने त्योहार को सकुशल संपन्न कराने हेतु जिम्मेदार विभागों के अधिकारियों को छोटी सी छोटी बातों पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी दिनों में हीट वेव एवं संचारी रोगों के प्रभाव को देखते हुए साफ सफाई के विशेष निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्वयं भी निर्धारित कार्यों का निरीक्षण करने को कहा। उन्होंने पूर्व में ही नगर पालिका सहित समस्त नगर पंचायत में मलवों के उचित निस्तारण की व्यवस्था करने, पानी तथा बिजली की अनवरत आपूर्ति सुनिश्चित करने के भी निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने शासन द्वारा त्योहारों के दौरान जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने को भी कहा। उन्होंने प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी न करने एवं ईदगाह के बाहर नमाज न पढ़ने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं शांति समिति के सदस्यों को दिए। इस दौरान उन्होंने सदस्यों से सभी प्रकार के सहयोग करने तथा सद्भावना के साथ त्योहार मनाने की अपील भी की तथा उपस्थित सभी लोगों को आगामी त्यौहार की शुभकामनाएं भी दी। शांति समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक श्री इलमारन जी ने किसी भी नई परंपरा को प्रारंभ न करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रतिबंधित पशुओं के साथ ही गर्भवती एवं तीन माह से कम आयु के पशुओं की कुबार्नी पर भी रोक लगाने के निर्देश दिए, साथ ही सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन न करने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी।

## हस्तशिल्पियों को उद्यमिता विकास प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण

**गाजीपुर।** जनपद के समस्त हस्तशिल्पियों को सूचित किया जाता है कि शासनादेश के अनुसार एक जनपद, एक उत्पाद कार्यक्रम अंतर्गत दक्षता/कौशल विकास/उद्यमिता विकास प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए चिन्हित उत्पाद जूट वाल हैंगिंग सम्बन्धित सामान्य तकनीकी प्रशिक्षण, काफ्ट की बेसिक एवं एडवांस ट्रेनिंग के लिए वेबसाइट diupmsme.upsdc.gov.in पर अभ्यर्थियों के चयन के लिए आनलाइन आवेदन पत्र 30 जून 2024 तक आमंत्रित किए जाते है। योग्यता एवं आवश्यक दस्तावेज से संबन्धित समस्त सूचनाएं पोर्टल पर उपलब्ध है। 30 जून 2024 के उपरान्त पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त आवेदन पत्रों पर समिति के माध्यम से साक्षात्कार में चयनित किए गए अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्रदान किया जाएगा।

## हत्या के मामले में आरोपी के घर कुर्की की नोटिस चस्पा

**गाजीपुर।** सुहवल निवासी प्रॉपर्टी डीलर अनंत राय (32) की चार साल पहले हत्या कर शव गायब कर दिया गया था। इस मामले में फरार चल रहे रामनरेश राय मिश्रबाजार व शिवजी राय हाटा मुहम्दाबाद के घरों व अन्य सार्वजनिक जगहों पर बुधवार को सुहवल पुलिस ने सीजेएम कोर्ट के आदेश पर डुगडुग्गी पिटवा कर धारा 82 के तहत कुर्की की नोटिस चस्पा कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई के चलते आरोपियों के परिजनों, गाँव एवं उनके शरणदाताओं में हडकंम्प मच गया है। साथ ही पुलिस ने चेताया कि अगर आरोपी जल्द न्यायालय में हाजिर नहीं होते है, तो अगली कार्रवाई कुर्की की जाएगी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक अनंत राय की हत्या कर शव गायब करने के मामले में कुल पांच आरोपी है। जिसमें से दो आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर उनका चालान कर चुकी है। जबकि एक आरोपी को हाईकोर्ट से इस मामलें में उसकी गिरफ्तारी पर स्टे मिल चुका है,शेष दो वांछित आरोपितो की पुलिस को अभी तक तलाश है जो घटना के बाद से ही फरार चल रहे है। प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी ने बताया कि करीब चार साल पहले सुहवल गांव के अनंत राय पुत्र शम्भूनाथ राय तीस साल जो प्रॉपर्टी डीलर का काम करता था। बता दें कि मामले में आरोपितों ने अनंत राय की गाजीपुर स्थित जमीन व मकान पर कब्जा कर लिया।उन्होंने बताया कि जब अनंत राय ने आरोपितों से जमीन खाली करने को कहा तो सभी ने मिलकर अनंत राय को जमीन देने की बात कह गाजीपुर बुलाकर उसकी हत्या कर शव को गायब कर दिया।

## एक नजर

### छत से गिरकर नलकूप विभाग के चालक की मौत



**हल्दी।** थाना क्षेत्र के सीता कुण्ड गांव में मंगलवार की रात में मकान की छत से गिर कर एक अधेड़ व्यक्ति को मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजवा दिया।वही मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हल्दी थाना क्षेत्र के सीताकुंड गांव निवासी रमेश चंद तिवारी (59 पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र तिवारी जो सिंचाई विभाग में नलकूप चालक के पद पर थे शनिवार की रात रोज की तरह खाना खाने के बाद छत पर सोने चले गए।इसी बीच रात करीब 11:30 बजे वो छत से आंगन में गिर कर घायल गए।परिजनों द्वारा उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।मृत्यु की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई।जानकारी होते ही उनकी पत्नी इंद्रावती देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रोते रोते बुरा हाल है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।मृतक रमेश चंद्र चार भाईयो में दूसरे नंबर के थे।तथा उनके एक लड़का अभिजीत तिवारी व एक लड़की द्विजा तिवारी है।जिसमे लड़के की शादी छः माह पूर्व हुई है।

### टैंकर में पीछे से डंपर ने मारी जोरदार टक्कर, चालक व खलासी घायल

**गाजीपुर।** वाराणसी-गोरखपुर हाई-वे पर नंदगंज थाने के दवोपुर के पास बुधवार की दोपहर टैंकर में पीछे से डंपर की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें डंपर चालक सागर भारती निवासी रामपुर धवई थाना अहरौरा व खलासी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को सदर अस्पताल भेजा। बता दें कि थाना क्षेत्र के दवोपुर के पास हाई-वे पर बुधवार की दोपहर डिवाइडर पर लगे फूलों को एनएचआई के टैंकर से पानी दिया जा रहा था कि तभी वाराणसी की तरफ जा रहे डंपर ने टैंकर में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टैंकर 200 मीटर दूर लुढ़क कर चला गया। घटना में डंपर चालक व खलासी बुरी तरह घायल हो गए। मौके पर लोगों ने बताया कि संभवतः डंपर चालक को झपकी आ गई होगी। जिसके चलते ऐसा हादसा हुआ। सौभाग्य से पौधों को पानी दे रहा कर्मचारी डिवाइडर पर था, अन्यथा उसकी जान भी जा सकती थी। थानाध्यक्ष केपी सिंह ने बताया कि घायलों को मेडिकल कालेज अस्पताल ले जाया गया है। ग्रामीणों ने डंपर में फंसे घायलों को निकालने में काफी मदद की।

### जनपद के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना लागू

**गाजीपुर।** जनपद के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय दस्तकारों तथा पारंपरिक कारीगरों को सूचित किया जाता है कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना लागू की गई है। इस योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जनपद में पारंपरिक कारीगरों में बढ़ई, नाई, दर्जी, कुम्हार, लोहार, टोकरी बुनकर, हलवाई एवं राजमिस्त्री को आजीविका के साधनों के सुदृढीकरण करने के लिए दस दिवसीय कौशल वृद्धि प्रशिक्षण के उपरांत टूलकिट दिए जाने का प्राविधान किया गया है। अभ्यर्थियों के चयन के लिए आन लाइन आवेदन पत्र वेबसाइटे पर 30 जून 2024 तक आमंत्रित किए जाते हैं। योग्यता एवं आवश्यक दस्तावेज से सम्बन्धित समस्त सूचनाएं पोर्टल पर उपलब्ध हैं। पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त आवेदन पत्रों पर समिति के माध्यम से साक्षात्कार में चयनित किए गए अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्रदान किया जाएगा ?

### चोरी के दो मोबाइल फोन के साथ युवक गिरफ्तार

**चंदौली।** राजकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने मंगलवार की सुबह चेकिंग के दौरान यात्रियों का सामान चुराने वाले युवक को गिरफ्तार किया। युवक के पास से चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। बरामद फोन की कीमत 30 हजार रुपये है। जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे स्टेशन की सुरक्षा और अपराध को नियंत्रित रखने के लिए लगातार आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त चेकिंग हो रही है। इसी क्रम में सुबह सवा चार बजे प्लेटफार्म संख्या एक और दो से विकास कुमार खरवार निवासी वार्ड नंबर तीन नई बस्ती अलीनगर चंदौली को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। निरीक्षक ने बताया कि युवक लंबे समय से ट्रेनों में और रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का सामान चुरा रहा था। उसकी गिफ्तारी से चोरी की घटनाओं पर रोक लगेगी।

### विद्युत सब-स्टेशन मरदह व पृथ्वीपुर में विद्युत आपूर्ति ठप, 100 गांवों में मचा हाहाकार

# भीषण गर्मी में आठ घंटे गुल रही विद्युत आपूर्ति

**केटी न्यूज / गाजीपुर**



बुधवार को पूर्वाह्न दस बजे से विद्युत सब-स्टेशन मरदह व पृथ्वीपुर से आठ घंटे से अधिक समय तक बिजली गुल रहने से 100 गांवों और कस्बों में हाहाकार मची रही। उमस भरी गर्मी में लोग पूरे दिन बिजली को लेकर बिलबिलाते दिखे। बता दें कि बुधवार की सुबह जब लोग अपने दिनचर्चा के कार्यो में व्यस्त थे। तभी अचानक लाइट दस बजे कट गई , जो पूरे दिन गुल रही। सायंकाल छह बजे तक वापस नहीं लौटी। ग्रामीणों का मानना है कि ऐसा प्रायः हो रहा है कि मेन लाइट रहने के बावजूद भी पावर स्टेशन से घंटों लगातार कटौती की जा रही है। आज नवपुरा करदह कैथवली गांव के पास 33 हजार हाईटेंशन विद्युत सप्लाई बिजली पोल पर इन्सुलेटर व डीस में टेक्निकल फाल्ट आ गया। इसके बाद मेन सप्लाई बढ़ुआ गोदाम मऊ से ब्रेक डाउन में डाल दिया गया। सूचना पर विभाग के स्थानीय संविदा कर्मी मौके पर पहुंचकर फाल्ट को ठीक करने के प्रयास में जुटे रहे।तेज धूप व लू के लपटों के कारण विद्युत पोल काफी हद तक गर्म होने से बैरंग वापस हो लिए। फिर शाम पांच बजे के बाद मरम्मत कार्य शुरू किया गया, जो एक घंटे के बाद पूर्ण हो सका। आठ घंटे से अधिक विद्युत आपूर्ति ठप रहने से क्षेत्र के मरदह, नोनरा, डोड़सर, कोदई, गोविन्दपुर, हरहरी, सुलेमापुर, दुर्खुर्शी, तेजपुरा, फेफरा, महेगवां, नरवर, मटेंहू, टिसौरी, गांई, चंवर, घरिहां, बसवारी, बहतुरा सहित सैकड़ों गांवों के घरों व दुकानों में बिजली उपकरण जहां शो पीस बन गए, वहीं दूसरी ओर लोग चहलकदमी कर उमस भरी गर्मी में समय बीताने के लिए विवश रहे। बिजली गुल रहने से हजारों घरों में जहां बिजली उपकरण शो पीस बने रहे, वहीं दूसरी ओर व्यवसायिक प्रतिष्ठान, सरकारी कार्यालय, बैंक पर भी खासा प्रभाव पड़ा, सर्वर डाउन रहने के कारण नेटवर्क से भी लोग काफी हलकान रहे। लोग अपने-अपने तरीके से किसी तरह बिजली आने का पता लगाते रहे। 33 हजार केवी? के ब्रेक डाउन होने की वजह से आपूर्ति प्रभावित रही। देर समय तक बिजली गुल हो जाने की वजह से घरों में उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हो उठे। लोग घरों के बाहर चबूतरों पर बैठकर कपड़े से हवा उड़ाकर गर्मी से राहत पाने की कोशिश करते देखे गए। ग्रामीणों का कहना है बिजली लाइनों की इतनी पुरानी व जर्जर हाल हैं कि हवा चलते ही जगह-जगह ओवरलोड व टेक्निकल फॉल्ट हो जाते हैं। बिजली गुल रहने के कारण घर में पड़े रोजमर्रा के कामकाज पर काफी प्रभाव पड़ा है। बिजली उपकरण सभी शो पीस बने हुए हैं। इस संबंध में बिजली निगम के एसडीओ चंद्रमोहन ने बताया की नवपुरा गांव के पास टेक्निकल फाल्ट होने के कारण विद्युत आपूर्ति आठ घंटे बाधित रही। जिसको सही कराकर सप्लाई शुरू की गई।

## बलिया में दवा दुकानों से लिये गए आठ नमूने, सभी को भेजा गया प्रयोगशाला

**केटी न्यूज बलिया**



औषधि निरीक्षक सिद्धेश्वर शुक्ला ने बुधवार को टीम के साथ मेडिकल की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान वे विभिन्न दुकानों से आठ दवाओं के नमूने लिए। सभी नमूनों को दुकानदारों के सामने सील करके जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया। श्री शुक्ला के निरीक्षण के दौरान आसपास के दवा की दुकान बंद हो गई। जिसे देखकर वे नाराज दिखे। उन्होंने कहा कि दुकान है बंद कर देने से दुकानदार जांच से बच नहीं पाएंगे । डीआई श्री शुक्ल भीमपुरा क्षेत्र के उधरन बाजार पहुंचे यहां से चौरसिया मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया, इसके बाद भीमपुरा बाजार में मां वैष्णो मेडिकल स्टोर व बरौली बाजार में स्थित मुमताज मेडिकल स्टोर से चार-चार दवाओं के नमूने लिए। औषधि निरीक्षक के मेडिकल की दुकान का निरीक्षण करने की सूचना पर आसपास के मेडिकल की दुकान है बंद हो गई। श्री शुक्ल ने कहा कि दुकानें बंद कर देने से कागजातों के रखरखाव से कोई बच नही सकेगा। सभी मेडिकल दुकानदारों को दवाओं की खरीद-बिक्री का स्टॉक व दवाओं की खरीद का बिल अच्छी तरह से रखना होगा। जिससे कि मिलान ठीक से हो सके। ऐसा नही होने पर कार्यवाही संभव है। टीम में वरिष्ठ लिपिक रविशंकर पांडे भी थे।

# सिल्वर मेडल जीतकर रवि ने बढ़ाया भारत का मान, हुआ जोरदार स्वागत

- मालदीव में आयोजित 14 वीं साउथ एशियन बॉडी बिल्डिंग एंड फिजिक स्पोर्ट चैंपियनशिप में भारत ने जीते रजत और कांस्य

**केटी न्यूज / चंदौली**

नगर के न्यू महाल निवासी रवि अग्रवाल ने मालदीव में 6 से 10जून तक आयोजित 14 वीं साउथ एशियन बॉडी बिल्डिंग एंड फिजिक स्पोर्ट चैंपियनशिप (14इँ रअइढक्ऋ चैंपियनशिप 2024)में 55 किलोग्राम भार वर्ग में भारत की तरफ से प्रतिभाग करते हुये दूसरे स्थान पर रहते हुये सिल्वर मेडल प्राप्त कर भारत का मस्तक ऊंचा किया है। उसने जनपद चंदौली ही नहीं बल्कि देश का मान बढ़ाया है।उसके इस प्रदर्शन से नगर ही नहीं जनपद के सभी बॉडी बिल्डरों में हर्ष व्याप्त है तथा मेडल लेकर वापस आने पर मंगलवार की सायं सभी ने उसका जोरदार स्वागत किया। बचपन से ही बॉडी बिल्डिंग को अपना कैरियर बना चुके पंडित दीनदयाल नगर अंतर्गत न्यू महाल निवासी रवि अग्रवाल लगातार तीन बार भारत में जूनियर मिस्टर इंडिया का खिताब जीत चुके थे। रवि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने का मन बनाकर काफी मेहनत कर रहा था। इसी बीच मालदीव में 6 जून से 10 जून तक 14 वीं साउथ एशियन बॉडी बिल्डिंग एंड फिजिक स्पोर्ट चैंपियनशिप (14इँ रअइढक्ऋ चैंपियनशिप 2024) के आयोजन में प्रतिभाग के लिए भारत के तरफ से कुल 30 खिलाड़ियों का चयन हुआ। जिसमें रवि का नाम भी शामिल था। रवि ने मालदीव में आयोजित उक्त चैंपियनशिप के पहले ही दिन 55 किलोग्राम भार वर्ग प्रतियोगिता में भाग लेते हुए द्वितीय स्थान पर रहते हुए भारत के लिए सिल्वर मेडल प्राप्त किया। उसे पुरस्कार के रूप में प्रमाण पत्र के साथ सिल्वर मेडल व 2.20 लाख की राशि मालदीव के मंत्री द्वारा दी गई। वहीं भारत के जम्मू काश्मीर प्रान्त के विमलजीत ने तृतीय स्थान पर रहते हुये ब्रांज मेडल पर कब्जा जमा लिया। तीसरे स्थान पर रहे विमलजीत को प्रमाण पत्र, मेडल व एक लाख रुपये पुरस्कार स्वरूप मिले। रवि को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान पर आने की जानकारी मिलते ही जिले व नगर के बॉडी बिल्डरों में खुशी की लहर दौड़ गई। मंगलवार को मालदीव से वापस आने पर रवि का उसके बॉडी बिल्डर दोस्तों ने माला पहनाकर स्वागत किया और मिठाईयां खिलाई। रवि ने बताया कि उसका सपना है कि वह अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रथम आकर भारत का मान बढ़ाये। इस पुरस्कार से उसे संजीवनी मिली है। अब वह दोगुने जोश से आगे की तैयारी करेगा। उसने इस प्रतियोगिता में सफलता का श्रेय अपने माता,पिता,गुरुजन व बड़े भाइयों को दिया है। स्वागत करने वालों में विक्की अग्रवाल, पंकज यादव,शनि अग्रवाल, लवकुश यादव व उज्ज्वल शामिल रहे।





## एक नजर

### अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर जागरूकता एवं रेस्क्यू अभियान

**जौनपुर।** सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । अध्यक्षता करते हुए जिला प्रोवेशन अधिकारी विजय कुमार पांडेय ने कहा कि अक्सर हम सड़क के किनारे रोडवेज पर स्टेशन पर गाड़ी रुकते ही बच्चे अक्सर गाड़ी पोछने या सामान बेचते हुए या भीख मांगते हुए दिख जाते हैं ऐसे बाल श्रमिकों का चिन्हीकरण किया जाना अति आवश्यक है हमें उनके अभिभावकों को गाइड करना होगा और पुनर्वासन के लिए स्पॉन्सरशिप योजना आवास योजना और अन्य योजनाओं में भी जोड़ना चाहिए। अब हमें परिणाम चाहिए । इसकी रिपोर्टिंग केंद्र और राज्य सरकारों को बराबर की जाती है। मुख्य अतिथि सहायक श्रम आयुक्त देवव्रत जी ने कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के दिशा निर्देश के क्रम में एक जून से 30 जून तक रेस्क्यू बाल श्रम मुक्त अभियान अभियान चलाया जा रहा है जो 12 से 14 वर्ष के किशोर को चिन्हीकरण करना है और नियोक्ता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी है । कोई भी बाल श्रमिक 18 साल के नीचे कार्य करते हुए दिखाई दे तो उसकी सूचना श्रम विभाग चाइल्ड लाइन या सीडब्ल्यूसी को तुरंत दें तथा ऐसे बच्चों को रेस्क्यू कर पुनर्वासन एवं स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ना भी हमारा मुख्य उद्देश्य है । समाज अगर जागरूक होगा तो बाल श्रम पूरी तरह मुक्त किया जा सकता है आज समाज इसके लिए पूरी तरह तैयार हो गया है बाल श्रम कानूनी रूप से संज्ञेय अपराध है । श्रम परिवर्तन अधिकारी मान सिंह ने कहा कि बाल श्रम को नैतिक रूप से भी पूर्णता गलत माना जाना चाहिए 14 साल से नीचे के बाल श्रमिक बालक या बालिका को किसी भी प्रकार के कार्य में नियोजित करेगा तो वह दंड का भाग होगा और 2 साल तक कारावास और 50000 का जुमार्ना देना होगा। उक्त अवसर पर बाल कल्याण समिति के सी .बी. सिंह बाल संरक्षण अधिकारी चंदन राय सहविधि परिवीक्षा अधिकारी मुरलीधर गिरी प्रधान अध्यापक प्रमोद कुमार प्रजापति प्रधान अध्यापक सुभाष सरोज सर्वेस चतुर्वेदी डॉ राजेश कुमार मौर्य आलोक कुमार मिश्रा प्रदीप कुमार विश्वकर्मा नंदन शर्मा अवनीश मणि त्रिपाठी शिवम सिंह चाइल्डलाइन और एसजेपीयू के लोग मौजूद रहे। पूर्व अध्यक्ष चाइल्ड वेलफेयर कमेटी संजय उपाध्याय ने कहा कि हमें इस तरह बाल श्रम मुक्त अभियान सतत चलाने की जरूरत है आप सबकी सहयोग के लिए आभार।

### किराए के लेन-देन में हुई थी ऑटो चालक की हत्या

**जौनपुर।** नेवढ़िया क्षेत्र के घमहापुर में ऑटो चालक की चाकू मारकर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। थाना प्रभारी प्रशांत पांडेय ने बताया कि रजनीश कुमार मौर्या पुत्र रविन्द्र कुमार मौर्या निवासी वाजिदपुर दक्षिणी थाना लाइन बाजार को लाखापुर नहर की पुलिया के पास गिरफ्तार किया गया उसके बाद से घमहापुर बांस की कोथ के पास की घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक नाजायज चाकू बरामद किया गया।पूछताछ में आरोपी ने बताया कि किराए के पैसे के लेनदेन के विवाद को लेकर ऑटो चालक से लड़ाई झगड़े के दौरान पीठ पर पीछे चाकू घोंप देना बताया गया। विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया। नेवढ़िया थाना क्षेत्र के सलारपुर घमहापुर गांव में 8 जून को दिनदहाड़े चाकू मार कर ऑटो चालक की हत्या कर हत्यारे मौके से फरार हो गए थे। दिनदहाड़े हुई हत्या से क्षेत्र में कोहराम मच गया है सूचना पर पहुंची पुलिस ने कई घंटे बाद मृतक की पहचान कर सकी बताया जाता है कि सलारपुर घमहापुर गांव में नेवढ़िया रामनगर ब्लॉक रोड पर सुनसान जगह पर एक अधेड़ को दिनदहाड़े चाकू मार कर हत्या कर हत्यारे फरार हो गए थोड़ी देर में ही उधर से एक वाहन गुजर रहा था। जिसकी सूचना ग्रामीणों को वाहन चालक ने दिया जिसके बाद हत्या किए जाने की खबर जंगल की आग की तरह आसपास फैल गई थी। देखते ही देखते लोग दोपहर के समय में घटना स्तर पर पहुंच गए मृतक अधेड़ से लगभग 20 फीट दूर पर एक ऑटो खड़ी थी। जिससे लग रहा था कि मृतक ऑटो चालक था कहीं गया था हत्यारे ने सुनसान जगह देखकर उसकी हत्या कर दी। किसी ने सूचना पुलिस को दिया थोड़ी देर बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने अधेड़ की पहचान करना शुरू किया लेकिन कोई भी व्यक्ति उसकी पहचान नहीं पा रहा था इसके बाद ऑटो चालक की पुलिस ने तलाशी लिया तो उसके जेब से उसकी मोबाइल मिला मोबाइल से ही उसकी पहचान मडियाहू थाना क्षेत्र के बारीगांव नेवादा निवासी 60 वर्षीय ब्रह्मानंद प्रजापति के रूप में हुई थी। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर सबको कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही करने के लिए जुट कर आरोपी की तलाश में जुटी गयी थी।

## खबरें फटाफट

### 12 से 26 जून तक चलेगा नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान : डीएम

**जौनपुर।** पुलिस महानिरीक्षक एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के निर्देश के क्रम में आबकारी आयुक्त द्वारा 12 जून से 26 जून तक नशे के विरूद्ध जागरूकता अभियान आयोजित किये जाने के लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदण्ड ने बताया कि उन्होंने निर्देश दिया है कि 12 जून से 26 जून 2024 तक नशा मुक्त भारत पखवाडे.का आयोजन, प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम एवं संगोष्ठी का आयोजन, मिशन ड्रग फ्री कैम्पस के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, माल सार्वजनिक स्थानों एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर विभिन्न हितधारकों के सहयोग से ई-प्रतिज्ञा का प्रचार एवं प्रदर्शन, प्रमुख स्थानों पर मादक पदार्थों के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजन एवं पैम्फलेट का वितरण, बडे.पैमाने पर जन साधारण का शामिल करते हुए सरकारी संगठनों, सिविल सोसाइटी और एनजीओ के सहयोग से रैलियों, मैराथन, साईकिल,मोटर साईकिल रैलियों, नुक्कड़ नाटकों का आयोजन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। सोशल मीडिया के माध्यम से मादक पदार्थो के दुरूपयोग के बारे में जागरूकता संन्देश तथा नशे के विरूद्व ई-प्रतिज्ञा अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

### सड़क हादसे में दो की मौत

**वाराणसी।** वाराणसी-जौनपुर हाईवे पर मंगलवार को मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के साधु कुटिया के पास तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक ने इलाज के दौरान ट्राम सेंटर में दम तोड़ दिया। युवक के मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के मुंगलाबीर निवासी जितेंद्र कुमार पटेल (32) अपने पड़ोसी सर्वेश पटेल उर्फ भुंवर (28) के साथ बाइक से अपने जीजा रमेश पटेल के घर राजा तालाब गया था।

## मंगलवार रात प्रदेश के इतिहास में सर्वाधिक 29,820 मेगावाट पहुंची विद्युत मांग

# विद्युत मांग और आपूर्ति का बना नया रिकॉर्ड

- मांग के साथ ही विद्युत खपत भी 643 मिलियन यूनिट तक पहुंची
- भीषण गर्मी में सुचारू विद्युत आपूर्ति के लिए यूपीपीसीएल कर रहा है अथक प्रयास
- सीएम योगी के निर्देश पर प्रदेश में प्रदान की जा रही है विद्युत आपूर्ति

**केटी न्यूज/लखनऊ**

प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण बिजली की मांग एवं आपूर्ति के लगातार नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। मंगलवार रात प्रदेश के इतिहास में विद्युत मांग सर्वाधिक 29,820 मेगावाट पहुंच गई, जबकि विद्युत खपत भी लगभग 643 मिलियन यूनिट तक पहुंची। विगत 31 मई को विद्युत की मांग 29,727 मेगावाट पहुंच गई थी, जिसे पावर कारपोरेशन ने पूरा करके एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया था। 2023 में 24 जुलाई को अधिकतम मांग 28,284 मेगावाट तक पहुंच गई थी, जो रिकार्ड था। हालांकि 2024 में 22 मई को ही यह रिकॉर्ड टूट गया, जब विद्युत मांग 28,336 मेगावाट तक पहुंच गई थी। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश में भीषण गर्मी में भी विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसको उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन द्वारा प्रतिबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि लगातार पड़ रही भयंकर गर्मी एवं विद्युत की मांग में हो रही बढ़ोत्तरी को देखते हुए सावधानी बरतें। सभी कार्मिक इस चुनौती पूर्ण समय में पूरी लगन और मेहनत के साथ अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ रही विद्युत मांग के अनुरूप बिजली की व्यवस्था की जा रही है। पावर कॉर्पोरेशन ने पूवार्नुमान के अनुरूप विद्युत उपलब्धता की पर्याप्त व्यवस्था कर रखी है और मांग बढ़ने पर अतिरिक्त अरेंजमेंट भी समय पर किया जा रहा है। अध्यक्ष ने बताया है कि सिस्टम की कैपेसिटी के कारण कही भी रोस्टिंग नही हो रही है। लोकल फाल्ट के कारण विद्युत आपूर्ति के बाधित होने की सूचनाएं आती है। इस संदर्भ में भी कड़े निर्देश दिए गए हैं कि जहां कही भी लोकल फाल्ट हो उसे कम से कम समय में ठीक कर आपूर्ति बहाल की जाए।



### देश में सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति करने वाले राज्यों में यूपी नंबर वन

उत्तर प्रदेश ने भीषण गर्मी में विद्युत की बढ़ी मांग को सकुशल पूरा करते हुए पूरे देश में सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति करने का रिकॉर्ड बनाया है। विगत दिनों उत्तर प्रदेश ने 29,500 मेगावाट की सर्वाधिक विद्युत मांग को पूरा करते हुए देश में कीर्तिमान स्थापित किया था। वहीं ग्रिड इंडिया पॉवर सप्लाई रिपोर्ट के मुताबिक 10 जून 2024 को एक बार फिर से उत्तर प्रदेश ने देश में सर्वाधिक 28,889 मेगावाट विद्युत आपूर्ति कर महाराष्ट्र-गुजरात जैसे राज्यों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया है। 10 जून को जारी रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश ने 28,889 मेगावाट, महाराष्ट्र ने 24,254 मेगावाट, गुजरात ने 24,231 मेगावाट, तमिलनाडु ने 16,257 मेगावाट और राजस्थान ने 16,781 मेगावाट की सर्वाधिक विद्युत अपूर्ति की मांग को पूरा किया है। वहीं उत्तर प्रदेश के विद्युत विभाग ने इस वर्ष भी पीक आवर में पूरे देश में सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति का रिकॉर्ड बनाया है।

### सबसे ज्यादा हानियों वाले फीडरों पर चलेगा चोरी रोको गहन अभियान

उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने विद्युत व्यवस्था को बेहतर करने के लिए विद्युत चोरी के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रदेश के सभी वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों एवं मुख्य अभियंताओं को निर्देशित किया है कि ऐसे फीडर जहां लाइन हानियां सबसे ज्यादा हैं वहां अभियान चलाकर विद्युत चोरी रोकी जाए। इसमें विजिलेंस की भी मदद ली जाए। किसी को नाजायज परेशान न किया जाए। उन्होंने कहा कि बेहतर विद्युत आपूर्ति और व्यवस्था के लिए यह जरूरी है कि विद्युत चोरी पर प्रभावी रोक लगे। ऐसे फीडर चिन्हित किए जाएं जहां सर्वाधिक विद्युत चोरी की संभावना है। सबसे पहले वहीं अभियान चलाया जाए। अध्यक्ष ने प्रयागराज क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा में प्रयागराज (प्रथम) एवं फतेहपुर के अधीक्षण अभियंताओं को चार्जशीट देने के निर्देश दिए। इनके क्षेत्र में राजस्व, ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्तता, असिस्टेड बिलिंग, आरडीएसएस तथा बिजनेस प्लान आदि योजनाओं की प्रगति संतोषजनक नहीं थीं। अधिशाषी अभियंता कौशाम्बी तथा खागा को भी सख्त चेतावनी दी गई।

## कामकाज का प्रदर्शन तय करेगा बचेगी या जाएगी थानेदारी: आयुक्त

**केटी न्यूज/वाराणसी**

कामकाज में प्रदर्शन के आधार पर 15 दिनों बाद तय होगा कि कमिश्नरेट के 30 थानों के कितने थानाध्यक्ष अपनी कुर्सी बचा पाएंगे और कितने पैदल हो जाएंगे। इसकी शुरूआत पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने कैंट, शिवपुर और लालपुर पांडेयपुर थाने का औचक निरीक्षण कर की। दो हफ्तों तक पुलिस आयुक्त थानों का औचक निरीक्षण करेंगे। थानेदार और चौकी प्रभारियों की नंबर आधारित रिपोर्ट तैयार होगी। पुलिस आयुक्त ने कहा कि कार्यक्षमता, व्यवहार कुशलता और अनुशासन के दम पर ही थानाध्यक्ष और चौकी इंचार्ज की कुर्सी इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर को सौंपी जाएगी। उन्होंने बताया कि थाने की साफ-सफाई, रजिस्टरों के रखरखाव, अपराधियों के प्रति निरोधात्मक कार्रवाई, लंबित प्रकरणों का निस्तारण, मुकदमों की विवेचना में गुणवत्ता और फरियादियों से व्यवहार थानेदार के कामकाज के प्रदर्शन के आकलन का आधार है। रोजाना पैदल गश्त, थाना क्षेत्र की यातायात व्यवस्था के प्रति सतर्कता और महिला आरक्षियों की फील्ड में ड्यूटी के आधार पर भी थानेदारों के कामकाज का आकलन किया जाएगा। विवेचना और क्षेत्र में सक्रियता के साथ ही आमजन से व्यवहार के आधार पर चौकी प्रभारियों के कामकाज का आकलन किया जाएगा। इसके बाद जो रिपोर्ट तैयार होगी, उसी के आधार पर थानों पर थानाध्यक्ष और पुलिस चौकियों पर चौकी प्रभारी तैनात किए जाएंगे। पुलिस आयुक्त ने कैंट, शिवपुर और लालपुर पांडेयपुर थानाध्यक्ष को कहा कि जो भी फरियादी थाने आएं, उनका नाम-पता, मोबाइल नंबर और शिकायत रजिस्टर में हर हाल में दर्ज हों। अभ्यस्त अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलने में देरी न की जाए। महिला और पुरुष आरक्षी निर्धारित बीट क्षेत्र में भ्रमणशील रहें।



### विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने जम्मू में हुए आतंकी हमले को लेकर दिया ज्ञापन

**जौनपुर।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष विमल सिंह के नेतृत्व में बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जम्मू कश्मीर में हिंदू श्रद्धालुओं पर हुए आतंकी हमले को लेकर जमकर नारेबाजी की गई साथ ही महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला मजिस्ट्रेट के प्रतिनिधि के रूप में मौजूद प्रशासनिक अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह को सौपा गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष विमल सिंह ने कहा कि जम्मू कश्मीर में वैष्णो देवी कटरा से शिव खोड़ी जाते समय 9 जून को हिंदू श्रद्धालुओ की बस पर क्रूर पाकिस्तान पोषित इस्लामी जिहादी आतंकवादियों द्वारा कायरतापूर्ण हमला किया जाना जिसमें 10 निर्दोष हिंदू तीर्थ यात्रियों के मारे जाने से संपूर्ण भारत के लोग दुखी है।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा मेगा रिटेल एक्सपो का किया गया आयोजन

**जौनपुर।** देश की अग्रणी बैंक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया जौनपुर शाखा द्वारा मेगा रिटेल एक्सपो का आयोजन नगर की अंबेडकर तिराहा स्थित यूनियन बैंक आफ इंडिया की ब्रांच पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्र के प्रमुख शैलेंद्र कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया इस संबंध में जानकारी देते हुए क्षेत्र प्रमुख ने उपस्थित बैंक उपभोक्ताओं को बताया कि बैंक द्वारा खुदरा ऋण जैसे शिक्षा ऋण वाहन ऋण गृह निर्माण ऋण, मॉर्गेज ऋण सहित अन्य जानकारी प्रदान किया।। इस अवसर पर शैलेंद्र कुमार द्वारा 38 नए लोगों को लोन स्वीकृत करते हुए स्वीकृति पत्र वितरित किया गया।






## गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने को लेकर हुई बैठक

# योग भारत की प्राचीन धरोहर: प्रो.वंदना सिंह

**केटी न्यूज/जौनपुर**

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में विश्व योग दिवस-2024 के उपलक्ष्य में बुधवार को कुलपति प्रो वंदना सिंह जी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य विश्व योग दिवस 2024 के अवसर पर उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग एवं राजभवन सचिवालय के द्वारा ऑनलाइन शपथ ग्रहण कर अपने तथा अपने परिवारजनों को जीवनशैली में योगाभ्यास को सम्मलित करके अपने स्वास्थ्य को उन्नत बनाने हेतु लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर अभियान के अंतर्गत विश्व की प्रतिष्ठित गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थान/विश्वविद्यालय का नाम दर्ज कराना है। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने की। उन्होंने विश्वविद्यालय के संकाय अध्यक्ष, विभागाध्यक्ष और संबद्ध महाविद्यालय के प्राचार्यों/प्रबंधकों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए इस महत्वपूर्ण प्रयास में उनकी सक्रिय भागीदारी करने हेतु आह्वान किया। कुलपति ने कहा कि योग भारत की प्राचीन धरोहर है और इसे वैश्विक स्तर पर सम्मानित करना हमारी जिम्मेदारी है। बैठक में ऑनलाइन 12 से 18 जून, 2024 तक चल रहे ऑनलाइन शपथ अभियान में विश्वविद्यालय को प्रदेश के विश्वविद्यालयों में अग्रिम पंक्ति में आने हेतु विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। यह तय किया गया कि विश्वविद्यालय परिसर एवं आस पास के क्षेत्रों में एक भव्य योग शिविर तथा योग से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विश्वविद्यालय के समस्त हितकारकों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम की सफलता के लिए अमृत लाल, उपकुलसचिव ने कहा कि जैसा पूर्वांचल विश्वविद्यालय सदैव से ही प्रदेश में अग्रिम पंक्ति में रहा है और इस आयोजन में भी अपने समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों के सहयोग से अग्रिम पंक्ति में रहेगा। विश्व योग दिवस एवं गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के समन्वयक डॉ मनोज कुमार पाण्डेय ने उपस्थित लोगों को इस अभियान और गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में कैसे प्रतिभाग करना है तथा कैसे हम सभी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर विश्वविद्यालय को प्रथम स्थान प्राप्त कर सकते है, के विभिन्न पहलुओं को अवगत कराया। अंत में, कुलपति ने सभी उपस्थित लोगों को इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी मेहनत और उत्साह के साथ काम करने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय इस आयोजन के माध्यम से न केवल गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराएगा, बल्कि योग के प्रति जनसाधारण में जागरूकता भी बढ़ाएगा। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय राय ने सभी को इस अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय राय, प्रो.अजय द्विवेदी, परीक्षा नियंत्रक अजीत सिंह उपकुलसचिव अमृतलाल, बबिता सिंह, प्रो मनोज मिश्र, एनएसएस समन्वयक डॉ राजबहादुर यादव, प्रो प्रमोद यादव, प्रो. गिरधर मिश्र, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ सुजीत चौरसिया, डॉ अनुराग मिश्र, अध्यक्ष नंद किशोर सिंह, महामंत्री रमेश यादव, डॉ प्रमोद कौशिक, डॉ अमित वत्स आदि उपस्थित थे।



## सुभाषितम्

हमे भूत के बारे में पछतावा नही करना चाहिए, ना ही भविष्य के बारे में चिंतित होना चाहिए - चाणक्य

## युवा सपनों में नहीं, परिणाम के साथ जीना चाहते हैं

पिछले 10 साल में युवाओं को बहुत सारे सपने दिखाए गए। पर अफसोस कि ये सपने साकार नहीं हो सके। पिछले वर्षों में सोशल मीडिया के कई प्लेटफार्म्स पर युवा और समाज के सभी वर्गों द्वारा जिस तरह से प्रतिक्रिया व्यक्त की जा रही है। अपनी लड़ाई को वह स्वयं लड़ने के लिए जो मंच तलाश रहे थे, सोशल मीडिया के रूप में उन्हें मिल गया है। सोशल मीडिया ने समाज के सभी वर्गों को एक नई चेतना से जोड़ दिया है। जहां वह अपनी बात कहकर सकारात्मक परिणाम के लिए रुचि रख रहे हैं। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर विशेष रूप से युवा जिस आक्रामक और वैचारिक ढंग से अपनी बात रख रहे हैं। एक नई सामाजिक वैचारिक क्रांति को आगे बढ़ा रहे हैं। युवाओं के पास सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म के माध्यम से जो शक्ति आई है। उसको एक नई पहचान मिल रही है। सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार, कॉरपोरेट, नौकरशाही, अपराधियों और अपराधों को नियंत्रित करने में भी सोशल मीडिया की अहम भूमिका हो गई है। सोशल मीडिया में डिजिटल प्रिंट, वीडियो एवं वॉइस कम्युनिकेशन के माध्यम से नई सामाजिक और वैचारिक क्रांति का असर दिखने लगा है। हाल ही में महाराष्ट्र के पुणे में जिस तरह से 17 वर्ष के नाबालिग बेटे को महंगी कार उपहार में देने, लाइसेंस न होने के बाद भी गाड़ी चलाने देने, शराब के नशे में गाड़ी चलाते हुए दो युवकों को गाड़ी से कुचल देने के अपराध की लड़ाई संगठित रूप से सोशल मीडिया के माध्यम से लड़ी गई। अपराध का पदार्फाश किया गया। अपराधी को बचाने के जो प्रयास किए जा रहे थे। सोशल मीडिया की लड़ाई में अपराधी नाबालिग युवक के साथ-साथ उसके माता-पिता और साक्ष्यों को मिटाने के लिए डॉक्टरों द्वारा जिस तरह का अपराध किया जा रहा था। वह सब सोशल मीडिया के माध्यम के दबाव बनाने के बाद उजागर हुआ है। शासन और प्रशासन को कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ा। राजनीतिक व्यवस्था, ब्यूरोक्रेसी के ऊपर जिस तरह का दबाव सोशल मीडिया के माध्यम से बनाया गया, वह सोशल मीडिया और युवाओं की शक्ति को पहचानने का पर्याप्त कारण बना। जिस तरह से सोशल मीडिया में सबूतों से छेड़छाड़, जालसाजी, अपहरण, धमकी, रिश्वत, परिवारवाद, न्यायपालिका, पुलिस, मेडिकल सेवाओं में जो गिरावट आई है। उसको लेकर जिस तरह की चेतना और लड़ाई सोशल मीडिया में देखने को मिल रही है। वह अपने आप में अनूठी है। विचारों की विविधता भी अब सोशल मीडिया के हर प्लेटफार्म पर देखने को मिलती है। हर विषय के पक्ष और विपक्ष में लोग अपनी बात तर्क संगत ढंग से रख पा रहे हैं। इसको देखते हुए यह कहा जा सकता है कि सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं में न्याय और अधिकार की नई संस्कृति के साथ अधिकारों और कर्तव्यों का बोध हुआ। सही और गलत की पहचान आसान हो गई है। युवाओं को अब ज्यादा समय तक भ्रमित करके नहीं रखा जा सकता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण हाल ही का लोकसभा चुनाव है। जिसके परिणाम सभी को आश्चर्यचकित कर रहे हैं। एक तरह से सोशल मीडिया की चुनौती राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक चैनलों को मिली। जो सामाजिक सरोकारों से दूर होता जा रहा था। उसका स्थान सोशल मीडिया ने ले लिया। सामाजिक परिपक्वता, व्यक्तिगत अधिकार और कर्तव्यों के साथ भी जोड़ने के लिए मुफीद और सर्व सुलभ माध्यम सोशल मीडिया बन गया है। सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव का असर भी समाज पर पड़ रहा है। युवा पीढ़ी सोशल मीडिया के एडिक्शन से पीड़ित होकर निष्क्रिय भी हो रही है वहीं सोशल मीडिया में तथ्यों की प्रमाणिकता को लेकर सदैव संदेह देखने को मिलता है, लेकिन जिस तरीके से सोशल मीडिया में विश्वसनीय और प्रामाणिकता के साथ जो बातें सामने आ रही हैं। उसके साथ सोशल मीडिया में भी विश्वसनीयता के साथ जानकारी उपलब्ध होना सुखद है।

## चिंतन-मनन

### कर्म से बना है वर्ण



मेरे द्वारा चार वर्णों की रचना गुण और कर्मों के हिसाब से की जाती है, फिर भी तू मुझे कभी न खत्म होना वाला और कर्मों के बंधन से मुक्ति ही जान ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये चार वर्ण हैं, अब ऐसा मान लेते हैं कि जो जिस घर में जन्म लेता है, वह उसी वर्ण का कहलाता है। जबकि वर्ण व्यवस्था गुण और कर्म के आधार पर शुरू हुई थी। पहले जब बच्चे को पढ़ाई के लिए गुरुकुल भेजा जाता था, तब तक वह किसी वर्ण का नहीं कहलाता था। वहां गुरु अपने शिष्यों की रुचि को जानकर उसके हिसाब से उन्हें पढ़ाते थे। वेदों को पढ़ने में रुचि लेने वालों को ब्राह्मण, युद्ध कला में महारथी को क्षत्रिय, व्यापार में रुचि वाले को वैश्य और सेवा भाव वाले को शूद्र की उपाधि दी जाती थी। इसके बाद वे समाज में उसी के हिसाब से काम करते थे। यही भगवान कह रहे हैं कि मैंने गुणों और कर्मों के आधार पर चार वर्णों की रचना की हैं, जिससे सभी मनुष्य कर्मों में लगे रहें। ये सब करते हुए भी तुम मुझे कभी न खत्म होने वाला और कुछ न करने वाला जानो। सब कुछ करते हुए भी भगवान कह रहे हैं कि मैं कुछ भी नहीं करता।

# अंतरात्मा के बाद भटकती आत्मा का श्राप

- राकेश अचल




सनातन परम्परा में आत्मा और परमात्मा के साथ ही सात जन्मों की मान्यता है। भारत में रहने वाले ज्यादातर सनातनी आत्मा और परमात्मा में विश्वास रखते हैं। कारण श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि - नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः । न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः। अर्थात इस आत्मा को शस्त्र काट नहीं सकते हैं और अग्नि इसे जला नहीं सकती है` जल इसे गीला नहीं कर सकता है और वायु इसे सुखा नहीं सकती है । आत्मा के बारे में ये ज्ञान हमारे देश में पढ़े-लिखों के साथ ही अनपढ़ों को भी है लेकिन राजनेताओं को नहीं है। इसीलिए वे आत्माओं का अपमान करने से नहीं चूकते। आम चुनावों के दौरान देश के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र दामोदर दस मोदी ने देश के सबसे बुजुर्ग नेता एनसीपी के अध्यक्ष श्री शरद पंवार को भटकती आत्मा कहकर उनका मन ही नहीं बल्कि उनकी आत्मा को भी दुखाया।

शरद पंवार हालाँकि देश के प्रधानमंत्री नहीं बन पाए लेकिन उनकी सियासी यात्रा के सामने माननीय मोदी जी अबोध शिशु जैसे ही हैं। उन्होंने सोचा भी नहीं होगा कि वे जिस पंवार को भटकती आत्मा कह रहे हैं वही भटकती आत्मा एक दिन उन्हें न सिर्फ श्राप देगी बल्कि चुनौती भी देगी। पंवार ने सोमवार को अहमदनगर में अपनी पार्टी की रजत जयंती के मौके पर आयोजित रैली में मोदी जी को इंगित करते हुए कहा कि- ये भटकती आत्मा उन्हें [मोदी जी को ]हमेशा परेशान करती रहेगी । शरद जी मानते हैं कि आत्मा अजर-अमर होती है। आपको बता दूँ कि शरद पवार की पार्टी ने 10 सीटों पर चुनाव लड़कर आठ सीटें जीती हैं। अपने भाषण के दौरान पवार ने मोदी पर तीखा हमला बोला तथा कहा कि -अब उनके पास लोगों का समर्थन नहीं है। पंवार ने कहा, क्या उनके पास देश का जनादेश है? चुनाव परिणाम स्पष्ट रूप से दशार्ते हैं कि मोदी के पास बहुमत नहीं है और उन्होंने टीडीपी और जेडीयू का समर्थन लेकर सरकार बनाई है।

चुनावों में आप अक्सर आत्मा और अंतरात्मा की बातें सुनते आये है। श्रीमती इंदिरा गाँधी ने एक बार राष्ट्रपति चुनाव में अन्तरात्मा का आव्हान किया था। तब से राजनीति में अंतरात्मा, आत्मा और भटकती आत्मा चलन में आ गयीं। हकीकत तो ये है कि आज की राजनीति में नेताओं के पास आत्मा और अंतरात्मा जैसी कोई चीज बची नहीं है। उनका महात्मा होना तो असम्भव है। ,किन्तु आत्मा अजर-अमर होती है इसलिए जिस्म के भीतर किसी न किसी कोने में जिंदा रहती है । जब मौका मिलता है तो चौका मारती है। हमारी नानी जी कहतीं थीं कि आत्मा भले ही अजर-अमर है लेकिन है तो जिंदा,इसलिए कभी खुश होती है,कभी कलपती है। कभी मौन हो जाती है। इसलिए दुनिया में किसी की आत्मा को दुखाना नहीं चाहिए। लेकिन राजनीति में जब तक आप प्रतिद्वंदी की आत्मा को दुखा नहीं लेते आपको सुख नहीं मिलता।

आत्मा सूक्ष्म है ,नजर नहीं आती । जो आत्मा , परमात्मा से सम्पर्क स्थापित कर लेती है उसे महात्मा कहते है। कम से कम मोहन दास करमचंद गाँधी को तो इस देश में महात्मा कहा और माना जाता है। ये बात और है कि इस महात्मा को भी इस देश के राष्ट्रभक्तों ने गोलियों से छलनी कर दिया। उन्हें लगा होगा कि गांधी महात्मा से पिंड छूटा लेकिन हकीकत में ऐसा हुआ नहीं। हत्यारों के वारिसों को भी संविधान की शपथ लेने के बाद महात्मा गाँधी की समाधि पर सर झुकाना ही पड़ता है। महात्मा के आगे दुरात्माएं हों या साधारण आत्माएं अपने आप नतमस्तक हो जातीं हैं। उनके बारे में ये भ्रम फैलाया जाता है कि उन्हें रिचर्ड एटनबरो कि फिल्म बनने के बाद ही दुनिया ने पहचाना। महात्मा गाँधी की आत्मा को मारने वालों के वंशजों ने माननीय शरद पंवार साहब की आत्मा को गोलियों से तो छलनी नहीं किया किन्तु शब्दभेदी वाण ऐसे चलाये कि उनकी आत्मा विदीर्ण हो गयी। घायल मनुष्य हो , आत्मा हो , अंतरात्मा हो महात्मा हो या परमात्मा हो ,आह तो भरता है। पंवार साहब इसका प्रमाण हैं। उन्होंने अंततः महामना मोदी जी को कह ही दिया कि उनकी भटकती आत्मा भविष्य में भी उनका पीछ नहीं छोड़ने वाली। मोदी जी के लिए ये शुभ संकेत नहीं है। क्योंकि मोदी जी अपने तीसरे कार्यकाल में अपने पहले और दुसरे कार्यकाल के मुकाबले क्षीण हैं ,उन्हें जेडीयू और टीडीपी की बैशाखियों का सहारा लेना पड़ा है। उन्हें सहारा देने वालों में शरद पंवार के भतीजे अजित पंवार भी हैं लेकिन उनकी क्या औकात महाराष्ट्र कि सियासत में है ये उनके ही चाचा यानि शरद पंवार की भटकती आत्मा ने बता दिया है। आत्मा को लेकर विभिन्न धर्मों में मतान्तर तो हैं किन्तु सब मानते हैं कि आत्माएं होती है। वे कभी-कभी भटक भी जाती है। अतृप्त भी रह जातीं है। इस्लाम वाले आत्मा को रूह कहते हैं। मुसलमानों कि पवित्र पुस्तक कुरआन कहती है कि -अल्लाह उनकी मृत्यु के समय आत्माओं को ले जाता है, और जो नहीं मरते उनकी नींद के दौरान। फिर वह उन लोगों को रखता है जिनके लिए उसने मौत का फैसला किया है और दूसरों को एक निश्चित अवधि के लिए रिहा कर देता है। निश्चय ही इसमें उन लोगों के लिए निशानियाँ हैं जो विचार करते हैं..[कुरान ३९:४२]। जैनी आत्मा को जीव यानि चेतना कहते है। यहूदी तथा ईसाइयों के लिए आत्मा के अलग मायने हैं चर्च ऑफ जीसस क्राइस्ट ऑफ लैटर-डे सेंट्स सिखाता है कि आत्मा और शरीर मिलकर मनुष्य की आत्मा (मानव जाति) का निर्माण करते हैं। आत्मा और शरीर मनुष्य की आत्मा हैं। मित्रो चूंकि मै एक साधारण व्यक्ति हूँ इसलिए आत्मा , परमात्मा और महात्मा के अलावा भटकती आत्माओं के बारे में उतना ही जानता हूँ जितना कि एक सामान्य आदमी जानता है। हमारे यहां बचपन से आत्मा-परमात्मा की बात होती रहती है । महात्माओं को तो हमने देखा भी है । कुछ भिक्षाटन करते हैं और कुछ मठों में बैठकर ऐश करते हैं। अब मनुष्यों की तरह आत्माओं की भी तो किस्मत होती ही होगी। यदि न होती तो एक चाय बेचने वाले का लड़का देश का प्रधानमंत्री कैसे होता और एक शाहजादा अपने परनाना,नानी और पिता के प्रधानमंत्री होने के बाद भी प्रधानमंत्री क्यों नहीं बन पाता ? मेरे ख्याल से देश में आत्माओं और महात्माओं के मुकाबले भटकती आत्माओं की संख्या शायद ज्यादा है। हर दल में ,हर समाज में ,हर धर्म में ,हर जाति में ,हर सम्प्रदाय में भटकती आत्माएं मौजूद हैं। कुछ के बारे में कह दिया गया है और कुछ के बारे में नहीं। बेहतर हो कि देश की तमाम भटकती आत्माएं अपना एक अलग दल बनाकर अगला आम चुनाव लड़ें। आरएसएस प्रमुख डॉ मोहन भागवत के पास भी एक आत्मा है जो प्राय : सोती रहती है और जब जागती है तब तक बहुत देर हो जाती है । उनकी आत्मा ने साल भर से जल रहे मणिपुर की सुध अब ली है । उन्हें बड़े नेताओं का अहंकार अब दिखा है ।

# विपक्ष हार कर भी जीत गई

-विनोद तकियावाला

-18 वीं लोक सभा चुनाव में विपक्ष कर्ण की तरह लड़ी।विश्व के सबसें बड़े लोकतंत्र भारत ने एक पुनः साबित कर भारत ही सचमुच में प्रजातंत्र की जननी है। 18वें लोक सभा चुनाव जो कि विषम परिस्थितियों में सबसे लम्बी अविधि चलने के समाप्त हो चुकी है।इस लोक सभा के साधारण चुनाव के परिणाम नें यह एक बार पुनः साबित कर प्रजातंत्र में जनता ही जनार्दन है जनता जनार्दन ने विपक्षी दलों को अपना समर्थन दिया है।भले ही विपक्ष जीता न हो लेकिन उसने भाजपा व प्रधानमंत्री मोदी का घमंड जरूर तोड़ दिया है।जिसका सबसे बड़ा प्रमाण मोदी की गारंटी व तुष्ट्रीकरण वाली एजेडें का नकारते हुए भाजपा को करारा जबाव दिया है।यही कारण भाजपा बहुमत के आंकड़े से पीछे रह गई है।सता के लोभ में अपनी नीति को ताख पर रखते हुए गठबन्धन करते हुए अपने घुटने टेक दिए।वे जिस नेहरू को पानी पी पी कर दस साल गाली देते रहे उन्हीं के रिकॉर्ड की बराबरी करने के लिए लगातार तीसरी बार शपथ जरूर लेने जा रहे हैं लेकिन सरकार चलाने के लिए उन्हें चन्द्र बाबु नायडू और नीतीश कुमार सता सिंघासन पर आशीन होने के गठबन्धन करना पड़ा है वही विपक्ष चुनावी समर क्षेत्र महा भारत के कर्ण की तरह लोक सभा चुनाव लड़ी है।जैसा कि सर्वविदित सन 2024 का चुनावी महाभारत समाप्त हो गया है।इस बार चुनावी समर क्षेत्र को देखने के बाद मुझे महाभारत का एक प्रसंग याद आ रहा है।जब अर्जुन और कर्ण के बीच धर्म युद्ध हो रहा था। कुरुक्षेत्र के मैदान में अर्जुन जब वाण चलाते थे तो बाणों के वेग से कर्ण का रथ मीलों पीछे चला जाता था,लेकिन जब कर्ण वाण चलाता था तो अर्जुन का रथ महज तीन कदम पीछे जाता था। इसके बाबूजूद अर्जुन के सारथी बने स्वयं भगवान कृष्ण के मुंह से निकल पड़ता था-वाह कर्ण वाह.... अर्जुन को कृष्ण के मुंह से कर्ण की तारीफ सुनकर अच्छा नहीं लगता था।वे दुखी हो रहे थे। आखिर में ऊर्जून नेअपनी नाराजगी जताते हुए श्री कृष्ण से पूछा- हे वासुदेव मैं जब तीर चलाता हूं तो कर्ण का रथ मीलों पीछे चला जाता है और वह जब वाण चलाता है तो मेरा रथ सिर्फ तीन कदम पीछे हटता है। फिर भी आप मेरी बजाय कर्ण की तारीफ करते हैं।तब कृष्ण ने अर्जुन को सच्चाई बताई। कृष्ण ने अर्जुन कहा कि वे स्वयं उनके रथ पर तीनों लोकों का भार लेकर बैठे हैं।इसके अलावा रथ पर फहरा रही पताका पर हनुमान जी रोम-रोम में पहाड़ बांधकर सवार थे।इतना वजन होने के बावजूद कर्ण अपने बाणों से अर्जुन के रथ को तीन कदम पीछे ढकेल देता था। *18 वीं लोक सभा चुनाव में विपक्ष कर्ण की तरह लड़ी।विश्व के सबसें बड़े लोकतंत्र भारत ने एक पुनः साबित कर भारत ही सचमुच में प्रजातंत्र की जननी है मुझे भी इस लोक सभा चुनाव में भी वही सब देखने को मिला। एक तरफ स्वयं भीष्म पितामह की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनके चाणक्य अमित शाह और योगी आदित्यनाथ तथा राजनाथ सिंह समेत भाजपा सासित प्रदेशों के मुख्य मंत्री उनके दर्जनों सहयोगी थे।10 वर्ष तक केंद्र सरकार-सरकारी तंत्र थे,दूसरी राहुल गांधी व थे व उसके सहयोगियों में अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव,स्टालिन आदि कम नामधारी क्षेत्रीय दलों के नेता थे आखिर में पश्चिमी बंगाल के योद्धा ममता बनर्जी नें इस लड़ाई में साथ नहीं ही आईं।वे विपक्ष के खेमे में जरूर थीं लेकिन उन्होंने अपना डेरा अलग से जमा रखा था।इसके अलावा मोदी जी के पास तमाम .संसाधन व सरकारी तंत्र थे।सता में रहने के कारण घन के देवता कुबेर का चुनावी चन्दा रूप बांड से उगाहे गए हजारों करोड़ रुपये,चुनाव आयोग और दूसरी सरकारी एजेंसियों, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ), सीबीआई और इनकम टैक्स विभाग, गोदी मीडिया और सर्वे करनी वाली मायावी राक्षसी प्रवृत्ति वाली एजेंसियों की ताकत थी जो आखिरी समय तक विपक्षी नेताओं को परेशान करती रही। इसके बावजूद विपक्षी नेताओं ने मोदी जी के दांत खट्टे कर दिये। सम्पूर्ण देश में मोदी की गारंटी ,राम मन्दिर मंगल सुत्र हिन्दु खतरे में के सहारे 400 पार की गगन भेदी घोषणा करने वाले की टीम थी। भारतीय मतदाताओ नें मोदी जी के विजय रथ को 240 सीटो व सहयोगी दलों एन डी ए 290 में ही जबरदस्त ब्रेक लगा दिया है।बीजेपी को उन्होंने पूर्ण बहुमत नहीं पाने दिया। 18वें लोक सभा चुनाव जो कि विषम परिस्थितियों में सबसे लम्बी अविधि चलने के समाप्त हो चुकी है।इस लोक सभा के साधारण चुनाव के परिणाम नें यह एक बार पुनः साबित कर प्रजातंत्र में जनता ही जनार्दन है* नरेन्द्र मोदी जी प्रधानमंत्री पद पाने के लिए गठबन्धन कर लिया। परिणाम स्वरूप राजनीति पंडितओं में चर्चा व चिन्तन का दौर शुरू हो गया है कि मोदी जी जो कल तक विश्वगुरु भारत को बना रहा था अच्छे दिन का राग अलाप रहे हिन्दु राष्ट्र बनाने का सपना देख रहे है।हमने राम को लाये है।राम को लाने वाले को जनता लायेगी। इसी बल पर अबकी बार 400 पार का गर्जना करते थक नही रहें थें - उन्हे केन्द्र में सता के सिंघासन पर आसीन होने के लिए चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार के हाथ थाम कर वैसाखी लेने को मोदी मजबुर हो गई है।राजनीतिक पंडितओ के माने तो मोदी जी के 36 के आंकड़े न भी हों तो मधुर संबंध तो नहीं ही हैं।

इस चुनाव की सबसे खास और बीजेपी के लिए सबसे खतरनाक बात यह है कि भारत के उत्तर और पश्चिम उसके अभेद्य किले को विपक्ष ने भेद दिया है।कहीं ध्वस्त किया है तो कहीं बड़ा नुकसान पहुंचाया है।दिल्ली की सता के द्वारा देश के सबसे बड़े और महत्वपूर्ण राज्य उत्तर प्रदेश में उन्होंने बीजेपी को धूल चटा दी है।आप को बता दे कि पिछले लोक सभा चुनाव में 62 सीट जीतने वाली बीजेपी को इस बार 33 सीटों पर समेट दिया है। राजस्थान मे बराबरी से मुकाबला किया है।जहां पिछले चुनाव में बीजेपी ने सभी 25 सीटें जीती थीं वहीं इस बार 11 सीटें कांग्रेस ने उससे छीन ली हैं।महाराष्ट्र में तो यूपी जैसा ही धमाका किया है।वहां की 48 में से करीब 30 सीटों पर कब्जा जमा लिया है।बिहार में भी कोई बड़ी सफलता तो नहीं हासिल कर पाया ।विपक्ष लेकिन पहले जहां एनडीए ने 40 में से 39 सीटें हासिल की थीं वहीं इस बार उसे 31 पर ही रोक दिया है। सबसे पुराना किला गुजरात में भी इस चुनाव मेंगोला दागकर एक सूराख बना दिया है जो राज्य में बीजेपी की कमजोरी का चिन्ह बन गया है।दक्षिण भारत में बीजेपी का बहुत कुछ पहले भी नहीं था।नॉर्थ ईस्ट में भी उसे इस बार झटका लगा है। पिछली बार वहां की 25 में से 23 सीटें एनडीए ने जीती थीं जो कि इस बार 16 पर ही सिमट गईं। बीजेपी के लिए एक राज्य ओडिशा वरदान साबित हुआ है।

# सफल भी एवं सक्षम भी होगी मोदी की तीसरी पारी

- ललित गर्ग

एक और इतिहास रचते हुए नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही वह पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीसरा कार्यकाल हासिल करने वाले पहले प्रधानमंत्री बन गए। यह देश ही नहीं दुनिया के लिए एक अद्भुत एवं विलक्षण राजनीतिक घटना है, क्योंकि दुनिया में बहुत कम शासनाध्यक्षों को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। मोदी के इस तीसरे कार्यकाल पर देश-दुनिया की नजरें इसलिये भी टिकी हैं कि मोदी सरकार 3.0 का अजेंडा पिछली गठबंधन सरकारों से अलग होकर भी सशक्त है। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को लेकर काम करने वाली इस सरकार में 71 मंत्रियों ने प्रधानमंत्री के साथ शपथ ली। मोदी के करिश्माई नेतृत्व में पिछले दस साल में देश को विकास के कहीं ज्यादा ऊंचे मुकाम पर खड़े करते हुए दुनिया को चौंकाया है। 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। जीडीपी के आकार के हिसाब से हमने पिछले साल ब्रिटेन को पीछे छोड़ा और 2026 तक जापान तो 2027 तक जर्मनी को पीछे छोड़ने की उम्मीद कर रहे हैं। इन लक्ष्यों की ओर तेजी से कदम बढ़ाना नई सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसक साथ ही सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास इस सरकार का ध्येय है। प्रधानमंत्री मोदी इस बार गठबंधन सरकार का नेतृत्व करते हुए एक नया इतिहास बनायेंगे, उम्मीद की जा रही है कि बिना बाधा एवं गठबंधन की शर्तों के वे देश-विकास के अपने एजेंडे को सफलतापूर्वक एक नई ऊंचाई देंगे। उनकी लोकसभा चुनाव-2024 की उपलब्धि की महत्ता इसलिये भी कम नहीं हो जाती, क्योंकि भाजपा बहुमत से कुछ ही दूर है। चूंकि सहयोगी दल मोदी सरकार को सहयोग और समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और मंत्रियों का चयन सुगम तरीके से हो गया इसलिए यह आशा की जाती है कि मोदी की तीसरी पारी भी सुगमता एवं त्वरित गति से चलेगी। इसका एक कारण यह भी है कि उनके पास व्यापक राजनीतिक अनुभव है और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता तथा समन्वय की राजनीति करने का कौशल भी। गठबंधन दलों को भी समन्वय एवं सौहार्द का वातावरण बनाना होगा, इसी में उनका राजनीतिक हित है। वे विपक्षी दलों के बहकावे में न आये, वरना यहां मोदी एवं शाह के पास अन्य विकल्प हैं जो मोदी सरकार को संकट में नहीं जाने देंगे। मोदी की राजनीतिक यात्रा को देखा जाए तो उन्होंने अनेक ऐसी चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है जिनकी कल्पना नहीं की जाती थी-पहले गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में और फिर देश के प्रधानमंत्री के रूप में। मोदी के सामने चुनौतियां पूर्ण बहुमत के दौर में भी रही है और अब भी कायम है। इस राह पर दो बड़ी चुनौतियां खड़ी हैं, जिनकी अनदेखी करते हुए आगे बढ़ना मुमकिन नहीं है। ये हैं बेरोजगारी और असमानता। इंटरनैशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट के मुताबिक देश में 80 प्रतिशत बेरोजगार युवा हैं। गरीब मुक्त भारत बनाने का लक्ष्य भी सामने हैं। पूर्व के दौ कार्यकाल में मोदी ने इसमें बड़ी सफलता हासिल की है। जहां तक असमानता की बात है तो उसे अक्सर तेज विकास के आगे ज्यादा तवज्जो नहीं मिलती, लेकिन याद रखने की बात है कि तेज विकास को अगर टिकाऊ बनाना हो तो असमानता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

## आज का राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** आज आपके कार्यक्षेत्र में परिवर्तन और बदलाव आ सकते हैं और इसमें आपको लाभ होगा। | **तुला** आज कारोबार में लाभ होगा और आपके आज कार्यक्षेत्र में सतर्क होकर काम करना चाहिए। |
| **वृषभ** आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके सुख में वृद्धि होने के योग हैं। | **वृश्चिक** आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपकी करूणा और उदारता आपको भारी पड़ सकती है। |
| **मिथुन** आज आपको करियर में लाभ होने के योग हैं। नौकरी व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे। | **धनु** अवसरों में इजाफा होगा और आपको सफलता प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। |
| **कर्क** आज का दिन तरक्की से भरा होगा और आज आपको उन्नति प्राप्त होगी। | **मकर** उलझनों में ग्रस्त रहेंगे। कोई वस्तु या उपहार खरीदने की जल्दी में आप काफी परेशान रहेंगे। |
| **सिंह** अधीनस्थ सहयोगियों के प्रति आपका व्यवहार उदारतापूर्ण होगा और इसका आपको लाभ होगा। | **कुंभ** आज आपके धन में वृद्धि के योग हैं और आपको कारोबार में सफलता प्राप्त होगी। |
| **कन्या** वर्तमान में काम को छोड़कर किसी और चीज में दिमाग न लगाएं तो आपके लिए अच्छा होगा। | **मीन** आप आज मेहनत से जो भी काम करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। |

## विशेष

### कौन बनेगा दुनिया की सबसे बड़ी धनी पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल हो गए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उनका कार्यकाल खत्म होने जा रहा था। पद रिक्त होने के बाद, अब नया राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन चुना जाएगा। इसको लेकर अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। दुनिया के सबसे बड़े और सबसे धनी राजनीतिक दल का अध्यक्ष होना बड़े गौरव की बात है। अभी तक अमित शाह, भूपेंद्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान, मनोहर लाल खट्टर, शिवराज सिंह चौहान, सीआर पाटील का नाम चल रहा था। यह सब केंद्रीय मंत्री बन चुके हैं। ऐसी स्थिति में नए नाम की तलाश शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के ही किसी विश्वसनीय नेता को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाना चाहते हैं।

### बजट सत्र के बाद राज्यों में बड़ा फेरबदल?

केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने जोर शोर से काम शुरू कर दिया है। मंत्रिमंडल के साथ-साथ विभागों का बंटवारा हो गया है। अब लोकसभा अध्यक्ष निर्वाचन तथा केंद्र के बजट सत्र के पश्चात भाजपा शासित राज्यों में बड़े फेरबदल की संभावना व्यक्त की जा रही है। लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अभी राज्यों में जमावट की गई थी। बजट सत्र के बाद भाजपा शासित राज्यों में एक बार फिर बड़ा फेरबदल होगा। जिसमें कई राज्यों के मुखिया एक बार फिर बदले जाएंगे।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1737: स्वीडिश ईस्ट इंडिया कंपनी का गठन हुआ. 1757: राबर्ट क्वाइव ने सिराजुद्दोला को सबक सिखाने के लिए अपना मुर्शिदाबाद अभियान शुरू किया. 1893: महिलाओं का पहला गोल्फ टूनामेंट रायल लीथम, इंग्लैंड में हुआ था. 1917: जर्मनी के चौदह विमानों ने लंदन पर बमबारी की जिसमें 62 व्यक्ति मारे गए. 1940: उधम सिंह को फांसी दी गयी. 1954: आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री जोसेफ बेनेडिकर चिफ्ले का निधन. 1956: ब्रिटेन की आखिरी सैन्य डुकड़ी स्वेज नहर क्षेत्र में वापस गयी. 1967: अमरीकी सुप्रीम कोर्ट में पहले अश्वैत न्यायाधीश के. रूप थुर्गड मार्शल की नियुक्ति हुई थी. 1982: फ्रैंक के अवमूल्यन के बाद फ्रांस सरकार मूल्यों और लोगों की आय वृद्धि पर रोक लगाने की घोषणा.

## दैनिक पंचांग

13 जून 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.25 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | कर्क | 07.38 बजे से |
| मंगल | मेष में | सिंह | 09.55 बजे से |
| बुध | वृष में | कन्या | 12.06 बजे से |
| गुरु | वृष में | तुला | 14.17 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | वृश्चिक | 16.32 ब.से |
| शनि | कुंभ में | धनु | 18.48 बजे से |
| राहु | मीन में | मकर | 20.53 बजे से |
| केतु | कन्या में | कुंभ | 22.40 बजे से |
| राहुकाल | 1.30 से 3.00 बजे तक | मीन | 00.12 बजे से |
| | | मेष | 01.43 बजे से |
| | | वृष | 03.23 बजे से |

**गुरुवार** 2024 वर्ष का 165 वां दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** सप्तमी 21.34 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 05.09 बजे प्रात: को समाप्त।
**योग** वज्र 18.05 बजे को समाप्त।
**करण** गर 08.23 बजे तदनन्तर वणिज 21.34 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 6.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 14'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872009
**जूलियन दिन** 2460474.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जिल्हेज
**तारीख** 06

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



# बिना किसी डिग्री के भी इन क्षेत्रों में बना सकते हैं करियर

**आज का समय स्किल का है और इसके लिए जरूरी नहीं कि आपके पास किसी चीज की डिग्री हो ही। अगर आप ज्यादा पढ़ाई नहीं की हैं, तो भी आप आगे बताए गए क्षेत्रों में अपना करियर चुन सकती हैं।**

आजकल स्किल का दौर है। इसमें बिना डिग्री के भी करियर बनाने के कई बेहतरीन विकल्प होते हैं। जरूरी नहीं कि डिग्री हमेशा सफल करियर की ही गारंटी हो। ये पहले का समय था जब बिना नॉलेज वालों को भी डिग्री के बल बूते पर नौकरी मिल जाती है। हालांकि आज के समय में ऐसा नहीं है। जिस भी व्यक्ति के पास किसी तरह का कोई भी स्किल हो तो आज वह अपने पैरों पर खड़े हो सकते हैं। जी हां, अब कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां आप बिना डिग्री के भी सफल हो सकते हैं। इसके लिए हमने यहां पर कुछ क्षेत्रों की सूची तैयार की है, जिसके जरिए बिना डिग्री के भी करियर बनाया जा सकता है।

## फोटोग्राफी में करियर?

यदि आप फोटोग्राफी के शौकीन हैं, तो आप इसे पेशेवर रूप से भी इस्तेमाल कर सकते हैं। आप चाहें तो इ स्किल को और बेहतर बनाने के लिए आप ऑनलाइन कोर्स या वर्कशॉप के माध्यम से फोटोग्राफी सीख सकते हैं। इसके बाद बतौर फोटोग्राफर आप कहीं भी काम कर सकते हैं। आज के समय में तो लोग हर छोटी से छोटी फंक्शन की भी शूटिंग कराते हैं। ऐसे मौके पर आपकी स्किल काम आ सकती है। इसके लिए आपको अच्छी पेमेंट भी मिल सकती है। आप चाहें तो धीरे-धीरे करके अपनी स्टूडियो भी ओपन कर सकते हैं।

## एक्टिंग में बनाएं करियर?

अगर आपको एक्टिंग करने का शौक है, तो आप अपने टैलेंट को सोशल मीडिया के जरिए लोगों तक पहुंचा सकती हैं। इससे आप इंफ्लूएंसर की तरफ अपना रुख कर सकती हैं। आपको व्यूअर्स पसंद करेंगे, तो आपके फॉलोअर्स बढ़ेंगे। साथ ही, आपको सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म से फिर पेमेंट आने भी शुरू हो सकते हैं। इसके अलावा, आप घर बैठे एक्टिंग सिखाने की क्लासेस भी शुरू कर सकती हैं।

## पेंटिंग में बनाएं करियर

अगर आपके अंदर पेंटिंग की स्किल है, तो आप इसमें बेहतर करियर बना सकती हैं। खास बात यह है कि इसके लिए आपको किसी डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होगी। आप अपनी पेंटिंग बनाकर बेच सकती हैं। आपकी अच्छी पेंटिग्स लाखों-करोड़ो रुपए में भी बिक सकती हैं। इससे आपको अपना आर्ट निखारने का मौका भी मिलेगा। इसके अलावा, आप चाहें तो ऑनलाइन या ऑफलाइन पेंटिंग लर्निंग क्लासेस भी ले सकती हैं। ऑफलाइन क्लास में आपको महीने के हिसाब से पैसे मिलेंगे। वहीं, ऑनलाइन में भी आप पेड क्लासेस ले सकती हैं। इससे आपको डबस फायदा हो सकता है।





# पाना चाहते हैं सरकारी नौकरी ...तो भारत में होने वाली इन परीक्षाओं की करें तैयारी

**सरकारी नौकरी की चाहत भारत में हर कोई रखता है। लोग सालों साल इनकी तैयारियों में लगे रहते हैं। सरकारी नौकरी पाने के बाद मानो लोगों के दिन बदल जाते हैं, जिस कारण देश की आबादी के लगभग 80 से 85 प्रतिशत लोग सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे रहते हैं। अगर आप यूपी और बिहार से हैं तब तो सरकारी नौकरी का महत्व आपसे बेहतर कोई नहीं समझता होगा।**

जैसा की आपको पता है कि सरकारी नौकरी पाने के लिए आपको कई एग्जाम देने होते हैं, अगर आपने एग्जाम क्वालीफाई किया तभी आप उस नौकरी को पा सकते हैं। आज के आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि आप किन एग्जाम को देकर सरकारी नौकरी पा सकते हैं।

## बैंक पीओ

अगर आप किसी सरकारी बैंक में काम करना चाहते हैं, तब आप बैंक पीओ के एग्जाम के जरिए सरकारी बैंक में काम कर सकते हैं। कुछ साल बैंक में पीओ के पद पर काम करने के बाद आपको असिस्टेंट मैनेजर का पद मिल जाता है, जिसके कुछ समय बाद आपको मैनेजर का पद भी मिल सकता है। इस पेपर को निकालने के लिए आपको इंग्लिश लैंग्वेज, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड और रीजनिंग आनी चाहिए। इस पेपर में बैठने से पहले आपको जमकर मैथ्स और रीजनिंग की तैयारी कर लेनी चाहिए।

## एसएससी सीजीएल

सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लगभग हर छात्र को एसएससी सीजीएल के विषय में जानकारी होती है। यह एग्जाम स्टाफ सेलेक्शन कमीशन द्वारा लिया जाता है, जिसमें मेरिट के हिसाब से अलग-अलग मिनिस्ट्री में सरकारी नौकरी मिलती है। इस परीक्षा में 1 से लेकर 4 टियर होते हैं, एग्जाम क्वालीफाई करने के लिए आपको चारों टियर पास करने होते हैं। एसएससी के पेपर में आपको जनरल अवेयरनेस, रीजनिंग, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड और इंग्लिश कंप्रीहेंशन और मैथ्स के सवाल भर-भरकर मिलते हैं।

## आरबीआई ग्रेड बी

आरबीआई को भारत की एपेक्स बैंक कहा जाता है, जो अन्य सरकारी बैंकों को सुचारू रूप से चलाने का काम करती है। आप आरबीआई ग्रेड बी का एक्जाम देकर भी सरकारी नौकरी पा सकते हैं। इस एग्जाम को निकालने के लिए आपको रीजनिंग, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड, इंग्लिश लैंग्वेज और जनरल अवेयरनेस को अच्छे से तैयार करना होता है। अगर आप यह एग्जाम क्लियर करते हैं तो आपको आरबीआई ऑफिसर के पद पर काम करने का मौका मिलता है, जिसके बाद आप प्रमोशन पाकर डिप्टी गवर्नर भी बन सकते हैं। इस नौकरी में सबसे ऊंची पोस्ट गवर्नर की होती है, जहां तक बहुत कम लोग पहुंच पाते हैं।

## सीडीएस

यह एक्जाम यूपीएससी द्वारा ही लिया जाता है। अगर आप आर्मी में ऊंचे पदों पर जाना चाहते हैं तो इस एग्जाम को क्वालीफाई करके जा सकते हैं। इस एग्जाम को पास करने के बाद आप इंडियन मिलिट्री अकादमी, इंडियन नेवल अकादमी, ऑफीसर्स ट्रेनिंग अकादमी और इंडियन एयर फोर्स अकादमी में जा सकते हैं। इस एग्जाम के लिए आपको इंग्लिश, जनरल नॉलेज और एलिमेंट्री मैथ की अच्छी नॉलेज होनी चाहिए।

## स्टेट पीसीएस

स्टेट पीसीएस का सिलेबस यूपीएससी से थोड़ा सा कम मुश्किल होता है, तो अगर आप यूपीएससी की तैयारी करते हैं तो इस परीक्षा में भी बैठ सकते हैं। इस परीक्षा को स्टेट सर्विस कमीशन के द्वारा कराया जाता है, जिसमें हर राज्य का एग्जाम पैटर्न अलग-अलग होते हैं। बाकी जानकारी के लिए आप किसी भी राज्य की स्टेट सर्विस कमीशन की ऑफिशियल साइट पर भी जा सकते हैं।

## सीएपीएफ

आपको बता दें की यह एग्जाम भी यूपीएससी द्वारा लिया जाता है, जिसे क्वालीफाई करने के बाद आप अलग-अलग आर्मी फोर्स में जा सकते हैं। इस एग्जाम से आप सीधे असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर जाते हैं।

## एलआईसी

एलआईसी का नाम तो हम सभी ने सुना है, आप इसका एग्जाम क्वालीफाई करके भी सरकारी नौकरी पा सकते हैं। यह एक नेशनल लेवल एग्जाम होता है, जिसे पास करने के बाद आप एलआईसी में ऊंचे पदों पर काम कर सकते हैं। इस परीक्षा का सिलेबस अन्य परीक्षाओं के जैसा ही होता है, इसलिए अगर आप किसी और सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहें हैं तो इसके इस्जाम में भी बैठ सकते हैं।

यूजीसी नेट

अगर आप शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी नौकरी करना चाहते हैं, तो आपको यूजीसी नेट की परीक्षा देनी होगी। यूजीसी नेट एग्जाम क्वालीफाई करने के बाद आपकी आगे की रीसर्च की फंडिंग भी की जाती है। ज्यादा जानकारी के लिए आप यूजीसी की साइट पर जाकर भी चेक कर सकते हैं।





# एक साथ दो इंटरव्यू क्लीयर कर लिए हैं, तो एक जॉब को इस तरह करें सेलेक्ट

**अगर आपने जॉब के लिए कई जगह इंटरव्यू दिया था और आपने दो इंटरव्यू क्लीयर कर लिए हैं। तो ऐसे में आप उनमें से किसी एक जॉब को इन टिप्स को अपनाकर सलेक्ट करें।**

जीवन में तरक्की पाने के लिए एक अच्छी नौकरी पाने की इच्छा तो हम सभी की होती है। इसलिए, हम अलग-अलग कंपनियों में जॉब के लिए इंटरव्यू देते हैं। अक्सर हम सभी सिर्फ एक कंपनी में रिज्यूमे नहीं देते हैं, बल्कि हर अच्छी कंपनी में काम करने के लिए अवसर तलाश करते हैं। इंटरव्यू देने के बाद उसके रिप्लाई को आने में कुछ वक्त लग जाता है। अगर आप इंटरव्यू क्लीयर कर लेते हैं तो यकीनन बेहद खुशी होती है। लेकिन वहीं दूसरी ओर, अगर एक साथ दो कंपनियों से जॉब ऑफर होती है तो यह स्थिति थोड़ी दुविधाजनक हो जाती है। इस स्थिति में यकीनन आपके लिए यह तय कर पाना मुश्किल होता है कि आप किस जॉब ऑफर को एक्सेप्ट करें और किसे रिजेक्ट। हो सकता है कि आप भी ऐसी ही किसी स्थिति में उलझी हुई हों। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे आसान टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने लिए एक परफेक्ट जॉब को सलेक्ट कर सकती हैं-

## लॉन्ग टर्म के बारे में सोचें

जब आप किसी जॉब ऑफर को हां कहने जा रही हैं तो ऐसे में आपको अपने लॉन्ग टर्म करियर के बारे में सोचना चाहिए। यूं तो जॉब को जल्दी भी स्विच किया जा सकता है, लेकिन जब आप एक कंपनी में जुड़ते हैं तो लंबे समय तक काम करना काफी अच्छा रहता है। इससे आपकी प्रोफेशनल इमेज भी बेहतर होती है। इसलिए, किसी भी जॉब को सलेक्ट करने से पहले आपको यह देखना चाहिए कि लॉन्ग टर्म में आपको इस जॉब में आगे बढ़ने के कितने अवसर मिलेंगे।

## काम और पर्सनल लाइफ पर करें गौर

हर जॉब की अपनी अलग जरूरतें होती हैं और इसलिए जब आप किसी जॉब को सलेक्ट करें तो यह देखें कि आपका काम आपकी पर्सनल लाइफ को किस तरह इफेक्ट कर रहा है। यकीनन आप अपने करियर में बेहतर ग्रोथ चाहती हैं लेकिन इसके लिए आपकी पर्सनल लाइफ डिस्टर्ब नहीं होनी चाहिए। इसलिए, जब भी आप किसी जॉब ऑफर को सलेक्ट करें तो यह अवश्य देखें कि आपकी ऑफिस टाइमिंग, काम व वर्क प्रोफाइल आपके पर्सनल लाइफ पर किस तरह असर डालेगा।

## सिर्फ सैलरी पर ही ध्यान ना दें

जब हमे दो जॉब के ऑफर मिलते हैं तो यकीनन हमारा सबसे पहला फोकस सैलरी पर ही होता है। यकीनन सैलरी किसी भी जॉब सलेक्शन में एक अहम् भूमिका निभाती है। लेकिन सिर्फ सैलरी पर ही फोकस करके आप एक गलत डिसिजन ले सकती हैं। किसी भी जॉब को सलेक्ट करते समय आपको अपने काम, ऑफिस टाइमिंग, ऑफिस से घर की दूरी, पिकअप और ड्रॉप की फैसिलिटी जैसी अन्य कई छोटी-छोटी बातों पर ध्यान दें। इससे आपके लिए काम की जगह पर अधिक कंफर्टेबल फील होगा।

## ऑफिस के माहौल को जानने का प्रयास करें

यूं तो किसी भी ऑफिस के माहौल के बारे में आप तभी जान पाती हैं, जब आप उस ऑफिस में काम करती हैं। लेकिन अगर आपको एक साथ दो जगह से जॉब ऑफर हुई है तो कोशिश करें कि आप उन दोनों कंपनी व ऑफिस के माहौल को जानने का प्रयास करें। मसलन, अगर आपका कोई जानकार उस ऑफिस में काम कर चुका है तो आप उनसे ऑफिस की खूबियों व खामियों के बारे में जानने की कोशिश करें। इसके अलावा, आप यह देखें कि उस ऑफिस में ज्वॉइन करने के बाद लोग कितने लंबे समय तक वहां पर काम करते हैं या फिर उस कंपनी में लोग जल्दी-जल्दी जॉब छोड़ते हैं। इस तरह आपको यह समझने में आसानी होगी कि उस ऑफिस में काम करना आपके लिए कितना सही है। इससे आप एक अधिक सटीक निर्णय ले पाएंगी।




अक्सर लोग नौकरी न मिलने पर ऐसे स्कैमर के चक्कर में फंस जाते हैं जो आपके सपनों की नौकरी को दिलाने का वादा करते हैं। हाल ही में ऐसे कई स्कैम हुए हैं जिसमें नौकरी के लालच में लोग बुरी तरह फंस चुके हैं।

# ऑनलाइन जॉब ढूंढ रहे हैं तो हो जाएं सावधान...

आजकल लोग नौकरी के लिए ऑनलाइन कई कंपनियों में अप्लाई करते हैं। ऐसे में लोगों के साथ स्कैम बहुत अधिक होने की संभावना होती है। जॉब देने की आड़ में स्कैमर्स लोगों से लाखों पैसे ले लेते हैं और लोग उनके जाल में बुरी तरह फंस जाते हैं। सोशल मीडिया की मदद से किसी कंपनी भी में अप्लाई करने पर स्कैम भी बहुत अधिक हो रहे हैं। तो चलिए जानते हैं कि आप कैसे इन ऑनलाइन स्कैम से बच सकती हैं।

## सोशल मीडिया पर करते हैं पोस्ट

इंस्टाग्राम पर या फेसबुक ऐसे कई पेज हैं जो जॉब वेकेंसी के बारे में पोस्ट करते रहते हैं। फेक अकाउंट जब नौकरी की वेकेंसी पोस्ट करते हैं तो वह एक फॉर्म की लिंक को भी अटैच कर देते हैं। इसमें वह निर्देशों का पालन करते हुए डिटेल्स को फिल करने के लिए जानकारी भी देते हैं। उसके बाद ऑनलाइन भुगतान के लिए भी कहा जाता है। ऐसे में आपको सतर्क रहना बहुत जरूरी है। जब भी आप ऑनलाइन सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर फॉर्म भरें तो आपको कंपनी के वेबसाइट पर जाकर यह जरूर चेक करना चाहिए कि कंपनी में कोई वेकेंसी निकली भी है या नहीं। इसके अलावा आपको फॉर्म भरने पर अपने बैंक की डिटेल्स और पैसे का भुगतान नहीं करना चाहिए।

## विदेश में नौकरी का लालच

देश में नौकरी के अलावा कई बार लोग विदेशों में भी नौकरी लेने के लालच में बुरी तरह फंस जाते हैं। जालसाज लोगों को पैसे लेकर विदेशों में नौकरी करने के लिए भेज देते हैं जहां उन्हें बंधक तक बना लिया जाता है। ऐसे में नौकरी पाने के लिए किसी भी अनजान लोगों के झांसे में ना आएं और साथ ही अच्छे से जॉब के बारे में चेक करने के बाद ही कोई कदम उठाएं।

## कैसे रहें सुरक्षित?

जब सोशल मीडिया पर कोई फेक जॉब पर पोस्ट शेयर की जाती है तो स्कैमर्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर क्लिकबेट हेडलाइन्स से लोगों को लुभाते हैं और पैसा लेकर गायब हो जाते हैं। आपको कंपनी का नाम ऑनलाइन सर्च भी देखना चाहिए और उस कंपनी से जुड़े हुए कॉन्टैक्ट मिले तो कॉल करके वेकेंसी के बारे में जरूर पूछना चाहिए। जब भी आप जॉब पोस्ट को देखें तो उसमें कोई ग्रामेटिकल मिस्टेक अगर आपको नजर आती है तो हो सकता है कि वह पोस्ट फेक हो क्योंकि अक्सर स्कैमर्स ज्यादा पढ़े नहीं होते और अंग्रेजी लिखने में गलती भी कर देते हैं इसलिए आपको इस बात का ध्यान रखते हुए ही सोशल मीडिया पर जॉब के लिए अप्लाई करना चाहिए।


## संक्षिप्त समाचार

### 100 रुपये तक जा सकते हैं यस बैंक के शेयर




**नईदिल्ली, एजेंसी।** यस बैंक के शेयरों में तगड़ा उछाल आ सकता है। अगर कोई व्यक्ति 5 साल के लिए यस बैंक के शेयरों को अपने पास बनाए रखता है तो उसे जबरदस्त मुनाफा हो सकता है। यह बात टेक्निकल एनालिस्ट प्रकाश गाबा ने कही है। सीएनबीसी आवाज पर एक सवाल के जवाब में गाबा ने कहा कि यस बैंक के चार्ट के मुताबिक मौजूदा समय में बॉटम आउट प्रोसेस चल रहा है, लेकिन यह कब पूरा होगा यह स्पष्ट नहीं है। यस बैंक के शेयर मंगलवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 23.63 रुपये पर बंद हुए हैं। प्रकाश गाबा ने कहा है कि ब्रेकआउट के लिए यस बैंक के शेयरों को मंथली टाइमफ्रेम पर 30 रुपये के ऊपर बंद होना चाहिए। गाबा ने कहा, जब भी ऐसा होगा, 30 रुपये के ऊपर का यह ब्रेकआउट यस बैंक के शेयरों को 100 रुपये पर ले जाएगा, लेकिन इसमें 5 साल लग सकते हैं। मार्च 2024 तिमाही में यस बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम में 2 पर्सेंट की ग्रोथ देखने को मिली है और यह 2153 करोड़ रुपये पहुंच गई है। यस बैंक के शेयरों में पिछले एक साल में 44 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है। यस बैंक के शेयर 12 जून 2023 को 16.40 रुपये पर थे। प्राइवेट सेक्टर के बैंक के शेयर 11 जून 2024 को 23.63 रुपये पर बंद हुए हैं। वहीं, पिछले 6 महीने में यस बैंक के शेयरों में 11 पर्सेंट के करीब तेजी देखने को मिली है। यस बैंक के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 32.81 रुपये है। वहीं, बैंक के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 14.10 रुपये है। कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने मार्च तिमाही के नतीजों के बाद यस बैंक के शेयरों पर सेल रेटिंग बनाए रखी है। ब्रोकरेज हाउस ने बैंक के शेयरों के लिए 19 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है।

### आंकड़े : सेज से निर्यात चार फीसदी बढ़कर 164 अरब डॉलर पहुंचा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) से निर्यात 2023-24 में सालाना आधार पर 4.10 फीसदी बढ़कर 163.69 अरब डॉलर पहुंच गया। हालांकि, इस अवधि में देश के कुल निर्यात में तीन फीसदी से अधिक गिरावट दर्ज की गई। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, सेज से 2022-23 में 157.24 अरब डॉलर का निर्यात हुआ था। 2021-22 में यह आंकड़ा 133 अरब डॉलर रहा था। मंत्रालय के मुताबिक, सेज से जिन देशों को सर्वाधिक निर्यात किया गया, उनमें संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर शामिल हैं। विशेष आर्थिक क्षेत्र प्रमुख निर्यात केंद्र हैं, जिन्होंने पिछले वित्त वर्ष में देश के कुल निर्यात में एक-तिहाई से अधिक का योगदान दिया। परिचालन वाले सबसे अधिक विशेष आर्थिक क्षेत्र कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, गुजरात, केरल और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में है। इन क्षेत्र की इकाइयों को तैयार माल पर वर्तमान में शुल्क के भुगतान पर डीटीए (घरेलू शुल्क क्षेत्र) में अपने उत्पाद बेचने की अनुमति है। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, विशेष आर्थिक क्षेत्रों में 31 दिसंबर, 2023 तक 6.92 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। इससे कुल 30.70 लाख लोगों को रोजगार मिला है।

# अनिल अंबानी के शेयर ने 4 साल में 1 लाख रुपये के बना दिए 27 लाख, कंपनी ने चुकाया पूरा कर्ज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर के शेयरों में तूफानी तेजी है। रिलायंस पावर के शेयर बुधवार को 8 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 31.15 रुपये पर पहुंच गए हैं। रिलायंस पावर के शेयर मंगलवार को भी 10 पर्सेंट के उछाल के साथ 28.67 रुपये पर बंद हुए थे। कंपनी के शेयरों में 5 ट्रेडिंग सेशन में 26 पर्सेंट से ज्यादा का उछाल आया है। खबर है कि कंपनी ने अपना पूरा कर्ज चुका दिया है। रिलायंस पावर के शेयरों में पिछले 4 साल में 2650 पर्सेंट से ज्यादा का उछाल आया है।



### 1 लाख रुपये के बना दिए 27 लाख रुपये से ज्यादा

अनिल अंबानी के मालिकाना हक वाली कंपनी रिलायंस पावर के शेयरों में पिछले 4 साल से कुछ ज्यादा समय में जबरदस्त उछाल आया है। रिलायंस पावर के शेयर 27 मार्च 2020 को 1.13 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 12 जून 2024 को 31.15 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों में इस अवधि में 2650 पर्सेंट से ज्यादा का उछाल आया है। अगर किसी व्यक्ति ने 27 मार्च 2020 को रिलायंस पावर के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते और अपने निवेश को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में इन शेयरों की वैल्यू 27.51 लाख रुपये के करीब होती।

### कंपनी ने चुकाया अपना पूरा कर्ज

रिलायंस पावर ने अपना पूरा कर्ज चुका दिया है। स्टैंडअलोन बेसिस पर कंपनी कर्ज मुक्त हो गई है। पीटीआई की एक रिपोर्ट में यह बात सूत्रों के हवाले से कही गई है। कंपनी पर करीब 800 करोड़ रुपये का कर्ज था, बैंकों के इस कर्ज को चुका दिया गया है। दिसंबर 2023 से मार्च 2024 के बीच रिलायंस पावर ने अलग-अलग बैंकों के साथ कई डेट सेटलमेंट एग्रीमेंट्स किए हैं। रिलायंस पावर ने IDBI बैंक, ICICI बैंक, एक्सिस बैंक और डीबीएस बैंक के साथ एग्रीमेंट किए। सूत्रों का कहना है कि कंपनी ने अब इन बैंकों के पूरा बकाए का भुगतान कर दिया है। इसी के साथ, रिलायंस पावर स्टैंडअलोन बेसिस पर डेट फ्री कंपनी बन गई है।

## पहले ही दिन 150 रुपये के पार पहुंच गया सैट्रिक्स इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी का शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईटी इंडस्ट्री से जुड़ी कंपनी सैट्रिक्स इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी लिमिटेड की शेयर बाजार में जबरदस्त शुरुआत हुई है। सैट्रिक्स इंफॉर्मेशन के शेयर पहले ही दिन 150 रुपये के पार पहुंच गए हैं। सैट्रिक्स इंफॉर्मेशन के शेयर 24 पर्सेंट के फायदे के साथ 150 रुपये पर बाजार में लिस्ट हुए हैं। आईपीओ में सैट्रिक्स इंफॉर्मेशन के शेयर का दाम 121 रुपये था। सैट्रिक्स इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी लिमिटेड का आईपीओ 5 जून 2024 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था और यह 7 जून तक ओपन रहा।



### शानदार लिस्टिंग के बाद भी धुआंधार तेजी

सैट्रिक्स इंफॉर्मेशन के शेयरों की बाजार में तगड़े फायदे के साथ लिस्टिंग हुई है। शानदार लिस्टिंग के बाद सैट्रिक्स के शेयर 3 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 155 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों ने दिन के कारोबार के दौरान 142.50 रुपये के लो लेवल को भी छुआ है। सैट्रिक्स इंफॉर्मेशन के पब्लिक इश्यू का टोटल साइज 21.78 करोड़ रुपये का था। कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के स्स्ध प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हुए हैं। सैट्रिक्स इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी लिमिटेड की शुरुआत साल 2013 में हुई थी। कंपनी कस्टमर ओरिएंटेड साइबर सिक्योरिटी सॉल्यूशंस डिवेलप करती है। कंपनी का आईपीओ 121 रुपये के फिक्स्ड प्राइस पर आया था। सैट्रिक्स इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी लिमिटेड का आईपीओ टोटल 70.44 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कैटेगरी में 37.76 गुना दांव लगा। वहीं, अदर्स कैटेगरी का कोटा 87.88 गुना सब्सक्राइब हुआ था। सैट्रिक्स इंफॉर्मेशन के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स सिर्फ 1 लॉट के लिए दांव लगा सकते थे। आईपीओ की एक लॉट में 1000 शेयर हैं। यानी, रिटेल इनवेस्टर्स को कंपनी के आईपीओ में 121000 रुपये का इनवेस्टमेंट करना पड़ा है। वहीं, हाई नेटवर्थ इंडीविजुअल्स आईपीओ में 2 लॉट के लिए दांव लगा सकते थे।

## टाटा स्टील अपने ब्रिटिश संयंत्र में निवेश की योजना को लेकर आशंकित

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इस्पात कंपनी टाटा स्टील ने ब्रिटेन के पोर्ट टैलबोट में स्थित अपने संयंत्र में 1.25 अरब पाउंड का प्रस्तावित निवेश ब्रिटिश सरकार और विपक्ष के बीच नीतिगत मतभेदों की वजह से खटाई में पड़ने के बारे में आई खबरों पर चिंता जताई है। पिछले साल सितंबर में टाटा स्टील और ब्रिटिश सरकार के बीच पोर्ट टैलबोट इस्पात संयंत्र में कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए 1.25 अरब पाउंड की संयुक्त निवेश योजना पर सहमति जताई गई थी। इस निवेश में से 50 करोड़ पाउंड की राशि ब्रिटिश सरकार को देनी है। कंपनी ने बयान में कहा, ''हम ब्रिटिश मीडिया में आई उन खबरों को देखकर आशंकित हैं, जिनमें कहा गया है कि ब्रिटेन के इस्पात उद्योग में कई दशकों का सबसे बड़ा 1.25 अरब पाउंड का निवेश मौजूदा चुनावी प्रक्रिया के दौरान कंजर्वेटिव पार्टी और लेबर पार्टी के बीच उभरे नीतिगत मतभेदों के कारण खतरे में पड़ सकता है। टाटा स्टील ने कहा कि वह आने वाले महीनों में पोर्ट टैलबोट संयंत्र में भारी-भरकम परिसंपत्तियों को बंद करने और पुनर्गठन कार्यक्रम की घोषणा पर कायम रहेगी। टाटा समूह की कंपनी टाटा स्टील ब्रिटेन के पोर्ट टैलबोट में 30 लाख टन प्रति वर्ष क्षमता वाली सबसे बड़ी ब्रिटिश इस्पात इकाई का संचालन करती है और करीब 8,000 लोगों को रोजगार देती है।

## सोने के खास आभूषणों के आयात पर सरकार ने लगाया प्रतिबंध

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने जेम्स और कीमती पत्थरों से सुसज्जित कुछ खास तरह के सोने के आभूषणों के आयात पर मंगलवार को रोक लगा दिया। यह कदम इंडोनेशिया और तंजानिया से इन उत्पादों के आयात को हतोत्साहित कर सकता है। हालांकि, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने कहा कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच मुक्त शुल्क समझौते के तहत वैध शुल्क दर कोटा (टीआरक्यू) में आयात प्राधिकार के बगैर भी इन जड़ित स्वर्ण आभूषणों के आयात की मंजूरी होगी।

डीजीएफटी ने एक अधिसूचना में कहा कि मोती, कुछ खास किस्म के हीरे और अन्य कीमती एवं कम मूल्यवान पत्थरों से जड़े सोने के आभूषणों की आयात नीति को तत्काल प्रभाव से संशोधित कर 'मुक्त से अंकुश' कर दिया गया है। अंकुश की श्रेणी में रखी गई वस्तुओं का आयात करने के लिए



सरकार से लाइसेंस/ अनुमति लेने की जरूरत होती है। एक उद्योग विशेषज्ञ ने कहा कि इंडोनेशिया और तंजानिया से इन वस्तुओं के आयात में वृद्धि हुई है। भारत का इंडोनेशिया के साथ मुक्त व्यापार समझौता है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक मजबूत घरेलू मांग रहने से देश में सोने का आयात वित्त वर्ष 2023-24 में 30 प्रतिशत बढ़कर 45.54 अरब डॉलर हो गया। वित्त वर्ष 2022-23 में सोने का आयात 35 अरब डॉलर का रहा था। आंकड़ों के मुताबिक, इस साल मार्च में कीमती धातु का आयात 53.56 प्रतिशत घटकर 1.53 अरब डॉलर रह गया। स्विट्जरलैंड सोने के आयात का सबसे बड़ा स्त्रोत है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत की है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आयात में हिस्सेदारी 16 प्रतिशत और दक्षिण अफ्रीका की लगभग 10 प्रतिशत है। देश के कुल आयात में सोने की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत से अधिक रही है। फिलहाल सोने पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगता है। बता दें कि चीन के बाद भारत दुनिया में सोने का दूसरा बड़ा उपभोक्ता है। यह आयात मुख्य रूप से आभूषण उद्योग की मांग को पूरा करता है।

## चुनाव खत्म, कमाई शुरू! आ रहे हैं दो दर्जन से अधिक कंपनियों के आईपीओ, 30,000 करोड़ जुटाने की योजना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीओ में निवेश करने वालों के लिए गुड न्यूज है। लोकसभा चुनावों के संपन्न होते ही प्राइमरी मार्केट में आईपीओ की बाढ़ आने वाली है। अगले दो महीनों में दो दर्जन से ज्यादा कंपनियों के इश्यू आने वाले हैं जिनका लक्ष्य 30,000 करोड़ रुपये से ज्यादा रकम जुटाना है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में वापसी से निवेशकों की उम्मीदें फिर से बढ़ गई हैं। यही वजह है कि ज्यादा से ज्यादा कंपनियां इस मौके का फायदा उठाना चाहती हैं। बैंकरों ने कहा कि व्यापक इक्विटी सूचकांक नए उच्च स्तर पर ट्रेड कर रहे हैं और कई शेयरों की वैल्यूएशन बहुत ज्यादा है। इसके बावजूद निवेशक नए शेयर खरीदने के लिए उत्सुक हैं।

बैंकरों के अनुसार एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स, एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स, आशीर्वाद माइक्रोफाइनेंस, स्टेनली लाइफस्टाइल, वारी एनर्जीज, प्रीमियर एनर्जीज, शिवा फार्माकेम, बंसल वायर इंडस्ट्रीज, वन मोबिक्विक सिस्टम्स और सीजे डार्कल लॉजिस्टिक्स अगले एक से दो महीनों में आईपीओ लॉन्च कर सकती हैं। प्राइमडेटाबेस डॉट कॉम के अनुसार, करीब 18 कंपनियों को सामूहिक रूप से 20,000 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने के लिए आईपीओ लॉन्च करने के वास्ते मार्केट रेगुलेटर सेबी से मंजूरी मिल गई है। अन्य 37 कंपनियों ने 50,000 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने के लिए बाजार नियामक के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है और मंजूरी का इंतजार कर रही हैं।

ऑनलाइन ट्रैवल प्लेटफॉर्म इक्सिगो का आईपीओ रिटेल इन्वेस्टर्स की मजबूत मांग के कारण सोमवार को खुलने के कुछ ही घंटों के भीतर पूरी तरह से सब्सक्राइब हो गया। यह लोकसभा चुनावों के बाद पहला आईपीओ था। 740 करोड़ रुपये के इस आईपीओ पर बोली लगाने का आज आखिरी दिन है। कोटक इन्वेस्टमेंट बैंकिंग




के एमडी वी जयशंकर ने कहा कि मोदी सरकार की वापसी से उत्साहित बाजार को मजबूत आर्थिक विकास को समर्थन देने के लिए बुनियादी ढांचे पर खर्च और घरेलू विनिर्माण पर जोर देने के साथ नीतियों की जारी रहने की उम्मीद है। यही वजह है कि कई कंपनियां अब मजबूत घरेलू प्रवाह के बीच निकट भविष्य में अपने आईपीओ लॉन्च करने की योजना बना रही हैं।

भारत की तीसरी सबसे बड़ी इंडियन मेड फॉरेन लिकर कंपनी एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स इसी महीने 1,500 करोड़ रुपये जुटाने के उद्देश्य से पूंजी बाजार में प्रवेश करने की योजना बना रही है। इसी तरह जेनेरिक दवा निर्माता कंपनी एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स इस महीने के अंत तक 2,200-2,300 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने की योजना बना रही है। कंपनी को इसके लिए हाल ही में सेबी से मंजूरी मिल गई है। एसपी ग्रुप की प्रमुख इन्फ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग और निर्माण कंपनी एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर अगले महीने 7,000 करोड़ जुटाने के लिए आईपीओ लाने की तैयारी है। कंपनी ने मार्च में इसके लिए ड्राफ्ट पेपर दाखिल किए थे और अब उसे सेबी की मंजूरी का इंतजार कर रही है।

### ओला इलेक्ट्रिक का आईपीओ

ओला इलेक्ट्रिक का 5,500 करोड़ का आईपीओ अगले कुछ हफ्तों में आने की उम्मीद है। मामले से वाकिफ लोगों ने मंगलवार को बताया कि भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर निर्माता कंपनी ने सेबी से मंजूरी हासिल कर ली है। यह देश में किसी श्वङ्क स्टार्टअप का पहला आईपीओ होगा। फोटोवोल्टिक सौर पैनल बनाने वाली कंपनी वारी एनर्जीज कुछ ही हफ्तों में 3,000 करोड़ रुपये के नए इश्यू और मौजूदा निवेशकों से 32 लाख शेयरों की बिक्री की पेशकश के साथ सार्वजनिक होने की संभावना है। इसके अलावा, भारत की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत सौर सेल और सौर मॉड्यूल निर्माता प्रीमियर एनर्जीज भी जल्द ही अपना आईपीओ लाने की योजना बना रही है, जिसमें 1,500 करोड़ रुपये का नया निर्गम और 2.82 करोड़ शेयरों का ओएफएस शामिल होगा। एसबीआई कैपिटल में इक्विटी कैपिटल मार्केट्स के प्रमुख दीपक कौशिक ने कहा कि सेकेंडरी मार्केट में अस्थिरता कम होने और मांग मजबूत रहने के साथ हम नियोजित आईपीओ के साथ आगे बढ़ेंगे। डीआरएचपी दाखिल करने से लेकर सार्वजनिक निर्गम शुरू करने तक प्राथमिक बाजार में समग्र गतिविधि अब गति पकड़ने की उम्मीद है। एसबीआई कैपिटल कई आईपीओ के लिए बैंकर है, जिनमें आशीर्वाद माइक्रोफाइनेंस, बंसल वायर इंडस्ट्रीज, डी डेवलपमेंट इंजीनियर्स और स्टेनली लाइफस्टाइल शामिल हैं। अब तक 2024 में 30 कंपनियों ने 27,780 करोड़ जुटाए हैं ।

## इंश्योरेंस पर अब ग्राहकों को बड़ी राहत, कभी भी कर सकेंगे पॉलिसी रद्द, रिफंड भी मिलेगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण ने इंश्योरेंस पॉलिसी से जुड़े कई नियमों को आसान बना दिया है। इसके तहत पॉलिसीहोल्डर्स कुछ शर्तों के साथ अपनी इंश्योरेंस पॉलिसी को रद्द कर सकते हैं। इसके साथ ही पॉलिसीहोल्डर इंश्योरेंस की बची हुई अवधि के रिफंड को भी ले सकेंगे। वहीं, इरडा के नए नियम के तहत अब जनरल इंश्योरेंस कंपनियां डॉक्युमेंट के अभाव में क्लेम खारिज नहीं कर सकेंगी।

### पॉलिसी को रद्द करने पर रिफंड भी

इरडा ने एक मास्टर सर्कुलर जारी कर इंश्योरेंस पॉलिसी से जुड़े नए नियमों के बारे में बताया है। इरडा ने कहा- यदि पॉलिसीहोल्डर पॉलिसी को रद्द कर देता है, तो उसे इसका कारण बताने की जरूरत नहीं है। ग्राहक पॉलिसी रद्द कर देता है तो बीमाकर्ता को समाप्त नहीं हुई पॉलिसी अवधि के लिए आनुपातिक प्रीमियम वापस करना चाहिए। हालांकि, इसके लिए जरूरी है कि पॉलिसी की अवधि एक वर्ष तक है और इस अवधि के दौरान कोई क्लेम नहीं किया गया है। एक वर्ष से अधिक की अवधि वाली पॉलिसियों के संबंध में समाप्त नहीं हुई पॉलिसी अवधि के लिए रिफंड प्रीमियम किया जाना चाहिए। सर्कुलर के मुताबिक बीमाकर्ता केवल धोखाधड़ी साबित होने के आधार पर पॉलिसी रद्द कर सकता है। इसके लिए बीमाकर्ता न्यूनतम 7 दिनों का नोटिस दे सकेगा।




इरडा के सर्कुलर के मुताबिक डॉक्युमेंट के अभाव में क्लेम खारिज नहीं किया जाना चाहिए। इस प्रस्ताव की स्वीकृति के समय जरूरी दस्तावेजों को मांगना चाहिए। ग्राहक को केवल वे डॉक्युमेंट जमा करने के लिए कहा जा सकता है जो सीधे क्लेम सेटलमेंट से संबंधित हैं। इसके तहत ड्राइविंग लाइसेंस, परमिट, फिटनेस, एफआईआर, अनट्रेस्ड रिपोर्ट, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आदि डॉक्युमेंट आते हैं। इरडा के सर्कुलर में कहा गया है कि प्रत्येक ग्राहक को एक ग्राहक सूचना पत्र (सीआईएस) दिया जाना चाहिए। इसके तहत ग्राहक आसान शब्दों में पॉलिसी के बारे में जान सकेंगे। इसमें बुनियादी विशेषताओं के बारे में बताया जाएगा। इसमें कवरेज का दायरा, ऐड-ऑन, बीमा राशि का आधार, बीमा राशि, विशेष शर्तें और वारंटी, क्लेम प्रक्रिया समेत अन्य जानकारियां एक ही जगह उपलब्ध होंगी

## शेयर निवेशकों से धोखाधड़ी के मामले में टीवी एंकर पर सेबी का बड़ा एक्शन, ठोका जुर्माना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बाजार रेगुलेटरी सेबी ने एक टेलीविजन चैनल पर शेयर बाजार पर केंद्रित कार्यक्रम पेश करने वाले प्रदीप पंड्या और सात अन्य लोगों एवं फर्मों को मंगलवार को प्रतिभूति बाजार से पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया। इसके अलावा धोखाधड़ी वाली कारोबारी गतिविधियों में लिप्त होने के लिए इन पर सामूहिक रूप से 2.6 करोड़ रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने पूर्व टीवी एंकर पंड्या के अलावा अल्पेश फुरिया, मनीष फुरिया, अल्पा फुरिया, अल्पेश वासंजी फुरिया एचयूएफ, मनीष वी फुरिया एचयूएफ, महान इन्वेस्टमेंट और तोशी ट्रेड के खिलाफ प्रतिबंध लगाए हैं। पंड्या अगस्त, 2021 तक बिजनेस समाचार चैनल सीएनबीसी आवाज़ में विभिन्न कार्यक्रमों को पेश करते थे जबकि अल्पेश फुरिया अतिथि विशेषज्ञ के तौर पर टीवी चैनल पर नजर आए और उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर शेयरों के बारे में सिफारिशें भी दी थीं। टीवी शो 'पंड्या का फंडा' में शेयरों के बारे में दिए गए प्रदीप पंड्या के सुझावों और नवंबर, 2019 से जनवरी, 2021 के दौरान अल्पेश फुरिया और संबंधित फर्मों द्वारा निष्पादित 'आज खरीदें-कल बेचें' और इंट्रा-डे सौदों के बीच तगड़ा अंतर्संबंध देखा गया था। सेबी ने 55 पृष्ठ के अपने अंतिम आदेश में कहा, 'प्रदीप पंड्या ने सीएनबीसी आवाज़ के लिए एंकर के रूप में काम करते हुए अल्पेश फुरिया के साथ आगामी स्टॉक अनुशंसाओं के बारे में गोपनीय जानकारी साझा की और अल्पेश फुरिया ने इस विशिष्ट सूचना का फायदा उठाते हुए अपने खातों और संबंधित संस्थाओं के जरिये शेयरों का कारोबार किया। इस तरह फुरिया ने शेयर अनुशंसाओं के सार्वजनिक प्रसारण से पहले खुद को लाभ में लाने की स्थिति में रखा।' नियामक ने यह भी कहा कि फुरिया ने वेतन वृद्धि के बदले में ये सुझाव ओपू फुनिकांत नाग के साथ भी साझा किए।

## निर्मला सीतारमण लगातार सातवीं बार बजट पेश करके बनाएंगी रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नवनिर्वाचित वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त वर्ष 2025 के लिए जुलाई में अंतिम बजट पेश करेंगी। यह बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत तीसरी सरकार की प्राथमिकता व विकसित भारत की दिशा तय करेगा। वित्त मंत्री सीतारमण ने 1 फरवरी 2024 को लोकसभा में अंतरिम बजट पेश किया था। जुलाई में सीतारमण लगातार सातवां बजट और लगातार छठा पूर्ण बजट पेश करके एक रिकॉर्ड बनाएंगी। निर्मला सीतारमण ने लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए वित्त मंत्रालय का कार्यभार बुधवार को संभाल लिया। नॉर्थ ब्लॉक स्थित कार्यालय में वित्त सचिव टीवी सोमनाथन और अन्य शीर्ष अधिकारियों ने सीतारमण का स्वागत किया। इस दौरान वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी मौजूद थे। चौधरी ने मंगलवार शाम को पदभार ग्रहण किया।




वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट अगले महीने नवगठित 18वीं लोकसभा में पेश किए जाने की संभावना है। सीतारमण के नाम मोदी सरकार में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए मंत्री के रूप में शामिल होने वाली पहली महिला बनने का रिकॉर्ड भी है। अपने राजनीतिक करियर में उन्होंने कई बड़ी उपलब्धियां हासिल कीं। 2017 में पहली महिला रक्षा मंत्री बनी। इससे पहले वह उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री थीं। अरुण जेटली (वित्त मंत्री 2014-19) के बीमार होने पर सीतारमण ने 2019 के आम चुनाव के बाद नव निर्वाचित मोदी सरकार में वित्त विभाग का प्रभार संभाला था। वह स्वतंत्र भारत में पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री बनीं। इससे पहले, इंदिरा गांधी ने भारत की प्रधानमंत्री रहते हुए थोड़े समय के लिए अतिरिक्त विभाग के रूप में वित्त का कार्यभार संभाला था। सीतारमण का जन्म 18 अगस्त 1959 को मदुरै में रेलवे में कार्यरत नारायण सीतारमण और सावित्री के घर हुआ था। सीतारमण ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर और एमफिल की है। राजनीति में आने से पहले सीतारमण ब्रिटेन में कॉरपोरेट जगत का हिस्सा थीं, जहां वह अपने पति परकला प्रभाकर के साथ रह रही थीं। दोनों की मुलाकात जेएनयू में पढ़ाई के दौरान हुई और 1986 में दोनों ने शादी कर ली। उनकी एक बेटी परकला वांगमयी है। उन्होंने हैदराबाद में सेंटर फॉर पब्लिक पॉलिसी स्टडीज की उप निदेशक के रूप में कार्य किया। शहर में एक स्कूल भी शुरू किया। वह 2003 से 2005 तक राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य भी रहीं।

संक्षिप्त समाचार

## क्रेमलिन ने यूक्रेन के पावर ग्रिड पर हमलों को उचित ठहराया

**मॉस्को, एजेंसी।** क्रेमलिन का कहना है कि यूक्रेन के पावर ग्रिड पर हमला एक तरह से उचित है। हमले का उद्देश्य आंशिक रूप से सैन्य सुविधाओं को बिजली की आपूर्ति बाधित करना है। रूसी समाचार एजेंसियों के



अनुसार, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मंगलवार को कहा कि स्वाभाविक रूप से यह पावर ग्रिड सैन्य बुनियादी ढांचे से जुड़ा है। उनसे पूछा गया था कि क्या वह यूक्रेन की ऊर्जा आपूर्ति प्रणाली (एनर्जी सप्लाई सिस्टम) को कानूनी सैन्य लक्ष्य मानते हैं? इसके जवाब में प्रवक्ता ने अपनी बातें सामने रखी। रूस ने करीब दो साल पहले यूक्रेन पर आक्रमण शुरू किया था। उस समय से वह नियमित और व्यवस्थित रूप से पड़ोसी देश की ऊर्जा आपूर्ति प्रणालियों पर हमला करता रहा है। रूसी सेना मार्च से ही यूक्रेन में थर्मल और हाइड्रो-इलेक्ट्रिक पावर प्लांट को निशाना बना रही है। यूक्रेन के राष्टपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के अनुसार, 80 प्रतिशत थर्मल पावर प्लांट और एक तिहाई हाइड्रोपावर प्लांट नष्ट हो चुके हैं। ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने यूक्रेन के ऊर्जा के बुनियादी ढांचे पर हमलों की आलोचना करते हुए युद्ध अपराध बताया है। यूक्रेन का कहना है कि 2022 में बड़े पैमाने पर रूसी आक्रमण के बाद मिसाइल और ड्रोन हमलों के कारण देश भर में 9 गीगावाट से अधिक पावर प्लांट की क्षमता खत्म हो गई है। यूक्रेन के विद्युत उत्पादन का आधार भार तीन परमाणु पावर प्लांट पूरा करते हैं, जो अभी भी सरकारी नियंत्रण में हैं।

## भारत की यात्रा मालदीव के लिए काफी सफल रही : मुइज्जू

**माले, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने मालदीव के राष्टपति मोहम्मद मुइज्जू भारत दौरे पर आए थे। राष्टपति ने मंगलवार को भारत की अपनी आधिकारिक यात्रा को काफी सफल बताया। राष्टपति



मोहम्मद मुइज्जू मंगलवार सुबह माले लौट गए। उनके साथ भारत यात्रा पर मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर और वित्त मंत्री मोहम्मद शफीक भी थे। यात्रा के समापन से पहले नई दिल्ली में मालदीव के पब्लिक सर्विस मीडिया (पीएसएम) से बात करते हुए राष्टपति मुइज्जू ने कहा, यह यात्रा मालदीव और क्षेत्र के लिए सफल रही है। मालदीव के राष्टपति ने शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किये जाने पर प्रसन्नता जताई और न्योता देने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। मालदीव के राष्टपति कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया, राष्टपति ने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों के बीच मजबूत संबंध मालदीव और देश के लोगों के लिए समृद्धि लाएंगे। उन्होंने भविष्य में सफल द्विपक्षीय संबंधों को लेकर आशा व्यक्त की। अपनी यात्रा के दौरान, राष्टपति मुइज्जू ने रविवार को राष्टपति भवन में राष्टपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से आयोजित शपथ ग्रहण समारोह और अतिथि गणमान्य व्यक्तियों के सम्मान में आयोजित डिनर में भी हिस्सा लिया था। पीएम मोदी ने यात्रा पर आए नेताओं के साथ बातचीत में इस बात पर जोर दिया कि अपने तीसरे कार्यकाल में भारत अन्य देशों के साथ घनिष्ठ साझेदारी में क्षेत्र की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए काम करना जारी रखेगा। साथ ही वह 2047 तक विकसित भारत के अपने लक्ष्य को भी हासिल करने की दिशा में काम करेगा। मुइज्जू ने सोमवार को राष्टपति द्रौपदी मुर्मू और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से भी मुलाकात की और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर बातचीत की।

### अमेरिकी राज्य नेवादा में स्कूल के पीछे लगी भयंकर आग, हाई अलर्ट जारी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के पश्चिमी और दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में स्थित राज्य नेवादा के रेनो में हग स्कूल के पीछे लगी भयंकर आग से हाहाकार मच गई। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने हग हाई स्कूल के पीछे बड़ी झाड़ियों में आग लगने की पुष्टि की है। स्पार्क्स पुलिस विभाग की एक विज्ञप्ति के अनुसार, कई अग्निशमन एजेंसियां आग पर काबू पा रही हैं। ट्रकी मीडोज फायर एंड रेस्क्यू का अनुमान है कि आग लगभग 35 एकड़ तक फैल चुकी है। स्पार्क्स पुलिस ने क्षेत्र में कई दुर्घटनाओं की सूचना दी है और लोगों से सुलिवन लेन और एल रैंचो ड्राइव के क्षेत्र से बचने के लिए कहा गया है। विज्ञप्ति में आंशिक रूप से लिखा है, आग को देखने के लिए गाड़ी चलाने का प्रयास न करें। यह अज्ञात है कि आग किसी संरचना को खतरा पहुंचा रही है या इससे कोई चोट लगी है। स्थानीय निवासी हाई अलर्ट पर हैं। इसके अतिरिक्त, स्पार्क्स पुलिस विभाग ने घटनास्थल के पास कई वाहनों की टक्कर की रिपोर्ट की है, जो दर्शकों के कारण हुई, जिससे यातायात में और भी बाधा उत्पन्न हुई। अधिकारी लोगों से उस क्षेत्र से दूर रहने का आग्रह कर रहे हैं।

# पाकिस्तान सरकार के साथ बातचीत करने को तैयार इमरान खान, पीटीआई अध्यक्ष गौहर खान ने किया दावा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अब सरकार के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं। पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष गौहर खान ने दावा किया है कि इमरान खान के साथ जो कुछ हुआ, वे उसे माफ करने के लिए तैयार हैं।

**गौहर खान ने की इमरान खान से बातचीत :** गौहर खान ने कहा कि उन्होंने पीटीआई के संस्थापक से बातचीत की आवश्यकता पर जोर दिया क्योंकि इमरान खान की राजनीति से लगातार दूरियां बढ़ रहीं थीं। गौहर ने बताया कि इमरान खान इस बात पर सहमत हो गए हैं। गौहर के अनुसार पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री भी चाहते हैं कि मौजूदा सरकार से बातचीत के रास्ते खुलें। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इमरान खान के साथ जो कुछ भी हुआ, वे उसे माफ करने के लिए तैयार हैं।

**रावलपिंडी की अदियाला जेल में कैद हैं इमरान खान :** पीटीआई के संस्थापक इमरान खान को 10 महीने पहले गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद से वे रावलपिंडी की अदियाला जेल में कैद हैं। जब गौहर खान से पूछा गया कि क्या सुप्रीम कोर्ट की सलाह के मुताबिक बातचीत होगी? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत द्वारा दिए गए




विकल्प भी विचार किया जाएगा। गौहर खान ने इस बात पर भी जोर दिया कि पीटीआई ने खुद यह फैसला लिया है कि सरकार से बातचीत की जाएगी। 'पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी के साथ होगी बातचीत' गौहर खान ने आगे यह भी कहा कि उनकी पार्टी पहले पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी के प्रमुख महमूद खान अचकजई से बात करेगी और उसके बाद सरकार से बातचीत शुरू की जाएगी। गौहर के अनुसार 'पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी का अन्य पार्टियों के साथ गठबंधन है और पीटीआई उन्हें विश्वास में लेगी। इस बातचीत की पहल पीटीआई द्वारा खुद की जा सकती है। गौहर खान ने दोहराया कि बातचीत के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। पीटीआई को दिए गए हैं ये निर्देश सूत्रों का कहना है कि पीटीआई पार्टी के नेतृत्व को अलग अलग राजनीतिक दलों के साथ बातचीत करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही पार्टी के सांसदों को सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार के घटक दलों के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए भी कहा गया है। इससे पहले पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी ईसा फैज ने इमरान खान को सुझाव दिया था कि पाकिस्तान की समस्याओं को हल करने में मदद करने के लिए संसद में जाना चाहिए क्योंकि देश को आगे बढ़ने की जरूरत है।

**जी-7 सम्मेलन में रूस पर नए प्रतिबंध लगाएगा अमेरिका, किर्बी बोले- यूक्रेन को लाभ पहुंचाना उद्देश्य : वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने रूस पर दबाव बनाने और यूक्रेन को फायदा पहुंचाने की तैयारी कर ली है। इस सप्ताह इटली में होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में अमेरिका रूस पर नए प्रतिबंधों की घोषणा करेगा। व्हाइट हाउस ने कहा कि सम्मेलन में यूक्रेन पर मॉस्को के आक्रमण के कारण नए प्रतिबंधों और निर्यात की नियंत्रणों की भी घोषणा की जाएगी।

राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता की। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि यूक्रेन को लाभ पहुंचाने के लिए अमेरिका रूस की जब्त संपत्तियों के उपयोग के लिए नए कदमों की घोषणा करेगा। कहा, जी-7 सम्मेलन के दौरान रूसी केंद्रीय बैंक की 300 बिलियन यूरो (325 बिलियन डॉलर) की परिसंपत्तियों पर ब्याज से होने वाले लाभ का उपयोग कीव की मदद करने के लिए समझौता किया जाएगा। उन्हें आशा है कि जी-7 के नेता इस समझौते के लिए सहमत हो जाएंगे। ऋण कौन जारी करेगा, इस बात पर चल रही बहस किर्बी ने कहा कि इस बात पर विचार किया जा रहा है कि 50 बिलियन डॉलर तक के ऋण के लिए संपाश्विक (ऋणदाता को पुनर्भुगतान की गारंटी के रूप में प्रदान की गई कोई चीज) के रूप में उपयोग किया जाए। हालांकि अभी इस बात पर बहस चल रही है कि ऋण कौन जारी करेगा। उन्होंने कहा कि नए प्रतिबंधों और निर्यात नियंत्रण की कार्रवाईयों का एक प्रभावशाली सेट घोषित किया जाएगा। वहीं, यूक्रेन के राष्टपति वोलोदिमिर जेलेंस्की गुरुवार को रूस-यूक्रेन युद्ध पर एक चर्चा में भाग लेंगे। इस दौरान वह पश्चिमी सहयोगियों से यूक्रेन के लिए और अधिक मदद के लिए दबाव डालेंगे। बता दें कि रूस-यूक्रेन युद्ध को तीसरा साल लग चुका है। 24 फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर हमले शुरू किए थे। जिसके बाद से दोनों देशों में जंग जारी है। इस जंग में अब तक लाखों लोगों की मौत हो चुकी है।

## 53 वर्ष पहले लापता विमान का मलबा वर्मोन्ट की चैम्पलेन झील में मिला

**न्यूयार्क, एजेंसी।** वर्मोन्ट में 53 वर्ष पहले पांच लोगों को ले जा रहा एक निजी विमान लापता हो गया था, जिसका मलबा



चैम्पलेन झील से बरामद किया गया है। विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी। यह वाणिज्यिक विमान 27 जनवरी 1971 को बर्लिंगटन हवाई अड्डे से रोड आइलैंड के प्रोविडेंस के लिए उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद लापता हो गया था। विमान में जॉर्जिया विकास कंपनी कजन प्रॉपर्टीज के तीन कर्मचारी और चालक दल के दो सदस्य सवार थे। कंपनी के कर्मचारी बर्लिंगटन में एक विकास परियोजना पर काम कर रहे थे।

शुरुआत में जब खोज की गयी तो 10 सीट वाले इस विमान का मलबा नहीं मिला और विमान के लापता होने के बाद चार दिनों तक झील जमी रही। विमान का पता लगाने के लिए कम से कम 17 बार खोज अभियान चलाया गया। खोजकर्ता गैरी कोजाक और एक टीम ने पिछले महीने पानी के भीतर एक रिमोट से संचालित वाहन का उपयोग कर झील में उसी जगह विमान का मलबा पाया, जहां रेडियो कंट्रोल टॉवर ने विमान के लापता होने से पहले उसे आखिरी बार ट्रैक किया था। जूनिपर द्वीप के निकट 200 फुट (60 मीटर) पानी में मिले विमान के मलबे की सोनार तस्वीरें ली गईं।

कोजाक ने सोमवार को कहा, इन सभी सबूतों के साथ, हम 99 फीसदी पूरी तरह से आश्वस्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि विमान का मलबा मिलने से पीड़ित लोगों के परिवारों को थोड़ी राहत और उनके कई सवालों के जवाब मिलेंगे। पायलट जॉर्ज निकिता की संबंधी बारबरा निकिता ने मंगलवार को द एसोसिएटेड प्रेस से एक साक्षात्कार में कहा, विमान का मलबा मिलना एक सुखद अहसास है लेकिन यह उतना ही दिल को झकझोर कर रख देने वाला अहसास भी है। हम जानते हैं कि क्या हुआ था। हमने कुछ तस्वीरें देखी हैं।

## अमेरिका में अटलांटा के फूड कोर्ट में 3 लोगों पर फायरिंग, पुलिस ने हमलावर किया ढेर

**अटलांटा, एजेंसी।** अमेरिका के अटलांटा शहर स्थित एक फूड कोर्ट में मंगलवार अपराह्न एक बंदूकधारी ने तीन लोगों को गोली मार दी। घटना के बाद पुलिस के एक अधिकारी ने हमलावर को गोली मार दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अटलांटा पुलिस प्रमुख डारिन शियरबाम के अनुसार, पीचट्री सेंटर फूड कोर्ट में हुई इस वारदात में सभी चार घायलों के जीवित बचने की संभावना है। इन चार लोगों में संदि?ग्ध हमलावर भी शामिल है। मेयर आंद्रे डिकेंस ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए हमलावर पर गोली चलाने वाले पुलिस अधिकारी की प्रशंसा की। डिकेंस ने कहा, अगर पुलिसकर्मी वहां नहीं होता तो हालात और भी बदतर हो सकते थे। शियरबाम ने बताया कि गोलीबारी मंगलवार अपराह्न करीब दो बजकर 15 मिनट पर हुई। उन्होंने बताया कि जिन तीन लोगों को संदिग्ध हमलावर ने गोली मारी, उनमें ग्रेसन का रहने वाले 47 वर्षीय व्यक्ति, ईस्ट प्वाइंट की रहने वाली 69 वर्षीय महिला और अटलांटा की 70 वर्षीय महिला शामिल हैं। शियरबाम ने बताया कि संदिग्ध हमलावर दक्षिण अटलांटा के मोरो का रहने वाला 34 वर्षीय व्यक्ति है, जिसकी घायलों में से एक के साथ मामूली कहासुनी हुई थी और उसने बंदूक निकालकर उस व्यक्ति को गोली मार दी।

# हॉन्गकॉन्ग में निर्वासन में रह रहे छह लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं के पासपोर्ट रद्द

**विक्टोरिया, एजेंसी।** हॉन्गकॉन्ग ने अपने नए बनाए गए घरेलू सुरक्षा कानून के तहत विदेश में निर्वासन में रह रहे छह लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं के पासपोर्ट रद्द कर दिए हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हॉन्गकॉन्ग सरकार ने उन्हें कानूनविहीन वांछित अपराधी कहा है। यहां की सरकार ने कहा कि पासपोर्ट रद्द करने के अलावा, इन लोगों को हॉन्गकॉन्ग में किसी भी व्यापारिक लेनदेन करने से रोक दिया गया है, जिसमें नकदी से लेकर सोने तक के वित्तीय लेनदेन शामिल हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि ये कानूनविहीन वांछित अपराधी यूनाइटेड किंगडम में छिपे हुए हैं और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने वाली गतिविधियों में शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा, वे हॉन्गकॉन्ग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र को बदनाम करने के लिए भयावह टिप्पणियां करते हैं। इसके अलावा, वे अपने बुरे कामों को बचाने के लिए बाहरी ताकतों के साथ सांठगांठ करते हैं। इसलिए हमने उन्हें झटका देने के लिए ऐसा कदम उठाया है। इन लोगों के पासपोर्ट रद्द एक रिपोर्ट के अनुसार, हॉन्गकॉन्ग में राष्ट्रीय सुरक्षा अपराधों के आरोपी और पुलिस द्वारा वांछित छह लोगों में पूर्व विधायक नाथन लॉ, कार्यकर्ता फिन लाउ, श्रम अधिकार कार्यकर्ता क्रिस्टोफर मुंग, फॉक का-ची और चोई मिंग-दा के साथ-साथ ब्रिटेन के वाणिज्य दूतावास के कर्मचारी साइमन चेंग भी शामिल हैं, जिन्हें अगस्त 2019 में चीन में 15 दिनों के लिए हिरासत



में लिया गया था। अगर की मदद तो होगी जेल की सजा सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि सरकार ने हॉन्गकॉन्ग के लोगों को यह भी चेतावनी दी है कि अगर कोई भी शख्स इन लोगों की वित्तीय सहायता करता है या इनके साथ किसी भी प्रकार का व्यापारिक लेन-देन करता है तो उसे अपराधी माना जाएगा। इसके लिए करीब सात साल जेल की सजा हो सकती है। देश छोड़ने के लिए मजबूर गौरतलब है, ब्रिटेन ने 1997 में हॉन्गकॉन्ग को चीन को वापस सौंप दिया था। उस समय बीजिंग ने 50 वर्षों तक शहर की पश्चिमी शैली की नागरिक स्वतंत्रता को बनाए रखने का वादा किया था। हालांकि, 2020 के कानून की शुरुआत के बाद से हॉन्गकॉन्ग के अधिकारियों ने राष्ट्रीय सुरक्षा बनाए रखने के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और विधानसभा को गंभीर रूप से सीमित कर दिया। इसके अलावा कानून के नाम पर कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया, उन्हें चुप करा दिया गया या फिर देश छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया गया।

# अवैध हथियार के मामले में बेटे के दोषी पाए जाने पर बाइडन बोले- न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान करेंगे

वाशिंगटन, एजेंसी। अपने बेटे हंटर को अवैध हथियार खरीदने मामले में दोषी पाए जाने के बाद अमेरिकी राष्टपति जो बाइडन ने मंगलवार को कहा है कि वह न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान करेंगे। बाइडन का बेटा हंटर पहले एक ड्रग एडिक्ट भी था।

**राष्टपति होने के साथ ही मैं एक पिता हूं- बाइडन:** बाइडन ने बयान देते हुए कहा, 'मैं राष्टपति हूं लेकिन इसके साथ एक पिता भी हूं। कई परिवार जिनके प्रियजन नशे की लत से जूझ रहे हैं। वो लोग इस भावना को समझ सकते हैं कि नशे की लत से बाहर आना और फिर मजबूती के साथ उबरना क्या होता है।' बाइडन ने आगे कहा, जो कुछ भी इस केस में परिणाम आएगा मैं न्यायिक प्रक्रिया का पूरा सम्मान करूंगा।

**दो मामलों में दोषी पाए गए हंटर बाइडन :** हंटर बाइडन के खिलाफ नशीले पदार्थों का सेवन करते हुए बंदूक रखने से जुड़े तीन मामलों में सुनवाई चल रही थी। हंटर ने ज्यूरी के सामने खुद को निर्दोष साबित करने की कोशिश की थी। अमेरिका की विलमिंगटन, डेलावेयर, संघीय अदालत ने उन्हें दो मामलों में दोषी करार



दिया है। संघीय अदालत की 12 सदस्यीय ज्यूरी ने सर्वसम्मति से यह फैसला सुनाया। अमेरिका में ऐसा पहली बार हुआ है, जब मौजूदा राष्टपति के बेटे को किसी अपराध में दोषी पाया गया है। खास तौर पर अमेरिका में चुनाव से ठीक पहले हंटर बाइडन को दोषी करार दिया जाना उनके पिता जो बाइडन की मुश्किलें बढ़ा सकता है। हंटर बाइडन पर कौन-कौन से आरोप लगाए गए थे हंटर बाइडन को दो मामलों में दोषी ठहराया गया है। पहले मामले में उन पर आरोप था कि उन्होंने एक फॉर्म में झूठी जानकारी देकर कोल्ट कोबरा रिवॉल्वर खरीदी। अगला आरोप यह था कि जब हंटर नशे का सेवन कर रहे थे तब उनके पास बंदूक थी। दरअसल, अमेरिका में किसी भी बंदूक को खरीदते समय खरीदार से एक जरूरी सवाल पूछा जाता है कि वह नशे के आदी तो नहीं हैं? आरोप है कि हंटर ने इस सवाल का गलत जवाब दिया था।

**चीन से नतीजों के 8 दिन बाद मोदी को बधाई:पीएम कियांग बोले- मिलकर रिश्ते आगे बढ़ाने को तैयार : बीजिंग, एजेंसी।** भारत में लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के 8 दिन बाद चीन के चीन के स्टेट मीडिया शिनहुआ के मुताबिक, प्रधानमंत्री ली कियांग ने पीएम मोदी को बधाई दी है। मंगलवार को चीनी पीएम ने कहा, चीन-भारत संबंधों का मजबूत और स्थिर विकास न केवल देशों की भलाई के लिए जरूरी है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र और दुनिया में स्थिरता लाने का भी काम करता है। ली कियांग ने आगे कहा, चीन भारत के साथ मिलकर दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रिश्तों को सही दिशा में ले जाने के लिए तैयार है। यह दोनों देशों के नागरिकों के लिए भी सही फैसला होगा।

# बेहतर पत्नी और मां के रूप में उभर रही हैं जिल बाइडन, हर वक्त मजबूती से साथ खड़ी रहती हैं

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में इस साल राष्टपति चुनाव होने वाले हैं। जो बाइडन और पूर्व राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कड़ा मुकाबला है। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे प्रथम महिला जिल बाइडन मजबूती के साथ सामने आ रही हैं। वे अपने बेटे हंटर का मजबूती से साथ दे रही हैं तो वहीं अपने पति जो बाइडन के साथ भी कंधा से कंधा मिलाकर खड़ी दिख रही है। जिल इन दोनों अपने बेटे और अपने पति दोनों का हौसला बढ़ा रही हैं।

मंगलवार को जिल अपने छोटे बेटे के साथ अदालत में रहीं तो वहीं अगले दिन बुधवार को वे फ्रांस में अपने पति जो बाइडन के साथ दिखीं। इसके अगले दिन गुरुवार को वे दोबारा अपने बेटे के साथ अदालत में थीं। इसके बाद फिर शनिवार को फिर अपने पति के साथ पेरिस में थी। वे एलीसी पैलेस में एक राजकीय रात्रिभोज में शामिल हुईं। इस दौरान वे शिआपरेली गाउन में दिखीं, उनके चेहरे पर मुस्कान थी और चेहरे पर थकान और तनाव की शिकन तक नहीं थी। बता दें, हंटर पर बंदूक रखने का आरोप है और ऐसा पहली बार है कि एक मौजूदा राष्टपति के बच्चों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चल रहा हो।

बाइडन की सकारात्मक छवि के लिए काम करती हैं जिल अमेरिकी मीडिया के अनुसार, जिल हमेशा गर्मजोशी से पेश आती हैं और अपने पति की



सकारात्मक छवि के लिए अधिक से अधिक काम करती हैं। बाइडन जब भी कभी कठोर होने लगते हैं तो जिल उनका हाथ थाम लेती हैं और उनका हौसला बढ़ाती हैं। जिल हमेशा बाइडन के सामने आने वाली चुनौतियों में उनका मार्गदर्शन करती हैं।

बाइडन जिल को बताते हैं गोंद एक कार्यक्रम में बाइडन ने पत्नी जिल के बारे में कहा था कि वे एक गोंद हैं, उन्होंने मेरे परिवार को साथ रखा है। मैं जब उनसे पहली बार मिला था मैं तब ही उनसे शादी करना चाहता था। बाइडन ने बताया था कि पहली बार मैंने उन्हें एक विज्ञापन में देखा था। मैंने उन्हें शादी के लिए पांच बार पूछा था, तब जाकर कहीं जिल शादी के लिए मानी थीं।

# यूक्रेन में तैनात होगा अमेरिका का एक और पैट्रियट मिसाइल, राष्ट्रपति जो बाइडन ने दी मंजूरी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** यूक्रेन और रूस के बीच पिछले दो साल से अधिक समय से युद्ध जारी है। इस बीच अमेरिकी राष्टपति जो बाइडन ने एक और पैट्रियट मिसाइल प्राणली को यूक्रेन में तैनात करने के लिए मंजूरी दे दी है। बाइडन ने पिछले सप्ताह ही यह निर्णय लिया है। यूक्रेन अपने शहरों, बुनियादी ढांचों और बिजली ग्रिड पर रूसी हमलों को झेल रहा है। नई पैट्रियट मिसाइल पोलैंड से आएगी। पोलैंड में यह मिसाइल एक अमेरिकी टुकड़ी की रक्षा कर रही है। इसे अगले कुछ दिनों में यूक्रेन में तैनात किया जा सकता है।

**पैट्रियट मिसाइल इसलिए है खास :** अमेरिकी मीडिया के अनुसार, पैट्रियट मिसाइल को अमेरिका का सबसे अच्छा वायु रक्षा हथियार माना जाता है। इसमें शक्तिशाली रडार और मोबाइल लॉन्चर शामिल है। यह प्रोजेक्टाइल पर मिसाइल दागते हैं। अमेरिका के पास कितने पैट्रियट हैं, पेंटागन ने यह बताने से इनकार कर दिया लेकिन एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी की मानें तो अमेरिका ने दुनिया भर में 14 जगह पैट्रियट को तैनात किया है। पैट्रियट अमेरिका के अलावा, उसके सहयोगियों के पास भी है, उनमें से दो देशों ने यूक्रेन को कुछ पैट्रियट भेजे हैं। हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि यूरोपीय शक्तियां जल्द ही और पैट्रियट यूक्रेन में भेजेंगी। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन और पेंटागन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने यूरोपीय देशों से यूक्रेन को मदद देने की अपील की है।

**इन्होंने भी भेजी मिसाइल :** जिन दो देशों ने यूक्रेन में पैट्रियट भेजी हैं, उनमें जर्मनी और नीदरलैंड शामिल है। दोनों देश अब तक एक-एक मिसाइल भेज चुके हैं। जर्मनी के चांसलर



ओलाफ स्कोल्ज का कहना है कि जून के अंत तक दूसरा पैट्रियट वहां तैनत किया जाएगा। वहीं नीदरलैंड से दूसरे पैट्रियट के लिए बातचीत जारी है। रूस से रक्षा के लिए यूक्रेन के राष्टपति ने किया था अनुरोध बता दें, अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन पिछले माह कीव गए थे। इस दौरान उन्होंने राष्टपति जेलेंस्की से मुलाकात की थी। मुलाकात के दौरान, जेलेंस्की ने कहा था कि हमारे लिए अभी वास्तव में वायु रक्षा की जरूरत है। उन्होंने अमेरिका निर्मित सतह से हवा में मार करने वाली पैट्रियट मिसाइल प्रणाली का अनुरोध किया था। हालांकि, ब्लिंकन ने उस अनुरोध का स्पष्ट रूप से जवाब नहीं दिया था। उन्होंने कहा था कि हम जानते हैं कि यह एक चुनौतीपूर्ण समय है। सहायता अब रास्ते में है।

**पोलेंड के सोशल मीडिया स्टार को अर्जेंटीना पुलिस ने पकड़ा, 30 मंजिला इमारत पर चढ़कर कर रहा था स्टंट 3 ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** अर्जेंटीना पुलिस ने पोलेंड के एक सोशल मीडिया स्टार को गिरफ्तार किया है। दरअसल, पोलिश नागरिक अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स शहर में बिना रस्सी के 30 मंजिला इमारत पर चढ़ने की कोशिश कर रहा था। युवक बिल्डिंग की 25वीं मंजिल तक चढ़ चुका था, जिसके बाद उसे उतारा गया। जानकारी के अनुसार, युवक ने अर्जेंटीना के फुटबॉल टीम की जर्सी पहनी हुई थी। वह बिल्डिंग पर चढ़ रहा था, जिसे देख नीचे खड़े लोग चिल्ला रहे थे। इस दौरान बिल्डिंग के अंदर से किसी ने आपातकालीन सेवाओं को कॉल किया, जिसके बाद 30 से अधिक अग्निशमन विभाग कर्मचारी, पुलिस और एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंच गई और युवक को सुरक्षित नीचे उतारा। पुलिस ने पूछताछ की तो पता चला कि युवक का नाम मार्सिन बैनोट है। पुलिस ने बैनोट को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें जुर्माना भरना पड़ सकता है क्योंकि बचाव अभियान की लागत काफी अधिक है। बैनोट ने इससे पहले भी कई बार स्टंट किए हैं।

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



## संक्षिप्त समाचार

### आलोचनाओं के बीच न्यूयॉर्क की पिच पर बोले जॉनसन- इससे मुकाबला बराबरी का बन जाता है

**न्यूयॉर्क ।** नासाउ काउंटी मैदान की पिच की मौजूदा टी20 विश्व कप में कड़ी आलोचना की जा रही है, लेकिन कनाडा के सलामी बल्लेबाज आरोन जॉनसन को इससे कोई शिकायत नहीं है और उनका मानना है कि इससे छोटी टीमों के लिए भी मुकाबला बराबरी का बन जाता है।

जॉनसन ने पाकिस्तान के खिलाफ मंगलवार को 44 गेंद पर 52 रन बनाए जो टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनका सर्वोच्च स्कोर है। उनकी टीम हालांकि जीत दर्ज नहीं कर पाई। पाकिस्तान ने 107 रन का लक्ष्य




हासिल किया और इस मैदान पर सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने वाली टीम बनी। जॉनसन ने मैच के बाद कहा, 'मैं यह नहीं कहूंगा कि यह सर्वश्रेष्ठ पिच है। यह मुश्किल पिच है लेकिन जब टी20 क्रिकेट की शुरुआत हुई थी तो 120 से लेकर 130 रन का स्कोर अच्छा माना जाता था।

उन्होंने कहा, अब सपाट विकेट बनने लग गए हैं तो टीम 200 रन से भी अधिक का स्कोर बना रही हैं। मेरा मानना है कि इस तरह की पिच भी होनी चाहिए। इससे मुकाबला बराबरी का हो जाता है तथा केवल पाकिस्तान ही नहीं अन्य टीमों के खिलाफ भी हमारे पास मौका होता है।

जॉनसन ने पाकिस्तान के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना करते हुए कनाडा को आक्रामक शुरूआत दिलाई। उन्होंने कहा, 'यह मेरी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ पारी है और आप जानते हैं कि पाकिस्तान का तेज गेंदबाजी आक्रमण कितना अच्छा है। यह मेरी दो सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक है।

### श्रीलंका और नेपाल बाहर होने के कगार पर, दक्षिण अफ्रीका सुपर आठ में पहुंचा

**लॉडरहिल (अमेरिका)।** श्रीलंका और नेपाल के बीच टी20 विश्व कप के ग्रुप डी का मैच भारी बारिश के कारण नहीं हो पाया, जिससे दक्षिण अफ्रीका की सुपर आठ में जगह पक्की हो गई। बारिश के कारण इस मैच में एक भी गेंद नहीं डाली जा सकी। इससे श्रीलंका और नेपाल दोनों को एक-एक अंक मिला जिससे वह टूर्नामेंट से बाहर होने के कगार पर पहुंच गए हैं।




दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप डी में शीर्ष पर रहते हुए सुपर आठ में जगह बनाई। उसने अभी तक अपने तीनों मैच जीते हैं। बांग्लादेश इस ग्रुप में अभी दूसरे स्थान पर है। उसके और नीदरलैंड के समान दो दो अंक हैं। बांग्लादेश की टीम हालांकि बेहतर नेट रन रेट के आधार पर दूसरे स्थान पर है। नेपाल और श्रीलंका के एक-एक अंक हैं।

नेपाल को अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शनिवार को और बांग्लादेश के खिलाफ सोमवार को किंग्सटाउन, सेंट विंसेंट में मैच खेलने हैं। श्रीलंका की अगले दौर में पहुंचने की उम्मीदें लगभग समाप्त हो गई हैं। उसे अब केवल एक मैच नीदरलैंड के खिलाफ सोमवार को सेंट लूसिया में खेलना है।

---

विश्व कप क्वालिफाइंग

# भारत ने कतर के विवादास्पद गोल की जांच की मांग की

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मैच आयुक्त को शिकायत करके दोहा में विश्व कप क्वालीफाइंग के अपने महत्वपूर्ण मुकाबले में कतर को विवादास्पद गोल देने की जांच की मांग की है। एआईएफएफ के सूत्रों ने बताया कि उन्होंने 'गोल की गहन जांच की मांग है।

मंगलवार को जस्सिम बिन हमाद स्टेडियम में करो या मरो के मुकाबले में भारत की 1-2 की हार के दौरान रैफरी किम वू सुंग ने गोल को स्वीकृति दी थी जबकि इससे पहले ही गेंद खेल के मैदान से बाहर जा चुकी थी। इस गोल पर काफी विवाद हुआ क्योंकि इसने 2026 के टूर्नामेंट के लिए भारत को पहली बार फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में प्रवेश से वंचित कर दिया।



एआईएफएफ के एक अधिकारी ने बताया, 'हमने मैच आयुक्त को शिकायत की है और पूरे मामले की गहन जांच की मांग की है। ईरान के हामेद मोमेनी इस मुकाबले के मैच आयुक्त थे। मैच आयुक्त की भूमिका मैच के आयोजन की निगरानी करना और यह सुनिश्चित करना होती है कि मुकाबले के दौरान फीफा के नियमों का पालन किया जाएगा।

मैच के 73वें मिनट में अब्दुल्लाह अलाहरक की फ्री किक पर यूसेफ आयमेन ने हेडर लगाने का प्रयास किया जिसे भारतीय कप्तान और गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने रोक दिया। गुरप्रीत हालांकि मैदान पर गिर गए और इस दौरान गेंद खेल के मैदान से बाहर चली गई। हाशमी हुसैन किक मारकर गेंद को दोबारा खेल के मैदान में ले आए और आयमेन ने गोल कर दिया।

गेंद के खेल के मैदान से बाहर जाने के कारण खेल रोका जाना चाहिए था और कतर को कॉर्नर किक मिलनी चाहिए थी क्योंकि गुरप्रीत गेंद के बाहर जाने से पहले उससे संपर्क करने वाले आखिरी खिलाड़ी थे। भारतीय खिलाड़ी हालांकि उस समय हताश हो गए जब रैफरी ने कतर को गोल दे दिया और मेहमान टीम के कड़े विरोध के बावजूद मैदानी अधिकारी अपने फैसले पर बरकरार रहा।

नियम के अनुसार अगर गेंद 'गोल लाइन या टचलाइन से मैदान पर या हवा में पूरी तरह से बाहर निकल जाती है तो उसे खेल से बाहर माना जाएगा। भारत के कोच इगोर स्टिमक ने बाद में निराशा जताते हुए कहा कि इस गोल ने उनकी टीम के सपने को खत्म कर दिया। गुरप्रीत ने भी इसे 'दुर्भाग्यपूर्ण नतीजा करार दिया।

---

## नेट रन रेट जेहन में था लेकिन पिच ने टारगेट मुश्किल बना दिया : बाबर

**न्यूयॉर्क ।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने मंगलवार को यहां आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में कनाडा को सात विकेट से हराने के बाद कहा कि नेट रन रेट की बात उनके जेहन में थी लेकिन पिच ने इसे मुश्किल बना दिया। बाबर ने कहा कि हमें इस जीत की जरूरत थी। हमने गेंदबाजी में अच्छी शुरूआत की। पाकिस्तान को अपना नेट रन रेट पॉजिटिव करने के लिए इस लक्ष्य को 19.1 ओवर में हासिल करने की जरूरत थी। उसे अमेरिका (0.626) से ज्यादा नेट रन रेट करने के लिए इसे 13.5 ओवर में हासिल करना था, पर पाकिस्तान ने 15 गेंद रहते कनाडा पर जीत हासिल की जिससे अब उसका नेट रन रेट -0.150 से 0.191 हो गया है। लेकिन अब भी वह अमेरिका से पीछे है और अगले दौर में जगह बनाने के लिए उसे आयरलैंड के खिलाफ 16 जून को होने वाले मैच में जीतने के साथ उम्मीद करनी होगी कि अमेरिका अपने दोनों मैच हार जाए। बाबर ने कहा कि



हमारे जेहन में नेट रन रेट की बात थी लेकिन पिच के कारण मुश्किल हुई।

**यूएसए अभी भी मुसीबत है पाकिस्तान के लिए-** भले ही कनाडा के खिलाफ पाकिस्तान जीत गई है लेकिन अभी भी उनके लिए विश्व कप से बाहर होने का खतरा बना हुआ है। पाकिस्तान को कनाडा के खिलाफ उक्त मुकाबला बड़े अंतर से जीतने की जरूरत थी ताकि वह यूएसए की नेट रन रेट को टक्कर दे सके। पाकिस्तान ने भले ही कनाडा को 106 रन पर रोक दिया लेकिन खुद 18वें ओवर में जीत हासिल की। इससे उन्हें नेट रन रेट में ज्यादा फायदा नहीं मिला। यूएसए की नेट रन रेट फिलहाल +0.626 है। अगर वह भारत को टक्कर देने में सफल रहे तो वह प्लस में ही रहेगी। वहीं, पाकिस्तान को आगामी मुकाबला बड़े अंतर में जीतना होगा ताकि वह यूएसए की नेट रन रेट को पीछे छोड़कर सुपर 8 के लिए क्वालिफाई कर सके। हालांकि इसके लिए पाकिस्तान के लिए जरूर है कि यूएसए भारत के बाद आयरलैंड से भी मुकाबला हारे।

---

हारिस रऊफ

सबसे तेज 100 टी20 विकेट लेने वाले

# पहले तेज गेंदबाज बने




**न्यूयार्क।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ 100 टी20 विकेट लेने वाले ओवरऑल तीसरे तो बतौर तेज गेंदबाज पहले क्रिकेटर बन गए हैं। हारिस ने न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टी20 विश्व कप 2024 में कनाडा के खिलाफ मैच में यह उपलब्धि अपने नाम दर्ज कराई। अपनी घातक गेंदों से हारिस रऊफ को इस मुकाम तक पहुंचने में 71 मैच लगे हैं। हारिस के लिए फिलहाल टी20 क्रिकेट विश्व कप अच्छा जा रहा है। उन्होंने पहला मुकाबला यूएसए के खिलाफ खेला था जिसमें 37 रन देकर 1 विकेट लिया था। इसके बाद भारतीय टीम के खिलाफ लयदार गेंदबाजी करते हुए 21 रन देकर 3 विकेट लिए थे। फिर कनाडा के खिलाफ उन्होंने 26 रन देकर 2 विकेट लिए और कनाडा को 106 रन पर ही रोक दिया।

### सबसे तेज 100 टी20 विकेट (तेज गेंदबाज)

71 - हारिस रऊफ, पाकिस्तान
72 - मार्क अडायर, आयरलैंड
72 - बिलाल खान, ओमान
76 - लसिथ मलिंगा, श्रीलंका

बता दें कि ओवरऑल लिस्ट देखें तो अफगानिस्तान के राशिद खान इस लिस्ट में टॉप पर हैं। उन्होंने महज 53 मैचों में 100 विकेट पूरे कर लिए थे। इसके बाद श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा (63 मैच) का नाम आता है। हारिस अब ओवरऑल इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गए हैं।

### ऐसा रहा मुकाबला

पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी चुनी। कनाडा ने पहले खेलते हुए एरोन जोनसन के 52 तो कलीम साना के 13 रनों की बदौलत 7 विकेट खोकर 106 रन बनाए। मोहम्मद आमेर ने 4 ओवर में 13 रन देकर 2, हैरिस राऊफ ने 26 रन देकर 2 विकेट लिए। शाहीन अफरीदी और नसीम शाह को 1-1 विकेट मिला। जवाब में खेलने उतरी पाकिस्तान को मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम ने सहारा दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए मजबूत साझेदारी की और एक बार जमने पर जोरदार शॉट लगाए। बाबर 33 रन बनाकर आऊट हुए लेकिन रिजवान अंत में टीम को जीत की ओर ले गए।

---

# रिजवान के नाम शर्मनाक रिकॉर्ड

### टी20 विश्व कप में बनाया सबसे धीमा अर्धशतक



**न्यूयार्क।** पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप के ग्रप ए मैच में कनाडा के खिलाफ 7 विकेट से जीत दर्ज की। इस जीत में मोहम्मद रिजवान ने इस दौरान अर्धशतक लगाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। हालांकि इस दौरान उनके नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया है। रिजवान टी20 विश्व कप में सबसे धीमा अर्धशतक लगाने वाले प्लेयर बन गए हैं।

रिजवान ने कनाडा के खिलाफ 53 गेंदों पर 2 चौकों और एक छक्के की मदद से 53 रन बनाए और अर्धशतक के लिए 52 गेंदें ली। यह टी20 विश्व का सबसे धीमा अर्धशतक है। इससे पहले टी20 विश्व कप में सबसे धीमे अर्धशतक का रिकॉर्ड डेविड मिलर के नाम था जिन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ 50 गेंदों में फिफ्टी बनाई थी। बड़ी बात यह है कि मिलर ने भी न्यूयॉर्क में ही सबसे धीमा अर्धशतक लगाया था।

### टी20 विश्व कप में सबसे धीमा अर्धशतक (गेंदों के हिसाब से) लगाने वाले खिलाड़ी

- 52 - मोहम्मद रिजवान बनाम कनाडा, न्यूयॉर्क, 2024*
- 50 - डेविड मिलर बनाम नीदरलैंड, न्यूयॉर्क, 2024
- 49 - डेवोन स्मिथ बनाम बांग्लादेश, जोबर्ग, 2007
- 49 - डेविड हसी बनाम इंग्लैंड, बारबाडोस, 2010

### पाकिस्तान बनाम कनाडा मैच

मैच की बात करें तो पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने टी20 क्रिकेट विश्व कप 2024 से बाहर होने के खतरे को फिलहाल कुछ समय के लिए टाल दिया है। न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड में नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में कनाडा के खिलाफ 107 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तानी टीम को 18वें ओवर में जीत मिली। मैच में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी चुनी थी। कनाडा ने पहले खेलते हुए एरोन जोनसन के 52 तो कलीम साना के 13 रनों की बदौलत 7 विकेट खोकर 106 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की ओर से रिजवान ने अर्धशतक तो बाबर आजम ने 33 रन बनाकर अपनी टीम को 7 विकेट से जीत दिला दी।

---

# सात्विक-चिराग ने नंबर एक रैंकिंग गंवाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले हफ्ते इंडोनेशिया ओपन में खिताब की रक्षा के अपने अभियान से हटने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार को जारी बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की नवीनतम रैंकिंग में दो स्थान के नुकसान से तीसरे स्थान पर खिसक गई।



चीन के लियांग वेई केंग और वैंग चैंग नई पुरुष युगल नंबर एक जोड़ी है। उनके बाद डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारूप रासमुसेन का नंबर आता है जिन्होंने दो स्थान की छलांग लगाई है। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मई में थाईलैंड ओपन जीतकर नंबर एक रैंकिंग हासिल की लेकिन पिछले महीने सिंगापुर ओपन में पहले दौर से बाहर हो गई।

---

# नामीबिया को करारी हार, सुपर आठ में पहुंचा ऑस्ट्रेलिया




**नॉर्थ साउंड (एंटीगा) ।** लेग स्पिनर एडम जंपा की शानदार गेंदबाजी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने नामीबिया को 86 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर टी20 विश्व कप के सुपर आठ में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया और नामीबिया को 17 ओवर में 72 रन पर आउट कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ने इसके बाद केवल 34 गेंद पर एक विकेट पर 74 रन बनाकर शानदार जीत हासिल की।

सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड 34 और कप्तान मिचेल मार्श 18 रन बनाकर नाबाद रहे। डेविड वार्नर ने आठ गेंद पर 20 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की यह लगातार तीसरी जीत है जिससे उसने एक मैच शेष रहते हुए ही सुपर आठ में प्रवेश कर लिया। उसे ग्रुप बी में अपना आखिरी मैच शनिवार को स्कॉटलैंड के खिलाफ खेलना है। नामीबिया की यह तीन मैच में दूसरी हार है जिससे वह सुपर आठ में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गया है।

स्कॉटलैंड और इंग्लैंड ग्रुप बी से दूसरे स्थान पर रहने की दौड़ में हैं। नामीबिया के पास ऑस्ट्रेलिया के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का कोई जवाब नहीं था। उसकी तरफ से कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने सर्वाधिक 36 रन बनाए जिससे नामीबिया 43 रन पर आठ विकेट गंवाने के बावजूद 50 रन की संख्या को पार कर पाया। नामीबिया ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना न्यूनतम स्कोर बनाया। जंपा ने बीच के ओवरों में अपना कमाल दिखाया तथा चार ओवर में 12 रन देकर चार विकेट लिए

जंपा ने अपने इस प्रदर्शन से एक बड़ी उपलब्धि भी हासिल की। वह ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। जोश हेज़लवुड (18 रन देकर दो विकेट) ने नामीबिया के सलामी बल्लेबाज माइकल वैन लिंगेन (10) और निको डेविन (02) को आउट किया। हेज़लवुड के साथ गेंदबाजी की शुरुआत करने वाले मार्कस स्टोइनिस (तीन ओवर में नौ रन देकर दो विकेट) ने भी दो विकेट लिए, जबकि कप्तान पैट कमिंस और नाथन एलिस ने एक-एक विकेट लिया।

मार्श ने मैच के बाद कहा, 'हमारे गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। पूरी टीम ने अच्छा खेल दिखाया।



## शिवकार्तिकेयन के साथ धमाल करेंगे विद्युत जामवाल



बीते दिनों जानकारी आई थी कि अभिनेता शिवकार्तिकेयन ने एक फिल्म के लिए निर्माता एआर मुरुगादॉस के साथ हाथ मिलाया है, जिसका अस्थायी नाम एसके 23 है। वहीं, अब निर्माताओं ने फैंस को एक बड़ा तोहफा दिया है। फिल्म से अभिनेता विद्युत जामवाल का भी नाम जुड़ गया है। इस बात की जानकारी खुद निर्माताओं ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी है। शिवकार्तिकेयन और एआर मुरुगादॉस की आगामी फिल्म एसके 23 के निर्माताओं ने आखिरकार बॉलीवुड एक्शन स्टार विद्युत जामवाल का इस फिल्म में स्वागत किया है। फिल्म के निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अभिनेता का एक शानदार ऑनबोर्डिंग वीडियो साझा किया है, जहां वह अपने सिग्नेचर स्टाइलिश अवतार में अपनी वैनिटी वैन से बाहर निकलते नजर आ रहे हैं। अभिनेता को निर्देशक एआर मुरुगादॉस का अभिवादन करते हुए देखा जाता है और फिर अभिनेता-निर्देशक की जोड़ी को सेट के फिल्मांकन भागों पर चर्चा करते हुए देखा जाता है। सोशल मीडिया पर निर्माताओं ने लिखा, उस खलनायक को वापस ला रहे हैं जिसने सभी को आतंकित कर दिया था। फिल्म में खतरनाक विद्युत जामवाल का स्वागत करते हैं। अनजान लोगों के लिए, विद्युत जामवाल ने एआर मुरुगादॉस और विजय की एक्शन थ्रिलर थुप्पाक्की में विलेन की भूमिका निभाई थी। एसके 23 लोकप्रिय तमिल फिल्म निर्माता के साथ उनका दूसरा सहयोग होगा। दिलचस्प बात यह है कि एसके 23 अभिनेता की 10 साल के अंतराल के बाद तमिल सिनेमा में वापसी का भी प्रतीक होगा। अभिनेता की आखिरी तमिल फिल्म सूर्या स्टारर अंजान थी। शिवकार्तिकेयन, कन्नड़ अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत और विद्युत जामवाल के एसके 23 से जुड़ने की पुष्टि हो चुकी है। कुछ रिपोर्टों से पता चलता है कि इस फिल्म में मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल भी नजर आ सकते हैं। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है।



# अरशद और अक्षय के साथ धमाल मचाएंगी अमृता राव

अरशद वारसी अभिनीत जॉली एलएलबी और अक्षय कुमार की जॉली एलएलबी 2 को दर्शकों और समीक्षकों का भरपूर प्यार मिला था। इन दोनों भागों की सफलता के बाद निर्माताओं ने फिल्म के तीसरे भाग का एलान कर दिया था। फिल्म की शूटिंग भी तेजी से की गई, जिसकी झलकियां प्रशासकों को समय-समय पर देखने को मिली। वहीं दर्शकों के लिए मनोरंजन का डोज यहीं तक नहीं थमा, बल्कि और बढ़ गया है। जी हां, इस फिल्म में दर्शकों के लिए और भी कुछ खास तोहफे हैं। ऐसा लग रहा है कि जॉली एलएलबी की पहली दो फ़िल्मों के कलाकार तीसरी किस्त के लिए फिर से साथ आ रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, मूल फिल्म में में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अमृता राव इस सीक्वल में वापसी करेंगी। 2013 की फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाले अरशद वारसी अब तीसरी फिल्म के कलाकारों में शामिल हुए थे। वहीं दूसरे भाग के मुख्य कलाकार अक्षय कुमार और हुमा कुरैशी हैं। अभिनेता सौरभ शुक्ला द्वारा अभिनीत जस्टिस त्रिपाठी तीसरी फिल्म के लिए वापस आ गए हैं। अब जॉली एलएलबी 3 में पहले के दोनों फिल्मों के कलाकारों का डबल मजा दर्शकों को मिलेगा। दावा किया जा रहा है कि जॉली एलएलबी 3 में अमृता ने अरशद की पत्नी संध्या की अपनी भूमिका को दोहराया है, जो पिछली किस्त से उनकी यात्रा को आगे बढ़ाती है। चर्चा है कि अमृता राव के किरदार को वापस लाने से फैंचाइजी की कास्ट एक साथ आ गई है। वहीं खबर यह भी है कि अमृता राव इस फिल्म के लिए उस क्रू का हिस्सा थीं, जिसने मई में राजस्थान में तीसरी किस्त की शूटिंग शुरू की थी। सुभाष कपूर एक बार फिर जॉली एलएलबी 3 का निर्देशन कर रहे हैं, जो एक आगामी ब्लैक कॉमेडी फिल्म है। अरशद वारसी और अक्षय कुमार भारतीय कानूनी कॉमेडी सीरीज की इस तीसरी किस्त के लिए पहले दोनों फिल्मों की अपनी-अपनी भूमिकाओं को दोहराएंगे। फिल्म की शूटिंग राजस्थान और अजमेर में की गई थी, और इसका प्रीमियर 2025 में होने वाला है।



## कृति सैनन ने फिल्म निर्माण में कंटेंट के महत्व पर दिया जोर

कृति सैनन हिंदी सिनेमा की जानी मानी अभिनेत्री हैं। उन्हें साल 2021 में रिलीज हुई फिल्म मिमी के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुका है। इस वक्त वह अपने करियर के बेहतरीन दौर में हैं। उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर लगातार सफल साबित हो रही हैं। इस बीच अभिनेत्री ने फिल्म इंडस्ट्री की एक बड़ी समस्या पर बात की है, जिससे फिल्म का निर्माण लगातार महंगा होता जा रहा है। अब अभिनेत्री कृति सैनन इस पर अपनी राय रखते हुए कंटेंट के महत्व पर जोर दिया है। कृति सैनन ने फिल्म के कंटेंट के महत्व पर बात करते कहा, फिल्म निर्माण के दौरान कुछ ऐसे क्षेत्र हैं, जहां बहुत अधिक अनावश्यक खर्च होता है, जबकि अंत में फिल्म का कंटेंट ही महत्व रखता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कोई अभिनेता को कितना भुगतान कर रहा है, यदि आप मुख्य चीज पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जो कि कंटेंट है, तो मुझे नहीं लगता कि बाकी चीजें मायने रखती हैं। उन्होंने कहा कि सभी कलाकारों को सेट पर खर्चों को लेकर ध्यान देना चाहिए।

### दो पत्ती में काजोल के साथ आएंगी नजर

बात करें कृति के वर्क फ्रंट की, तो वह अपने पहले प्रोडक्शन दो पत्ती पर काम कर रही हैं, जिसका निर्देशन शशांक चतुर्वेदी कर रहे हैं। इस फिल्म में वह जानी मानी अभिनेत्री काजोल के साथ नजर आएंगी। ये इस साल के अंत तक नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया जाएगा। इसके अलावा वह हाउसफुल 5, सेकेंड इनिंग्स , किल बिल की हिंदी रीमेक और भेडिया 2 में भी काम करने वाली हैं।

## ऋचा चड्ढा ने अदिति राव हैदरी की तारीफ की

संजय लीला भंसाली की डेब्यू सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार ने काफी चर्चा बटोरी है। इसमें कई कलाकार एक साथ नजर आए। इसके अलावा कलाकारों के अभिनय की भी काफी सराहना हुई है। अभिनेत्री अदिति राव हैदरी की गजगामिनी चाल काफी वायरल हुई थी। इस चाल से अदिति राव हैदरी ने सीधे दर्शकों और अपने प्रशंसकों के दिलों में जगह बना ली। वह शो में बिब्बोजान के किरदार में नजर आई हैं।

### वीडियो साझा कर की तारीफ

अब अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने भी अदिति की तारीफ करने वालों की सूची में शामिल हो गई हैं। उन्होंने अदिति की तारीफ करते हुए शो से जुड़ा एक डांस वीडियो साझा किया है। बता दें कि हीरामंडी में अदिति के साथ ऋचा चड्ढा भी अपना जलवा बिखेरती नजर आई थीं। ऋचा इसमें लज्जो के किरदार में नजर आई थीं। उनके अभिनय की भी काफी सराहना की गई है।

### अदिति की नजाकत पर हुई फिदा



ऋचा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अदिति राव हैदरी का एक डांस वीडियो साझा किया है, जो मूल रूप से भंसाली प्रोडक्शंस के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल द्वारा शेयर किया गया था। इस वीडियो को साझा करते हुए ऋचा ने लिखा, हर अंदाज में, हर नजर में, बिब्बोजान की नजाकत। वीडियो में उन्होंने अदिति राव हैदरी को टैग भी किया है। बताते चलें कि ऋचा ने हाल में ही इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट कर संजय लीला भंसाली को उन्हें सीरीज में मौका देने के लिए धन्यवाद दिया था।
बात करें ऋचा चड्ढा के वर्क फ्रंट की तो वह अभी तो पार्टी शुरू हुई है में नजर आने वाली हैं। इसे अनुभव सिन्हा निर्देशित कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके अलावा ऋचा चड्ढा, दिव्या दत्ता,विनय पाठक आदित कलाकार नजर आएंगे। बीते दिनों कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा गया था कि फिल्म के लिए पंकज त्रिपाठी से भी संपर्क किया गया है।



## शोस्टॉपर के निर्माताओं ने दिगांगना पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

मशहूर अभिनेत्री जीनत अमान की ओटीटी डेब्यू सीरीज शो स्टॉपर को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब खबर आ रही है कि शो के निर्माताओं ने अभिनेत्री दिगांगना सूर्यवंशी के खिलाफ टीम को धोखा देने के आरोप में शिकायत दर्ज की है। यह घटना ऐसे समय में हुई है. जब कुछ दिन पहले ही खबर आई थी कि शो को वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एमएच फिल्म्स ने अभिनेत्री के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। दिगांगना सूर्यवंशी पर आईपीसी की धारा 420 और धारा 406 के तहत धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात का आरोप लगाया गया है। शिकायत में कहा गया है कि अभिनेत्री ने कहा था कि उनके अक्षय कुमार, शाहरुख खान और सलमान खान जैसे सितारों के साथ निजी संबंध हैं और वह इन्हें प्रेजेंटर के रूप में लेके आएंगी। शिकायत में दावा किया गया है कि उन्होंने अक्षय को शामिल करने के नाम पर पैसे लिए। इसके साथ ही बताया जा रहा है कि राकेश बेदी और दिगांगना के फैशन डिजाइनर कृष्ण परमार को भी प्रोडक्शन ने मानहानि का नोटिस जारी किया है। उन पर शो मेकर का सहयोग करने की अनिच्छा के बारे में झूठे बयान देने का आरोप लगाया गया है, जिससे प्रोजेक्ट की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। मामले से जुड़े वकील के मताबिक, दिगंगना ने कथित तौर पर नकदी के रूप में बड़ी रकम वसूलने का प्रयास किया और मांगें पूरी न होने पर निर्देशक मनीष हरिशंकर को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।
उन्होंने बताया कि मामले की पूरी जानकारी अब पुलिस को दे दी गई है। साथ ही पुलिस से शिकायत के आधार पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। गौरतलब है कि इस महीने की शुरुआत में ऐसी खबरें आई थीं कि जीनत अमान का ओटीटी डेब्यू प्रोजेक्ट वित्तीय संकट के कारण रुक गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, निवेशकों को उनका भुगतान वापस नहीं मिला है।



# अपनी इमेज बदलने को बेताब हैं उर्वशी ढोलकिया

टीवी की महशूर अभिनेत्री उर्वशी ढोलकिया आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। कसौटी जिंदगी की में कोमोलिका बन उन्होंने दर्शकों के दिलों में अपने लिए एक खास जगह बनाई है। वे अपनी इस यात्रा से खुश और संतुष्ट दोनों हैं, लेकिन अब वे अपने करियर में कुछ नया करना चाहती हैं। वे कुछ नया करके दर्शकों को अपने अभिनय कौशल से चकित कर देना चाहती हैं। चलिए जानते हैं कि उर्वशी ढोलकिया ने अपने एक नए इंटरव्यू में क्या कुछ कहा है।
आज से लगभग 15 साल पहले उर्वशी ढोलकिया ने कोमोलिका के किरदार को निभाया था, लेकिन आज भी दर्शक उन्हें उसी किरदार के नाम से पहचानते हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेत्री ने कहा, मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि दर्शकों को अब भी मेरा वह किरदार याद है। ऐसा काफी कम बार ही देखने को मिलता है, लेकिन अब मैं कुछ अलग और नया करना चाहती हूं। कोमोलिका के आगे भी एक दुनिया है। उर्वशी ढोलकिया अपनी बात को बढ़ाते हुए कहती हैं, देखिए रेखा जी ने उमराव जान में बेहतरीन अभिनय किया था तो इसका ये मतलब हुआ कि उसके बाद वे केवल उमराव जान जैसी ही भूमिकाएं निभाएंगी। यह गलत है। मैं अब निगेटिव रोल नहीं करना चाहती हूं। मैं कुछ अलग और नया करना चाहती हूं। मुझे जब भी कोई वही घिसा-पीटा रोल ऑफर करते हुए कहानी सुनाता है तब मैं सोचती हूं इसमें क्रिएटिविटी कहां है। कहां हैं क्रिएटिव लेखक और निर्देशक जो कुछ नया करना चाहते हैं।

### पुष्पा इम्पॉसिबल से हैं खुश

उर्वशी ढोलकिया इन दिनों टीवी शो पुष्पा इम्पॉसिबल में नजर आ रही हैं। इस शो में वे एक वकील की भूमिका निभा रही हैं। उन्हें उम्मीद है कि दर्शक उन्हें कुछ अलग करते हुए देखकर खुश होंगे और उन्हें सराहेंगे। अभिनेत्री इस विषय में बात करते हुए कहती हैं, मैं खुश हूं और आभारी हूं कि निर्माताओं ने कम से कम मेरे बारे में एक अलग नजरिए से सोचा और मुझे एक सकारात्मक किरदार निभाने का मौका मिला। मैं जानती हूं रातों-रात चमत्कार नहीं हो सकता है, लेकिन लोग अब मुझे देवी सिंह के नाम बुलाने लगे हैं। छोटी ही सही, लेकिन ये मेरे लिए नई शुरुआत है।

## सलमान इस दिन शुरू करेंगे सिकंदर की शूटिंग

सलमान खान की आगामी फिल्म सिकंदर को लेकर फैंस में अलग स्तर का उत्साह है। फिल्म अगले साल दस्तक देगी। फिलहाल, इससे जुड़ी दिलचस्प जानकारी सामने आई है। इस फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है। निर्माताओं ने इसकी तारीख का एलान किया है। साथ ही यह सूचना भी दी है कि सबसे पहले फिल्म का धमाकेदान एक्शन सीक्वेंस फिल्माया जाएगा। निर्माताओं ने एक्स पर पोस्ट साझा कर शूटिंग के पहले दिन की तारीख का एलान किया है। सिकंदर की शूटिंग 18 जून से शुरू हो रही है। साथ ही यह भी बताया है कि सबसे पहले एक्शन सीक्वेंस शूट किया जाएगा। पोस्ट में जानकारी दी गई है कि एक बड़े एयर एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग की जाएगी। सलमान खान की यह आगामी फिल्म अगले साल ईद के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। सलमान खान की इस फिल्म का निर्देशन एआर मुरगडस कर रहे हैं। इसमें मुख्य अभिनेत्री के रूप में रश्मिका मंदाना नजर आने वाली हैं। पहले खबरें थी कि फिल्म की शूटिंग मई में शुरू होगी। लेकिन, ऐसा नहीं हो सका और अब मेकर्स ने एलान किया है कि इसी महीने फिल्म की शूटिंग शुरू हो रही है। बीते दिनों खबर आई थी कि सलमान खान ने फिल्म के निर्देशक एआर मुरगडस के साथ मिलकर फिल्म के लिए फाइट सीन के रिहर्सल की योजना बनाई है।

